खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :40°C
न्यूनतम: 22°C

मुजफ्फरनगर, गुरुवार 23 अप्रैल 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 95 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख शुक्ल पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2083 | 4 जिलकदा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



कोई माई का लाल बंगाल की अस्मिता से खिलवाड़ नहीं कर सकता : योगी पेज 2



आतिशी शतक लगाकर अभिषेक शर्मा ने किया ऑरेंज कैप पर कब्जा खेल टाइम्स



नारी शक्ति वंदन पर राष्ट्र के नाम पीएम का रुंदन भरा संबोधन सम्पादकीय



ईरानी सेना की ताकत अब भी मजबूत, पेंटागन रिपोर्ट में खुलासा पेज 12

# दिल्ली में IRS अफसर की बेटी की रेप के बाद हत्या

■ घर में शव मिला, माता-पिता जिम गए थे, नौकर पर शक

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कैलाश हिल्स इलाके में बुधवार सुबह एक सीनियर आईआरएस अफसर के घर में उनकी 22 साल की बेटी की रेप के बाद हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार, घटना सुबह करीब 6 बजे उस समय हुई जब युवती घर में अकेली थी।

आईआरएस अफसर और उनकी पत्नी रोज की तरह जिम गए हुए थे। वापस लौटे तो बेटी का शव कमरे में मिला। वह यूपीएससी की तैयारी कर रही थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि उसके साथ पहले रेप किया गया। फिर मोबाइल फोन के चार्जिंग केबल से गला घोंटकर हत्या की गई। पुलिस के मुताबिक, मामले में 19 साल का राहुल मीणा मुख्य संदिग्ध है। वह आईआरएस अफसर के घर में करीब आठ महीने तक नौकर था। उसे करीब एक महीने पहले रोजमर्रा के खर्चों में गड़बड़ी के आरोप में नौकरी से हटा दिया गया था। सूत्रों के अनुसार, मीणा को घर की बनावट और परिवार की दिनचर्या की पूरी जानकारी थी। उसे यह भी पता था कि युवती के माता-पिता कब वॉक या जिम के लिए घर से निकलते हैं।

# हिंदू एकजुट रहें, संप्रदायों में बंटे नहीं: सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री और धार्मिक भेदभाव से जुड़े मामले में सुनवाई हुई। जस्टिस वीबी नागरत्ना ने कहा कि हिंदू समाज को एकजुट होना चाहिए। दो संप्रदायों में बंटना नहीं चाहिए। वे हमारे मंदिर नहीं आ सकते, हम उनके मंदिर में नहीं जा सकते।

यह सोच सही नहीं है। अगर कोई संप्रदाय अपने मंदिर को दूसरों के लिए नहीं खोलता, तो वह कमजोर हो जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने यह बात ट्रावणकोर देवस्वम बोर्ड के वकील राकेश द्विवेदी की उस बात पर कही, जिसमें कहा गया था कि जहां एक संप्रदाय को दूसरे संप्रदाय के मंदिर में पूजा करने से रोका जा रहा है, जबकि वे वहां जाते भी नहीं। यदि वे जाना चाहें, तो क्या इसे सामाजिक सुधार के तहत सही ठहराया जा सकता है। अगर राज्य चाहे कि अन्य संप्रदायों के लोगों को भी अनुमति दी जाए, तो वह सुधार के रूप में कानून बना सकता है। सुप्रीम कोर्ट में 9 जजों की संवैधानिक बेंच सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री से जुड़े मामले पर सुनवाई कर रही है। इसके साथ धार्मिक आस्था के 66 मामले और जुड़े हैं। केरल हाईकोर्ट ने 1991 में सबरीमाला में मासिक धर्म वाली महिलाओं (10-50 साल) की एंट्री पर रोक लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में बैन हटा दिया। फैसले के खिलाफ कई पुनर्विचार याचिकाएं लगाई गईं, जिस पर अब सुनवाई हो रही है। मंदिर प्रशासन महिलाओं की एंट्री का विरोध कर रहा है। सबरीमाला मंदिर मामले पर 7 अप्रैल से सुनवाई शुरू हुई है। पहले 3 दिन, 9 अप्रैल तक सुनवाई हुई। इस दौरान केंद्र सरकार ने महिलाओं की एंट्री के विरोध में दलीलें रखीं। सरकार ने कहा था कि देश के कई देवी मंदिरों में पुरुषों की एंट्री भी बैन है, इसलिए धार्मिक परंपराओं का सम्मान किया जाना चाहिए।

■ जस्टिस वीबी नागरत्ना ने कहा: वे हमारे मंदिर नहीं आ सकते, हम उनके मंदिर में नहीं जा सकते, यह सोच सही नहीं



## जांच में ममता का दखल लोकतंत्र को खतरा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने इस साल की शुरुआत में कोलकाता में आई-पैक के परिसरों पर ईडी की छापेमारी के दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के कथित हस्तक्षेप पर कड़ी आपत्ति जताई है।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिनमें ईडी ने सुश्री बनर्जी और राज्य पुलिस अधिकारियों के खिलाफ सीबीआई के समक्ष प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। एजेंसी का आरोप है कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के राजनीतिक सलाहकार आई-पैक पर छापेमारी के दौरान मुख्यमंत्री और पुलिस ने बाधा डाली थी। इसके साथ ही, ईडी अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा उनके खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी को भी चुनौती दी है। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि यह राज्य और केंद्र के बीच का विवाद नहीं है।

■ कोई सीएम ऐसा करेगा, सोचा नहीं था, ईडी जांच के दौरान फाइल लेकर चली गई थीं बंगाल की सीएम

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली के स्कूलों में हर घंटे पानी पीने की घंटी, ताजमहल देखने पहुंचे पर्यटक बेहोश

**नई दिल्ली।** दिल्ली में पारा इस हफ्ते 45 डिग्री सेल्सियस पार जा सकता है। इसके चलते दिल्ली के स्कूलों को निर्देश दिया गया है कि वे हर 45-60 मिनट में घंटी बजाकर छात्रों को पानी पीने की याद दिलाएं, ताकि उन्हें डिहाइड्रेशन से बचाया जा सके। इधर, यूपी के 30 जिलों में लू का अलर्ट है। आगरा में ताजमहल देखने पहुंचे 6 पर्यटकों की तबीयत बिगड़ गई। प्रयागराज में पारा 44 डिग्री सेल्सियस के ऊपर है। राजस्थान के उदयपुर, जयपुर में पर्यटकों की संख्या घट गई है। मध्य प्रदेश के भोपाल समेत 9 जिलों में पहली बार 'वार्म नाइट' की चेतावनी दी है। यहां रात का तापमान 27 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहेगा और रात में भी लू चलेगी।

### यूपी बोर्ड का परीक्षा परिणाम आज होगा घोषित

**प्रयागराज।** एशिया का सबसे बड़ा बोर्ड उत्तर प्रदेश (यूपी) बोर्ड का हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम गुरुवार को शाम 4 बजे यूपी बोर्ड के प्रयागराज मुख्यालय से जारी किया जाएगा। यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च तक कराई गई थी। यूपी बोर्ड की 2026 की परीक्षा में हाईस्कूल में 27 लाख 61 हजार 696 और इंटरमीडिएट में 25 लाख 76 हजार 82 को मिलाकर 53 लाख 37 हजार 778 परीक्षार्थी परीक्षा दिए थे। यूपी बोर्ड ने नकल विहीन, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से परीक्षा के लिए व्यापक तौर पर इंतजाम किए थे। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 15 कार्य दिवसों में संपन्न कराई गई थी। जबकि यूपी बोर्ड की 2025 की परीक्षा में 54 लाख 38 हजार 597 परीक्षार्थी पंजीकृत थे।

### पीएफआई मामले के आरोपी की जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** एनआईए की एक विशेष अदालत ने यहां पीएफआई साजिश मामले के आरोपी इकबाल इब्राहिम खान की जमानत याचिका खारिज कर दी है। अदालत ने एनआईए की ओर से रिकॉर्ड पर रखे गए डिजिटल साक्ष्यों का हवाला देते हुए यह फैसला सुनाया। अदालत ने पाया कि यह मानने के उचित आधार हैं कि आरोपी के खिलाफ लगाए गए आरोप प्रथम दृष्ट्या सच हैं और आरोपों की प्रकृति गंभीर है।

# ट्रम्प ने युद्धविराम बढ़ाया ईरान ने धोखा बताया

## अमेरिका ने पाक आर्मी चीफ मुनीर व पीएम शहबाज की अपील पर लिया फैसला

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार देर रात को घोषणा की कि अमेरिका ने ईरान के साथ जारी युद्ध में युद्धविराम की अवधि बढ़ा दी है और प्रस्तावित सैन्य हमले को फिलहाल टाल दिया गया है। ईरान ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के युद्धविराम को एकतरफा बढ़ाने की घोषणा पर शक जाहिर करते हुए कहा है कि यह एक 'चाल' है और उसने कभी इसके लिए दरख्वास्त नहीं की थी।

व्हाइट हाउस द्वारा भारतीय समयानुसार देर रात के बाद जारी बयान में कहा गया कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने पाकिस्तान के नेतृत्व की अपील पर ईरान पर नियोजित सैन्य हमले को स्थगित करने और युद्धविराम को बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि ईरान के भीतर गंभीर रूप से विभाजित स्थिति को देखते हुए यह कदम उठाया गया है, जिससे ईरान की ओर से एकजुट बातचीत की स्थिति पर सवाल उठ रहे हैं। बयान के अनुसार, युद्धविराम बढ़ाने का अनुरोध पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने किया था। अमेरिका ने कहा है कि जब तक ईरानी नेतृत्व बातचीत के लिए एक एकीकृत प्रस्ताव पेश नहीं करता, तब तक कोई आक्रामक कार्रवाई नहीं की जाएगी। राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि मैंने अपनी सेना को निर्देश दिया है कि वे नाकेबंदी जारी रखें और पूरी तरह तैयार रहें। इसका मतलब है कि सक्रिय सैन्य कार्रवाई भले ही टाल दी गई हो, लेकिन ईरान पर दबाव बना रहेगा। बयान में यह भी स्पष्ट किया गया कि युद्धविराम तब तक प्रभावी रहेगा जब तक ईरान अपना प्रस्ताव पेश नहीं करता और वार्ता किसी नतीजे पर नहीं पहुंचती चाहे जो भी परिणाम हो। इससे यह संकेत मिलता है कि कूटनीति विफल होने पर सैन्य कार्रवाई फिर से शुरू हो सकती है। यह कदम क्षेत्रीय संकट के बीच कूटनीति के लिए एक अस्थायी अवसर के तौर पर देखा जा रहा है, जिसमें पाकिस्तान मध्यस्थ के रूप में एक अहम भूमिका निभाने के तौर पर उभर रहा है। अमेरिका के हालांकि नाकेबंदी जारी रहने से यह भी स्पष्ट है कि -शेष पृष्ठ दो पर



■ ईरान के भीतर गंभीर रूप से विभाजित स्थिति को देखते हुए यह कदम उठाया



■ ट्रम्प का एकतरफा युद्धविराम विस्तार एक 'चाल' : अब्बास अराघची

### होर्मुज स्ट्रेट से भारत आ रहे जहाज को ईरान ने रोका

**तेहरान।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने होर्मुज स्ट्रेट में भारत आ रहे एक जहाज को रोककर कब्जे में ले लिया है। ईरान ने आरोप लगाया है कि जहाज बिना इजाजत होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने की कोशिश कर रहा था। लाइबेरिया के फ्लैग वाला एपामिनोडेस नाम का यह कंटेनर शिप गुजरात के मुंद्रा पोर्ट की ओर जा रहा था। ईरानी नौसेना के मुताबिक जहाज के नेविगेशन सिस्टम में छेड़छाड़ की गई थी, जिससे समुद्री सुरक्षा को खतरा पैदा हुआ। कार्रवाई के दौरान आईआरजीसी ने जहाज को इंटरसेप्ट कर अपने कब्जे में लिया और उसे तट की ओर ले गई। इसके अलावा इजराइल से जुड़े फ्रांसेस्का नाम के दूसरे जहाज को भी जब्त किया गया है। इसके अलावा यूफोरिया नाम के जहाज पर हमला भी किया गया है। इससे पहले खबरें आई थीं कि एक जहाज पर ईरान के पास फायरिंग हुई, जबकि दूसरा ओमान के तट के पास हमले में क्षतिग्रस्त हुआ था।

# श्रद्धालुओं के लिए खुले केदारनाथ धाम के कपाट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रुद्रप्रयाग।** श्रद्धा, आस्था और दिव्यता की अद्भुत त्रिवेणी, ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग श्री केदारनाथ धाम के कपाट बुधवार को विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए हैं। प्रातः 8 बजे शुभ मुहूर्त में कपाट खुलते ही पूरा धाम हर-हर महादेव और जय श्री केदार के उद्घोष से गूंज उठा। धाम में पहली पूजा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से की गई।

इस पावन अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी उपस्थित रहे और उन्होंने बाबा केदारनाथ के दर्शन कर प्रदेश एवं देश की सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। सिख रेजीमेंट के बैंड की भक्तिमय धुनों के बीच कपाट उद्घाटन का यह दिव्य क्षण और भी अलौकिक बन गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समस्त देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि केदारनाथ धाम न केवल सनातन धर्मावलंबियों की आस्था का प्रमुख केंद्र है, बल्कि यह भारत की समृद्ध आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा हर वर्ष नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है और इस वर्ष भी बाबा केदार के आशीर्वाद से यात्रा ऐतिहासिक होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चारधाम यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सुगम बनाने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने सभी उत्तराखंडवासियों से देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के प्रति सेवा और आतिथ्य भाव बनाए रखने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बाबा केदारनाथ का अनन्य भक्त बताते हुए कहा कि वर्ष 2013 की आपदा के बाद उनके मार्गदर्शन में केदारनाथ धाम का भव्य एवं दिव्य पुनर्निर्माण हुआ है, जो आज विश्वभर के श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रहा है। भगवान केदारनाथ की पंचमुखी उत्सव डोली शीतकालीन गद्दीस्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर, उखीमठ से गुप्तकाशी, फाटा और गौरीकुंड होते हुए कल शाम ही धाम पहुंच -शेष पृष्ठ दो पर



■ सीएम पुष्कर धामी बने साक्षी, पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि व कल्याण की कामना की, पीएम मोदी के नाम से प्रथम पूजा की अर्पित
■ मंदिर को 51 कुंतल से अधिक फूलों से भव्य रूप से सजाया गया

# वैश्विक संकट के बावजूद भारत की स्थिति मजबूत

## संयुक्त राष्ट्र ने जताया भरोसा, इस साल 6.4 फीसदी की रफ्तार से बढ़ेगी आर्थिक वृद्धि दर

नई दिल्ली, वार्ता

**पश्चिम एशिया** संकट से उपजी वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था इस साल 6.4 फीसदी की रफ्तार से बढ़ेगी। अगले साल यानी 2027 में वृद्धि की यह रफ्तार और बढ़कर 6.6 फीसदी पहुंच सकती है।

संयुक्त राष्ट्र ने भारत की मजबूत आर्थिक बुनियाद पर भरोसा जताते हुए कहा कि आर्थिक वृद्धि के ये आंकड़े एशिया-प्रशांत क्षेत्र में विकास के एक प्रमुख चालक के रूप में देश की निरंतर मजबूत स्थिति को दर्शाते हैं। संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक आयोग एशिया-प्रशांत (ईएससीएपी) ने सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि दक्षिण और दक्षिण-पश्चिम एशिया की अर्थव्यवस्थाएं 2025 में 5.4 फीसदी की दर से बढ़ीं। इसमें भारत की मजबूत वृद्धि का प्रमुख योगदान रहा। 2024 में इन अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि दर 5.2 फीसदी रही थी। इकनॉमिक एंड सोशल सर्वे ऑफ एशिया एंड द पैसिफिक-2026 शीर्षक वाली रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 में भारतीय जीडीपी 7.4 फीसदी की मजबूत रफ्तार से बढ़ी। इसे मजबूत खपत (विशेष रूप से ग्रामीण अर्थव्यवस्था से मांग), जीएसटी दरों में कटौती और अमेरिकी टैरिफ लागू होने से पहले निर्यात में तेजी से समर्थन मिला। हालांकि, भारत में 2025 की दूसरी छमाही में आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ीं, क्योंकि अगस्त, 2025 में 50 फीसदी टैरिफ लगाए जाने के बाद अमेरिका को निर्यात में 25 फीसदी गिरावट आई। सेवा क्षेत्र वृद्धि का प्रमुख चालक बना रहा। महंगाई के मोर्चे पर संयुक्त राष्ट्र ने कहा, भारत में मुद्रास्फीति इस साल 4.4 फीसदी और 2027 में 4.3 फीसदी रहेगी। व्यापार तनाव और अनिश्चितताओं के बीच विकासशील एशियाई एवं प्रशांत अर्थव्यवस्थाओं में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) घटा है। 2024 में 0.6 फीसदी वृद्धि के बाद 2025 में क्षेत्र में एफडीआई दो फीसदी घट गया, जबकि वैश्विक स्तर पर 14 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। एशिया-प्रशांत क्षेत्र में पहले तीन तिमाहियों में जिन देशों ने नए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश सबसे अधिक आकर्षित किए...वे भारत, ऑस्ट्रेलिया, कोरिया गणराज्य और कजाखस्तान हैं। इन देशों में क्रमशः 50 अरब डॉलर, 30 अरब डॉलर, 25 अरब डॉलर और 21 अरब डॉलर की निवेश घोषणाएं हुईं। एशिया-प्रशांत क्षेत्र के श्रमिकों की ओर से भेजा जाने वाला व्यक्तिगत धन प्रेषण (रेमिटेंस) लगातार बढ़ रहा है।



■ मिडिल ईस्ट संघर्ष के बीच भारत ने सभी को चौंकाया

# मोदी को आतंकी कहने पर चुनाव आयोग का खड़गे को नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष की टिप्पणी पर कड़ा संज्ञान लिया

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आतंकी कहे जाने वाले बयान पर कड़ा संज्ञान लिया है। आयोग ने इस टिप्पणी को गंभीरता से लेते हुए हुए कांग्रेस अध्यक्ष को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

इससे पहले अमित शाह, नितिन नवीन समेत शीर्ष भाजपा नेताओं ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पर जोरदार निशाना साधा और उनके बयान की आलोचना की है। मामले में चुनाव आयोग के अधिकारी ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा पीएम मोदी को आतंकी कहे जाने का गंभीर रूप से संज्ञान लिया है और कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इससे पहले मंगलवार को भाजपा ने चुनाव आयोग से इस मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की थी। भाजपा ने आयोग को सौंपे ज्ञापन में खड़गे के बयान को गंभीर रूप से अपमानजनक बताते हुए इसे आदर्श आचार संहिता का प्रथम दृष्ट्या उल्लंघन बताया था। पार्टी ने आयोग से खड़गे से सार्वजनिक माफी मंगवाने और उनके खिलाफ उचित दंडात्मक व नियामक कार्रवाई शुरू करने की मांग की थी।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी: 69000 शिक्षक भर्ती मामले में फिर प्रदर्शन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश 69 हजार शिक्षक भर्ती मामले में बुधवार को लखनऊ में अभ्यर्थियों ने फिर से प्रदर्शन किया है। इस बीच सैकड़ों की संख्या में अभ्यर्थी विधानसभा का घेराव करने के लिए पहुंचे। प्रदर्शन के दौरान अभ्यर्थी गले में झाड़ू और मटकी लटका कर पहुंचे हैं। प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों का आरोप है कि सरकार दलित और पिछड़ों को आगे नहीं बढ़ाना चाहती। सुप्रीम कोर्ट में लंबित केस में उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार की तरफ से वकील नहीं खड़ा हो रहा है, जिसकी वजह से मामले की पैरवी नहीं हो रही है। यूपी पुलिस द्वारा विधानसभा का घेराव करने पहुंचे अभ्यर्थियों को हिरासत में लिया गया है। जिसके बाद उन्हें इको गार्डन भेजा गया है।

### आरक्षण की मांग पर मोदी को भेजेंगे 10 लाख पोस्ट कार्ड

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने महिला आरक्षण को लेकर मोदी सरकार पर धोखा देने का आरोप लगाते हुए कहा है कि यदि उसमें इस मामले में जरा भी ईमानदारी है, तो उसे तत्काल संसद की मौजूदा सीटों से ही 33 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को देना चाहिए। महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर अत्यंत संवेदनशील है और अगले दो महीने में 10 लाख पोस्टकार्ड पीएम को भेजेंगी। कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रमुख राजेंद्र पाल गौतम तथा अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग के अध्यक्ष डा. अनिल जयहिंद ने कहा कि भाजपा की मानसिकता कभी महिलाओं को आरक्षण देने की नहीं रही है। यदि महिलाओं को आरक्षण देना चाहती है तो उसे 543 लोस सीटों के आधार पर महिला आरक्षण की व्यवस्था लागू करनी चाहिए।

# भीषण गर्मी की चपेट में यूपी, राहत के आसार नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ समेत कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, झांसी, आगरा, अलीगढ़ और मेरठ मंडलों में अधिकतम तापमान 40 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है और विभिन्न जिलों में तापमान सामान्य से ऊपर बना हुआ है। मौसम विभाग द्वारा बुधवार को जारी प्रभाव आधारित पूर्वानुमान के अनुसार प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम शुष्क रहने तथा तेज सतही हवाएं चलने की संभावना है, जबकि कई जिलों में लू की स्थिति बनी रहेगी।

राजधानी लखनऊ समेत कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, झांसी, आगरा, अलीगढ़ और मेरठ मंडलों के जिलों में अधिकतम तापमान 40 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया जा रहा है। बुंदेलखंड और पूर्वांचल के जिलों बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, फतेहपुर, प्रतापगढ़, जौनपुर, आजमगढ़, मऊ और बलिया में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंचने से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार 22 से 25 अप्रैल के बीच पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर मौसम शुष्क रहेगा, जबकि दिन के समय तेज गर्म हवाएं (30-40 किमी/घंटा) चल सकती हैं। पूर्वानुमान में कहा गया है कि हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, गाजीपुर, गोरखपुर मंडल के कुछ हिस्सों सहित मध्य और पूर्वी यूपी के बड़े हिस्से लू की चपेट में रहेंगे। वहीं पश्चिमी उत्तर प्रदेश के आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, अलीगढ़ और मथुरा में भी तापमान में तेजी से वृद्धि दर्ज की जा रही है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार 26 अप्रैल के आसपास कुछ स्थानों पर आंशिक बदलाव के संकेत हैं, जहां कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ हल्की बारिश या बौछारें पड़ सकती हैं, लेकिन उससे पहले गर्मी से राहत की संभावना कम है। उष्ण लहर के प्रभाव को देखते हुए स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने दोपहर के समय धूप में बाहर निकलने से बचने, पर्याप्त पानी और तरल पदार्थ लेने तथा बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। कुल मिलाकर, प्रदेश के अधिकांश जिलों में अगले चार से पांच दिनों तक तापमान ऊंचा बना रहने और लू के प्रकोप के चलते जनजीवन पर असर जारी रहने की संभावना है।

# संगठन को मजबूत कर बढ़ाएं जनाधार

## बसपा प्रमुख मायावती ने दिए पदाधिकारियों को निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश के पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संगठन को मजबूत करने, जनाधार बढ़ाने और आगामी चुनावों की तैयारियों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि वह वर्तमान में पार्टी कार्यों के सिलसिले में दिल्ली में हैं और कार्य पूर्ण होते ही शीघ्र ही लौटेंगी। मायावती ने 31 मार्च 2026 को लखनऊ में आयोजित प्रदेश स्तरीय बैठक का उल्लेख करते हुए कहा कि उसमें संगठन विस्तार, कैडर मजबूती, आर्थिक संसाधनों को सुदृढ़ करने और विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों को लेकर जो दिशा-निर्देश दिए गए थे, उन पर पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अमल सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रदेशभर में आयोजित बैठकों के दौरान बसपा सरकार में कराए गए विकास कार्यों और जनहित योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाई जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बने कई एक्सप्रेस-वे और नोएडा में विकसित हो रहा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा जैसी परियोजनाओं की परिकल्पना बसपा शासनकाल में ही की गई थी।

बसपा प्रमुख ने कानून द्वारा कानून का राज तथा सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की नीति को प्रदेश के समुचित विकास और बेहतर कानून-व्यवस्था के लिए आवश्यक बताया और कार्यकर्ताओं से इसे जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने 22 फरवरी 2026 को लखनऊ में आयोजित ऑल इंडिया बैठक का भी उल्लेख करते हुए कहा कि उसमें पार्टी और मूवमेंट के हित में दिए गए दिशा-निर्देशों को भी समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए। मायावती ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर पार्टी का रुख दोहराते हुए कहा कि 15 अप्रैल 2026 को मीडिया में जो आधिकारिक स्टैंड रखा गया था, उसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि इस विषय पर भ्रम की स्थिति न बनने दें और सही जानकारी लोगों तक पहुंचाएं। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि महिला आरक्षण के समर्थन में पार्टी अनुशासन के तहत किसी भी प्रकार के धरना-प्रदर्शन या विरोध कार्यक्रम आयोजित न किए जाएं।

# पाक को मिल रही वैश्विक स्वीकार्यता चिंताजनक

नई दिल्ली, वार्ता

**■ कांग्रेस ने पहलगाम में मारे गए निर्दोष नागरिकों को किया याद**

कांग्रेस ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में जान गवांने वाले निर्दोष नागरिकों को याद करते हुए नमन किया है और कहा है कि इस हमले के गुनाहगार आतंकवादियों को पनाह देने वाले पाकिस्तान को आज वैश्विक स्वीकार्यता मिलना चिंताजनक है और यह स्पष्ट रूप से हमारी सरकार की कूटनीतिक विफलता है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, ष्आज 22 अप्रैल का दिन हर भारतीय के लिए गहरे दुख और पीड़ा का दिन रहेगा। ठीक एक वर्ष पहले, पहलगाम में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवादी हमला हुआ था। हमारी संवेदनाएं उन शोकाकुल परिवारों के साथ हैं। हम उस युवा घोड़ा-चालक की बहादुरी को भी याद करते हैं, जिसने एक पर्यटक को बचाने की कोशिश करते हुए अपनी जान गंवा दी। जन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल ने स्वीकार किया था कि यह एक खुफिया विफलता थी, लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं है कि इस स्वीकारोक्ति पर क्या कार्रवाई की गई, हालांकि कुछ महीनों बाद हमलावरों को न्याय के कटघरे में लाया गया। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि नवम्बर 2008 में मुंबई में हुए आतंकवादी हमलों के बाद पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग पड़ गया था। उसकी अर्थव्यवस्था आज भी कमजोर स्थिति में है और बाहरी मदद पर निर्भर है।

## सीएम योगी की पश्चिम बंगाल में हुई जनसभा में दहाड़

# बंगाल की अस्मिता से कोई नहीं करेगा खिलवाड़

लखनऊ/कोलकाता, वार्ता



**■ वोट का सही प्रयोग करें बंगाल के निवासी, बंगाल की पहचान काबा से नहीं, मां कालीबाड़ी से है**
**राज्य की आर्थिक स्थिति पर भी मुख्यमंत्री ने उठाए सवाल**

पश्चिम बंगाल में चुनावी माहौल के बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कोलकाता के जोरासांको में अपनी पहली जनसभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला।

उन्होंने दावा किया कि 4 मई को चुनाव परिणाम आने पर राज्य में भाजपा का भगवा ध्वज लहराएगा। सभा में बड़ी संख्या में समर्थक योगी जी बुलडोजर लाओ, हम तुम्हारे साथ हैं, लिखे पोस्टर लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 23 अप्रैल को होने वाले पहले चरण के मतदान में भाजपा करीब 80 प्रतिशत सीटें जीतने जा रही है और राज्य में परिवर्तन की लहर साफ दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि कोई माई का लाल बंगाल की अस्मिता से खिलवाड़ नहीं कर सकता और जनता को अपने वोट का सही इस्तेमाल करने की अपील की। योगी ने आरोप लगाया कि टीएमसी के लोग बंगाली अस्मिता से खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बंगाल की पहचान काबा से नहीं, मां कालीबाड़ी से है। साथ ही इशारों में ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी पर निशाना साधते हुए उन्हें 'बुआ-भतीजा' बताते हुए कहा कि वे राज्य के अस्तित्व को कमजोर कर रहे हैं। जोरासांको स्थित रवींद्र नाथ टैगोर की ठाकुरबाड़ी का उल्लेख करते हुए कहा कि यह क्षेत्र बंगाल की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। उन्होंने आरोप लगाया कि यहां जहां गुरुदेव और भारत माता की तस्वीरें होनी चाहिए थीं, वहां टीएमसी कार्यकर्ताओं ने जबरन ममता बनर्जी की तस्वीर लगा दी, जो बंगाल की अस्मिता का अपमान है। श्री योगी ने राज्य की आर्थिक स्थिति पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कभी रोजगार के लिए देशभर के लोग बंगाल आते थे, लेकिन अब हालात बदल गए हैं।

### राहुल के साथ रहकर खड़गे की भाषा बिगड़ी



**दम दम उत्तर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को दम दम उत्तर विधानसभा में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस और टीएमसी पर बड़ा हमला बोला है। अमित शाह ने कहा कि खड़गे पहले इस तरह के बयान नहीं देते थे, लेकिन राहुल बाबा के साथ रहकर उनकी भाषा भी बिगड़ने लगी है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि राहुल के साथ रहने का ही असर है जो कांग्रेस अध्यक्ष पीएम नरेंद्र मोदी जी को आतंकवादी कह रहे हैं। कांग्रेस और राहुल बाबा, मोदी जी को जितना गाली देकर कीचड़ उछालने की कोशिश करेंगे, उतना ही कमल शान से खिलेगा। शाह ने दावा किया कि इस बार चुनाव के बाद ममता दीदी की विदाई हो जाएगी। यह चुनाव बंगाल में बहुत बड़ा बदलाव लेकर आने वाला है।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 78516.49
निफ्टी 24378.10



सोना 152250
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 249677
प्रति किलो



# बिकवाली से टूटे प्रमुख सूचकांक

## सेंसेक्स और निफ्टी दोनों गिरे, हिन्दुस्तान यूनीलिवर में तेजी रही

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को आईटी कंपनियों में बड़ी बिकवाली देखी गई जिससे प्रमुख सूचकांक करीब एक फीसदी टूट गए और एचसीएल टेक्नोलॉजीज में तकरीबन 11 प्रतिशत की गिरावट रही।

कमजोर वित्तीय परिणाम के कारण एचसीएल टेक्नोलॉजीज को करीब 11 प्रतिशत का नुकसान उठाना पड़ा। कंपनी को गत 31 मार्च को समाप्त तिमाही में 900 करोड़ रुपए का घाटा हुआ है। इसकी मुख्य वजह विदेश में एक पुराने कर मामले में 5,733 करोड़ रुपए का भुगतान रहा। इसी मामले में वह 703 करोड़ रुपए का भुगतान पहली तीन तिमाहियों में कर चुकी है। एचसीएल टेक्नोलॉजीज के साथ दूसरी आईटी कंपनियों और बैंकों में बिकवाली से बीएसई का संसेक्स 756.84 अंक (0.95 प्रतिशत) गिरकर 78,516.49 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 198.50 अंक यानी 0.81 प्रतिशत टूटकर 24,378.10 अंक पर आ गया। दिग्गज कंपनियों के विपरीत वृहत बाजार में लिवाली का जोर रहा। महिंद्रा एंड महिंद्रा में तीन प्रतिशत की गिरावट रही।

आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, एलएंडटी, भारती एयरटेल, आईटीसी, इंडिगो और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर एक से दो प्रतिशत तक गिर गए। बजाज फिनसर्व, भारतीय स्टेट बैंक, बीईएल, मारुति सुजुकी, टाइटन, बजाज फाइनेंस और अडानी पोर्ट्स के शेयर भी लाल निशान में रहे। हिंदुस्तान यूनीलिवर में पौने तीन फीसदी की तेजी रही। एनटीपीसी का शेयर भी सवा दो प्रतिशत से अधिक चढ़ा। इटरनल और अल्ट्राटेक सीमेंट में एक से डेढ़ प्रतिशत की बढ़त दर्ज हुई। ट्रेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स और टाटा स्टील के शेयर भी ऊपर बंद हुए।

### सोना 105 गिरकर 1.52 लाख पर, चांदी 836 सस्ती

**नई दिल्ली।** सोना-चांदी के दाम में बुधवार को गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 105 रुपए गिरकर 1,52,250 रुपए पर आ गया है। इससे पहले 21 अप्रैल को इसकी कीमत 1,52,355 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं एक किलो चांदी 836 रुपए गिरकर 2,49,677 रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले मंगलवार को इसकी कीमत 2,50,513 रुपए प्रति किलो थी।

इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 19 हजार रुपए और चांदी 20 हजार रुपए महंगी हुई है। 31 दिसंबर 2025 को 10 सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.52 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं चांदी 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब 2.50 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑलटाइम हाई भी बनाया था। सरकार ने सोने-चांदी और प्लेटिनम के गहनों को 'फ्री' कैटेगरी से हटाकर 'रिस्ट्रिक्टेड' कैटेगरी में डाल दिया है। इसका सीधा असर बाजार की सप्लाई पर दिख रहा है।

# चावल, चीनी व खाद्य तेलों में रही तेजी, गेहूं नरम, दालों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुद्धवार को चावल का औसत भाव बढ़ गया। चावल के साथ चीन और खाद्य तेलों में भी तेजी देखी गई। गेहूं में नरमी का रुख रहा जबकि दालों के दामों में घट.बढ़ रही। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 10 रुपये बढ़कर 3,843 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं नौ रुपये सस्ता हुआ और 2,774 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर ही रही। दाल.दलहनों में उतार-चढ़ाव देखा गया। तुअर दाल तीन रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मूंग दाल की कीमत 22 रुपये और उड़द दाल की 17 रुपये बढ़ गई। चना दाल 13 रुपये और मसूर दाल छह रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। स्थानीय बाजारों में सोया तेल की औसत कीमत 70 रुपये और वनस्पति की 58 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंगफली तेल में 55 रुपये और पाम ऑयल में 52 रुपये की तेजी रही। सूरजमुखी तेल का भाव 29 रुपये और सरसों तेल का 19 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ा। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 23 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया।

चीनी भी पांच रुपये महंगी हुई। दाल-दलहन: दाल चना 7687.13 रुपये, मसूर काली 8086.17 रुपये, मूंग दाल 10182.40 रुपये, उड़द दाल 10810.95 रुपये, तुअर दाल 11247.35 रुपये प्रति क्विंटल रही। गेहूं दड़ा 2773.83 रुपये और चावल 3842.85 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3263.25 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी.गुड़ : चीनी एस 4307.40 रुपये और गुड़ 5015.15 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17884.42 रुपये, मूंगफली तेल 18852.14 रुपये, सूरजमुखी तेल 17485.66 रुपये, सोया तेल 14902.14 रुपये, पाम ऑयल 13451.76 रुपये और वनस्पति 14920.50 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ट्रम्प ने...**

तनाव अभी कम नहीं हुआ है और बातचीत विफल होने पर स्थिति फिर से बिगड़ सकती है। इससे पहले ईरान ने संयुक्त राष्ट्र से अपील करते हुए अमेरिका द्वारा ईरानी जहाज टौस्का को जब्त करने की निंदा की थी और इसे समुद्री डकैती करार दिया था। अमेरिका-ईरान दोनों देशों के बीच युद्धविराम रुकने तक लगभग 4,000 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें अधिकतर मौतें मिसा. इल हमलों और ड्रोन हमलों के कारण हुई हैं। उधर ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि ईरान ने 'धमकियों के साए' में युद्धविराम विस्तार या नई बातचीत की कोई गुजारिश नहीं की है। श्री अराघची ने ईरानी बंदरगाहों की जारी अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी की निंदा करते हुए इसे 'युद्ध की कार्रवाई' और मौजूदा युद्धविराम सिद्धांतों का उल्लंघन करार दिया।

उन्होंने कहा कि ईरान जानता है कि दबंगई का मुकाबला कैसे करना है। ईरानी संसद के अध्यक्ष गालिबाफ के वरिष्ठ सलाहकार महदी मोहम्मदी ने युद्धविराम विस्तार को खारिज करते हुए कहा कि ईरान के नजरिए से इसका 'कोई मतलब नहीं' है और इसकी 'कोई वास्तविक अहमियत' नहीं है। उन्होंने इस कदम को 'अचानक हमले' के लिए वक्त हासिल करने की रणनीति बताया और दलील दी कि जो पक्ष इस तरह के दबाव का सामना कर रहा हो, वह शर्तें तय नहीं कर सकता। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत आमिर सईद इरावानी ने इस बात पर जोर दिया कि इस्लामाबाद में किसी भी औपचारिक शांति वार्ता में शामिल होने के लिए नौसैनिक नाकेबंदी को खत्म करना ईरान की अनिवार्य शर्त है। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) से जुड़ी ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी मेहर (एमएनए) ने कहा कि ईरान ने युद्धविराम बढ़ाने की मांग नहीं की है। एजेंसी ने ताकत के दम पर अमेरिकी नाकेबंदी को तोड़ने की धमकियों को फिर दोहराया। युद्धविराम विस्तार की यह घोषणा युद्ध में हुए कई बड़े घटनाक्रमों के बाद हुई है। हमलों पर रोक के बावजूद ट्रम्प ने अमेरिकी सेना को नौसैनिक नाकेबंदी जारी रखने का निर्देश दिया है, जो ईरान के लिए विवाद का मुख्य मुद्दा बना हुआ है।

**श्रद्धालुओं के...**

चुकी थी। इसी क्रम में कपाट खुलने की प्रक्रिया आज प्रात: 5 बजे से प्रारंभ हुई। इसके बाद प्रात: 8 बजे रावल भीमाशंकर लिंग, पुजारी टी गंगाधर, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, विधायक केदारनाथ आशा नौटियाल, तीर्थ पुरोहित उमेश चंद्र पोस्ती सहित धर्माचार्यों एवं वेदपाठियों ने मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश कर विधिवत पूजा-अर्चना की। देव आह्वन एवं लोककल्याण के संकल्प के साथ ठीक 8 बजे कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। कपाट उद्घाटन के अवसर पर श्री केदारनाथ मंदिर को 51 कुंतल से अधिक फूलों से भव्य रूप से सजाया गया। कपाट खुलते ही हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई, जिससे श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कपाट खुलने के अवसर पर श्रीमती गीता धामी, बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी, विधायक केदारनाथ आशा नौटियाल, जिला पंचायत अध्यक्ष रुद्रप्रयाग पूनम कठैत, ब्लॉक प्रमुख ऊखीमठ पंकज शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य अमित मैखंडी, पूर्व जिलाध्यक्ष महावीर पंवार, तीर्थ पुरोहित उमेश चंद्र पोस्ती, जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग/मुख्य कार्याधिकारी बीकेटीसी विशाल मिश्रा, पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर, सहित बड़ी संख्या में तीर्थ पुरोहितगण, हकहकूकधारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# पहलगाम में मृत लोगों को भुलाया नहीं जा सकता

नई दिल्ली, वार्ता



**■ मोदी, शाह व उमर ने हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को किया याद**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने पहलगाम आतंकवादी हमले की पहली बरसी पर उसमें प्राण गंवाने वाले लोगों को याद किया है और आतंकवाद के खिलाफ सरकार के दृढ़ संकल्प को दोहराया है। श्री मोदी ने अपने संवेदना संदेश में मंगलवार को कहा,ष्पिछले साल इसी दिन पहलगाम में हुए भयावह आतंकवादी हमले में जान गंवाने वाले निर्दोष लोगों को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। मोदी ने कहा कि एक राष्ट्र के रूप में, हम शोक की घड़ी में एकजुट हैं और दृढ़ संकल्प हैं। भारत आतंकवाद के किसी भी रूप के आगे कभी नहीं झुकेगा। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने पहलगाम आतंकवादी हमले की पहली बरसी पर इस हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि अपने लोगों को खोने का दुख और पीड़ा आज भी हर भारतीय के दिल में है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आज के दिन हम पिछले वर्ष पहलगाम के भयावह आतंकवादी हमले में खो चुके मासूम लोगों को श्रद्धापूर्वक याद करते हैं। अपने लोगों को खोने का दुख और पीड़ा आज भी हर भारतीय के दिल में है। गृहमंत्री ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ हमें एकजुट होकर लड़ना और उसे परास्त करना होगा। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पुलवामा आतंकवादी हमले बरसी पर कहा कि हम आतंकवाद और हिंसा के खिलाफ एकजुट हैं। जम्मू-कश्मीर को पीड़ा और निर्दोषों की मौत से मुक्त कराने की हमारी इच्छा दृढ़ है। हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रयास करने को प्रतिबद्ध हैं कि ऐसा दोबारा कभी न हो। हम उन परिवारों के साथ भी अपनी एकजुटता व्यक्त करते हैं जिन्होंने एक साल पहले कायरतापूर्ण हमले में अपने प्रियजनों को खो दिया।

### खड़गे-राहुल ने पहलगाम हमले में मारे गए नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पिछले वर्ष आज ही के दिन जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि देश ऐसी घटनाओं के खिलाफ ज्यादा ताकत के साथ खड़ा रहेगा। खड़गे ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि 2025 में आज ही के दिन पहलगाम आतंकी हमले में अपनी जान गंवाने वाले 26 नागरिकों को मेरी विनम्र श्रद्धांजलि। राहुल गांधी ने कहा कि पहलगाम में पिछले वर्ष हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले में शहीद हुए सभी वीरों को मैं भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। देश उनका बलिदान और उनके परिवारों की पीड़ा को न कभी भूलेगा, और न ही इस कायराना कृत्य के दोषियों को कभी माफ करेगा। बेरहमी से छीने गए मासूम जिदगियों की याद आज भी हमारे दिलों को झकझोरती है। शहीदों के परिवारों का दुख हम सब का दुख्ख है। देश के उन बेटों की शहादत भारत की आत्मा में सदा अमिट रहेगी।

# गंगधाड़ी कांडः युवक की मौत के बाद गांव में मातम

## दिनेश बावरा ने की मुलाकात, मांगें न मानीं तो आंदोलन की चेतावनी

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** गंगधाड़ी गांव में आत्मदाह की घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो जाने से पूरे क्षेत्र में शोक और तनाव का माहौल बन गया है। बुधवार को जैसे ही युवक का शव गांव पहुंचा, परिजनों में चीख-पुकार मच गई और माहौल बेहद गमगीन हो गया। हालात को देखते हुए प्रशासन ने गांव में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया और अधिका. रियों की निगरानी में कड़ी सुरक्षा के बीच अंतिम संस्कार कराया गया।


मृतक का फाइल फोटो।

जानकारी के अनुसार, गांव निवासी हिमांशु ने बीते शनिवार को कथित जातिसूचक टिप्पणी और मारपीट से आहत होकर खुद को आग के हवाले कर दिया था। गंभीर रूप से झुलसे युवक को पहले बेगराजपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां से हालत बिगड़ने पर उसे दिल्ली रेफर किया गया। कई दिनों तक जिंदगी के लिए संघर्ष करने के बाद बुधवार को उसने दम तोड़ दिया। घटना के पीछे बताया जा रहा है कि एक युवक द्वारा हिमांशु को फूलों की गाड़ी में सामान लोड करने के लिए कहा गया था। इनकार करने पर दोनों के बीच विवाद हुआ, जो मारपीट और कथित जातिसूचक टिप्पणी तक पहुंच गया। इससे आहत होकर हिमांशु ने यह कदम उठा लिया। पुलिस ने इस मामले में मृतक के भाई की शिकायत पर मुख्य आरा. ेपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। युवक की मौत के बाद परिजनों का आक्रोश और बढ़ गया है। उन्होंने अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी, आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को सरक. ारी नौकरी देने की मांग उठाई है। इसी बीच आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष दिनेश बावरा भी अपनी टीम के साथ गांव पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि जल्द न्याय नहीं मिला तो पार्टी बड़े स्तर पर आंदोलन छेड़ेगी। उन्होंने यह भी कहा कि जरूरत पड़ने पर पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व को भी मौके पर बुलाया जाएगा। मौके पर एसडीएम डॉ. ललित कुमार मिश्रा, एएसपी रामाशीष यादव और कोतवाली प्रभारी दिनेश चंद्र बघेल सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। प्रशासन ने परिजनों को निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। पूरे घटनाक्रम के दौरान गांव में सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे और पुलिस लगातार स्थिति पर नजर बनाए रही। युवक की मौत के बाद गांव में शोक के साथ-साथ आक्रोश भी साफ तौर पर देखा जा रहा है।

# गृह क्लेह में युवक की गई जान

**पत्नी के मायके जाने के बाद बढ़ा तनाव, पुलिस ने शुरू की जांच**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** खतौली कोतवाली क्षेत्र के इस्लामाबाद भूड़ मोहल्ले में घरेलू विवाद के चलते एक युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। घटना से परिवार में मातम पसरा हुआ है, वहीं पूरे मोहल्ले में शोक की लहर है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहल्ला इस्लामाबाद भूड़ निवासी 28 वर्षीय नजीम पुत्र इरशाद का अपनी पत्नी के साथ काफी समय से मनमुटाव चल रहा था। बताया जा रहा है कि मंगलवार शाम दोनों के बीच एक बार फिर विवाद हुआ, जिसके बाद पत्नी अपने मायके चली गई। इस घटनाक्रम के बाद युवक गहरे तनाव में आ गया। परिजनों के मुताबिक, देर शाम नजीम अपने कमरे में चला गया और काफी देर तक बाहर नहीं निकला। जब परिजनों को संदेह हुआ तो उन्होंने कमरे में जाकर देखा, जहां युवक का शव फंदे से लटका मिला। यह देख परिवार के लोगों में हड़कंप मच गया और चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर आवश्यक कार्रवाई की।

पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शुरुआती जांच में मामला आत्महत्या का लग रहा है, हालांकि सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। युवक की असमय मौत से परिवार में गहरा दुख है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, क्षेत्र में भी इस घटना को लेकर शोक और चर्चा का माहौल बना हुआ है। मामला कुछ भी हो लेकिन युवक की जान चली गई है एक मां से बेटा छिन्न गया और बहन से भाई।


खतौली: गंगधाड़ी में युवक की मौत के बाद परिजनों को समझाते पुलिस अधिकारी।

# बिना पंजीकरण चल रहे अस्पतालों पर प्रशासन ने की कड़ी कार्रवाई

## झोलाछाप नियंत्रण सेल ने की छापेमारी, एक अस्पताल पर जड़ा ताला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आज जनपद में अवैध रूप से संचालित अस्पतालों और झोलाछाप डॉक्टरों के विरु( स्वास्थ्य विभाग ने अपना शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कड़े निर्देशों के अनुपालन में, डॉ. अजय कुमार, नोडल अधिकारी (झोलाछाप नियंत्रण सेल) की अगुवाई में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आज रुड़की रोड स्थित कई केंद्रों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की। जांच में मिली गंभीर अनियमितताएं छापेमारी के दौरान टीम जब 'सत्तान हॉस्पिटल' और डॉ. तबस्सुम के क्लीनिक पहुंची, तो वहां स्थिति चौंकाने वाली मिली। निरीक्षण के दौरान अस्पताल प्रबंधन संचालन से संबंधित वैध दस्तावेज और सीएमओ कार्यालय का पंजीकरण प्रस्तुत करने में पूरी तरह विफल रहा। डॉ. अजय कुमार ने बताया कि जांच में पाया गया कि श्शफा नर्सिंग होमश्र ने बिना मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय की अनुमति के 'बकरा मार्केट' से रुड़की रोड पर अपनी शिफ्टिंग कर ली थी, जो कि नियमों का सीधा उल्लंघन है, इस संबंध में मौके पर ही संबंधित संस्थान को कारण बताओं नोटिस जारी कर दिया। इसके अतिरिक्त सन्तान हॉस्पिटल के पास संचालन हेतु कोई वैध पंजीकरण नहीं पाया गया। प्रमुख बिंदुः अवैध संचालन, बिना रजिस्ट्रेशन और बिना सील के अस्पताल संचालित किए जा रहे थे। तत्काल कार्रवाई, नियमों के उल्लंघन पर संबंधित केंद्रों को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया है। सख्त चेतावनी, नोडल अधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी संस्थान को बख्शा नहीं जाएगा।




**नोडल अधिकारी डॉ. अजय कुमार का कथनः** जिलाधिकारी और सीएमओ के स्पष्ट निर्देश हैं कि जनपद में एक भी अवैध क्लीनिक या अस्पताल संचालित नहीं होना चाहिए। आज की कार्यवाही इसी मुहिम का हिस्सा है। जो अस्पताल बिना पंजीकरण या मानकों के विपरीत चल रहे हैं, उन्हें चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर विधिक कार्रवाई की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की इस त्वरित कार्रवाई से अवैध रूप से चिकित्सा केंद्र चलाने वाले संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है। स्वास्थ्य विभाग की टीम डॉ अजय कुमार के नेतृत्व में झोलाछाप चिकित्सकों के विरुद्ध कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# तेज रफ्तार बाइक से पैदल चल रही महिला की मौत

**भट्टे पर काम करने के बाद पति के साथ घर लौट रही थी महिला**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बीती रात शाहपुर क्षेत्र के गांव सोरम व धनेयन के बीच रास्ते में तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से महिला की दर्दनाक मौत हो गई है। घटना के समय महिला अपने पति के साथ भट्टे से काम कर अपने घर लौट रही थी। सूचना के बाद देर रात्रि मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को मोर्चरी भेजकर बुधवार को उसका पोस्मार्टम कराया है।

शाहपुर क्षेत्र के गांव धनेयन निवासी 40 वर्षीय अनीता पत्नी मिन्टू सोरम भट्टे पर काम करती थी बीती रात करीब पौने दो बजे अनीता अपने पति मिन्टू के साथ भट्टे से पैदल चलकर अपने घर लौट रही थी।

अचानक तेज रफ्तार बाइक ने महिला को जोर दार टक्कर मार दी जिससे उसके शरीर में चोट आना बताया गया है। घटना की जानकारी मिलने पर शाहपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली इस समय तक महिला की सांसे थम चुकी थी। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने इस संबंध में बाइक सवार की तलाश शुरू कर दी है।

# करोड़ों की ठगी के आरोप में छात्र सहित दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एसपी क्राइम के निर्देशन में साइबर क्राइम थाना पुलिस ने कई राज्यों में होने वाली करोडों की ठगी में अपने बैंक खातों का इस्तेमाल करने के आरा. ेप में एक बीसीए के छात्र सहित दो युवकों को गिरफ्तार करने का दावा किया है यह आरोप पुलिस का है। दूसरा आरोपी जनपद गाजियाबाद का है और इन्होने खातों में ठगी के अट्ठारह करोड रूपये की रकम आपस में बांटने का भी आरोप है। पुलिस का कहना है कि तीन माह में उक्त आरोपियों ने नौ खातों में 80 लाख रूपये का लेनदेन किया है और इस गिरोह का एक साथी अभी फरार है।



एसपी क्राइम इंदू सिद्धार्थ ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि फरवरी माह में साइबर थाना पुलिस ने मयूर अफजल राणा निवासी सुजडू व नदीम और गुलफाम निवासी कुटेसरा को गिरफ्तार किया था। उन्होने बताया कि पूछताछ के बाद पुलिस ने साइबर ठगी से जुडे अन्य खातों को खंगालना शुरू किया और इसी आधार पर साइबर थाना पुलिस ने आरोपी अरमान निवासी अंबा. विहार और तालिब निवासी रामपु. रम को दबोचा है। उन्होने बताया कि अरमान एक कॉलेज में बीसीए का छात्र है जबकि तालिब गाजियाबाद का है हाल में तालिब मुजफ्फरनगर में रहता है। उन्होने बताया कि उक्त लोगों ने महाराज पश्चिम बंगाल, उडीसा, तमीलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, हैदराबाद व यूपी में करीब अट्ठारह लाख की ठगी की है। यह जानकारी भी एसपी क्राइम ने दी है। उन्होने यह भी बताया कि खातों में 80 लाख का लेनदेन किया गया और सुजडू के रिहान को अभी फरार बताया जा रहा है। उन्होने बताया कि इस तरह द्वारा कमाए गए रूपयों को उन्होने अपना शोक पूरा करने में उडा दिए है। पुलिस का कहना है कि ठगी के मामले में इन्हे कमीशन मिलता था। उन्होने यह भी खुलासा करते हुए बताया कि दिल्ली के बड़े शोरूम और होटल, रेस्टोरेंट में भी बड़ी रकम खर्च की है।

# दुधमुही बच्ची के पास डेढ़ घंटा बैठा रहा बंदर

**पशु प्रेमी ने काफी मेहनत के बाद बचाई जान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** चरथावल क्षेत्र में एक अजीबो-गरीब मामला सामने आया है जहां काफी समय तक एक बंदर नवजात बच्ची के कमरे में आ गया और करीब डेढ़ घंटे तक कमरे में ही बच्ची के पास बैठा रहा। बच्ची के रोने की आवाज आई तो परिजनों ने कमरे में बंदर को बैठे देखा और परिवार पूरी तरह भयभीत हो गया। शोरगुल हुआ तो आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने बंदर को भगाने का काफी प्रयास किया, लेकिन वह बच्ची के पास से नहीं हिला।

बार-बार बंदर बच्ची को उठाने की कोशिश करता और अजीबो गरीब हरकत करने लगा। ग्रामीणों ने पशु-पक्षी प्रेमी को सूचना दी तो शन्नी चौपडा यहां पहुंचे, लेकिन उनके हटाने पर भी बंदर नहीं हिला। इसके बाद पशु प्रेमी व लोगों ने बंदर का ध्यान भटकाने के लिए मोबाइल फोन दिखाकर उसे उलझा लिया और बच्ची को सुरक्षित बाहर ले जाया गया। बच्ची का परिवार एक भट्टे पर काम करता है और बच्ची कमरे में अकेली सो रही थी।


मुजफ्फरनगर: तेज गर्मी के बाद भी सूखा पड़ा सरकारी नल।

# हत्या में चार को आजीवन कारावास की सुनाई सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कोर्ट ने हत्या का आरोप सिद्ध होने पर चार लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। 4 माह 2012 को युसूफ अली पुत्र इनायत अली निवासी लद्दावाला नगर कोतवाली ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि नरेश पुत्र कलीराम निवासी ग्राम मथूरा चरथावल व उसका भाई रमेश तथा शहबाज आन उर्फ शैलू पुत्र इकबाल निवासी मुबारिकपुर मंस. ूरपुर, राशिद पुत्र हनीफ ने उसके भाई फारूख खान की गोली मारकर हत्या कर दी है। पुलिस ने इस मामले को धारा 120, 302 आईपीसी के तहत दर्ज कर नरेश व रमेश को दस मार्च और शहबाज व राशिद को 06 मार्च 2012 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस ने घटना से संबंधित मामले की विवेचना पूर्ण कर 04 जून को कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था इस मामले की एडीजीसी सहदेव सिंह ने पैरोकारी की और एडीजी पांच की न्यायाधीश रेखा सिंह ने इस मामले को गंभीरता से सुना। कोर्ट में सभी सबूत व गवाह पेश किए गए जहां कोर्ट ने नरेश, रमेश, शहबाज खान और राशिद को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

# संदिग्ध परिस्थितियों में नवयुवती लापता

## गांव के ही युवक पर बहला फुसलाकर ले जाने का शक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** थाना बुढ़ाना क्षेत्र के ग्राम जौला से 18 वर्षीय युवती के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। युवती की मां ने गांव के ही एक युवक पर बेटी को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए बुढ़ाना थाने में तहरीर दी है।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। गांव जौला निवासी एक पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसकी करीब 18 साल की पुत्री को गांव का ही रहने वाला फैसल पुत्र बाबू बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। पीडिता के अनुसार घटना के बाद से परिजनों व रिश्तेदारों ने नवयुवती को सभी संभावित स्थानों पर तलाश किया। रिश्तेदारी, दोस्तों व आसपास के गांवों में भी पूछताछ की गई लेकिन युवती का कहीं कोई पता नहीं चल सका। बेटी का सुराग न मिलने पर परेशान मां बुढ़ाना थाने पहुंची और आरोपी फैसल के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर युवती की गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। आरोपी युवक फैसल की तलाश की जा रही है। दोनों के मोबाइल नंबर सर्विलांस पर लगाए गए हैं। जल्द ही युवती को बरामद कर पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा। पुलिस की टीम संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। चूंकि युवती बालिग है इसलिए सभी पहलुओं पर भी जांच की जा रही है। बरामदगी के बाद युवती के बयानों के आधार पर आगे की धाराएं बढ़ाई जाएंगी।

# कैंटर की टक्कर से ट्रेक्टर चालक की मौत

**मुजफ्फरनगर।** मंगलवार की रात रोहाना चौकी क्षेत्र के पानीपत खटीमा मार्ग कल्लरपुर चौराहे के निकट कैंटर और ट्रेक्टर भीषण भीड़ंत में ट्रेक्टर चालक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना से परिवार में मातम छा गया है।

नगर कोतवाली क्षेत्र के प्रेमपुरी निवासी अलीहसन पुत्र मंगलू बीती रात ट्रेक्टर-ट्रॉली लेकर पानीपत खटीमा मार्ग से लौट रहा था जहां अचानक ही उसकी भिड़ंत कैंटर से हो गई। तेज रफ्तार के कारण वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और अलीहसन गंभीर रूप से घायल हो गया था घायल को जिला अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरो ने उसको मृत घोषित कर दिया।

# कई थाना प्रभारी इधर से उधर

## महावीर चौहान सिविल लाइन, बृजेश शर्मा कोतवाली, बबलू खालापार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद के पुलिस मुखिया संजय कुमार वर्मा कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी के चलते उन्होने विभाग में थानादारों से लेकर सिपाहियों तक के तबादले किए है। हाल में भी उन्होने कई थाना प्रभारियों को इधर से उधर किया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने विभाग में बड़ा ही फैर बदल किया है। उन्होने एक दर्जन से ज्यादा निरीक्षक और तीन दरोगाओं के स्थानांतरण किए है। और दो थाना प्रभारियों से चार्ज हटाकर उन्हे अन्य जिम्मेदारी सौंपी गई है। एसएसपी ने भोपा और रामराज थाना प्रभारी को हटाया है। एसएसपी ने पीआरओ को भी थानाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है।

उन्होने इस्पेक्टर रवेन्द्र सिंह यादव को रामराज से हटाकर अपराध शाखा में नियुक्त किया है, जबकि भोपा प्रभारी जसबीर सिंह को थाने से हटाकर आईजीआरएस, पासपोर्ट सेल भेज दिया है। एसएसपी ने खालापार कोतवाल महावीर सिंह चौहान को सिविल लाइन थाने की जिम्मेदारी सौपी है और नगर कोतवाल बबलू सिंह वर्मा को खालापार थाने की कमान सौंपी है। एसएसपी ने इस्पेक्टर बृजेश कुमार शर्मा को नई मंडी कोतवाली के शहर कोतवाली का चार्ज सौंपा है। और मंसूरपुर थाने के निरीक्षक आनंद देव मिश्रा को नई मंडी कोतवाल बनाया है। एसएसपी ने सिविल लाइन थाना प्रभारी आशुतोष कुमार को भोपा थाने में प्रभारी की कमान सौंपी है। एसएसपी ने इस्पेक्टर क्राइम विपिन त्यागी को मंसूरपुर और सुल्तान सिंह को साइबर क्राइम थाने से बुढ़ाने की कमान सौंपी है।

वहीं विजय कुमार को फुगाना से रत्नपुरी में नियुक्त किया है और इस्पेक्टर क्राइम बुढ़ाना कर्मवीर सिंह को साइबर क्राइम थाना भेजा है।






# गंगनहर पुल पर भीषण सड़क हादसा

## बाइक सवार युवक की हालत गंभीर

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** बुधवार को गंगनहर स्थित अलंकनन्दा पुल पर एक तेज रफ्तार कार और बाइक के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और कुछ ही देर में बड़ी संख्या में लोग पुल पर एकत्र हो गए।

हरिनगर पुरकाजी निवासी अली मोहम्मद (पुत्र काला) अपनी बाइक से जाते समय कार से भिड़ंत हो गई। जिससे युवक घायल हो गया। पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया यहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक की नाजुक हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल युवक की स्थिति अभी भी चिंताजनक बनी हुई है। वहीं, हादसे के चलते कुछ समय के लिए पुल पर यातायात बाधित रहा, जिसे पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद फिर से सामान्य कराया।

## संयुक्त निदेशक बोले रोलिंग मिल की हुई जांच

**मुजफ्फरनगर।** राज्य कर, मुजफ्फरनगर संभाग के संयुक्त निदेशक सिद्धेश चन्द्र दीक्षित ने बताया कि फर्म सर्वश्री अमन रोलिंग मिल्स प्रा.लि. मेरठ रोड ग्राम संधावली मुजफ्फरनगर की राज्यकर विभाग मुजफ्फरनगर के द्वारा विशेष अनुसंधान शाखा की जांच की गयी। फैक्ट्री परिसर में माल के भौतिक सत्यापन पर फर्म के पास, अभिलेखों में दर्ज स्टॉक से, रू0 167 लाख का तैयार माल का स्टाक कम व रू0 28.72 लाख के कच्चा माल का स्टॉक अधिक पाया गया। प्रथम दृष्टया लगभग 2 करोड़ का करापवंचन प्रकाश में आया है।

# परिजनों ने तोड़ी सगाई तो युवक-युवती ने रचाई शादी

■ पुलिस अधिकारियों को मिलकर मांगी सुरक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** परिवार के लोग जब रिश्ते के बाद शादी के विरोध में हो गए और सगाई तोड़ डाली तो युवक युवती ने खुद ही जीवन भर साथ रहने के लिए सात फेरे लेकर विवाह रचा लिया। अब परिजनों के डर से दोनो पुलिस कार्यालय पहुंचे और सुरक्षा की गुहार लगाई।

बुधवार को एक युवती युवक के साथ पुलिस कार्यालय पहुंची। और पुलिस अधिकारियों को मिलकर बताया कि परिवार के लोगों ने अपनी मर्जी से उनकी सगाई की थी और अब 25 अप्रैल को उनकी शादी होनी थी, लेकिन किसी बात को लेकर दोनो पक्षों के बीच विवाद हुआ इस समय दोनो पक्ष शादी की तैयारी कर रहे थे और करीब-करीब पूरी तैयारी हो चुकी थी, लेकिन विवाद के चलते परिजनों ने शादी करने से साफ इंकार कर दिया। और दोनो परिवार में तनाव की स्थिति बन गई। इसी मामले से आहत होकर उन्होने शादी करने का निर्णय लिया और बुधवार को मंदिर में जाकर विवाद कर लिया। उन्होने बताया कि उनकी जान को खतरा है। कुल मिलाकर जब परिवार के लोग शादी के खिलाफ हुए तो युवक-युवती को यह कदम उठाना पड़ा।

# रोडवेज बस और कार की भिड़ंत में युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** क्षेत्र में रोडवेज बस और कार के बीच हुई भीषण टक्कर में कार चालक घायल हो गया, जबकि बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित रहे। जानकारी के अनुसार बिजनौर डिपो की रोडवेज बस, जिसे चालक अर्जुन सिंह चला रहा था, नजीबाबाद से कश्मीरी गेट दिल्ली के लिए सवारियां लेकर जा रही थी। जैसे ही बस सुहाना बैंकट हॉल के पास पहुंची, तभी रामराज की ओर से आ रही कार से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई।



कार चालक नई मंडी निवासी मदन गोपाल बिश्नोई था। टक्कर इतनी तेज थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने कार चालक को बाहर निकाल. कर मीरापुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार उसे हल्की चोटें आई हैं और वह खतरे से बाहर है। वहीं, बस में सवार करीब 34 यात्री अचानक हुए हादसे से घबरा गए और चीख-पुकार मच गई। हालांकि गनीमत रही कि किसी भी यात्री को कोई गंभीर चोट नहीं आई। बाद में सभी यात्रियों को दूसरी बस में बैठाकर उनके गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

# सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी का भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी का पुरकाजी क्षेत्र में जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। वह हरिद्वार स्थित कलियर शरीफ में एक संस्था के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे, जहां उन्होंने हजरत साबिर साहब की दरगाह पर चादर चढ़ाकर देश व प्रदेश की खुशहाली की दुआ मांगी।



वापसी के दौरान पुरकाजी ब्लॉक के ग्राम धमात में समा. जवादी पार्टी पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सतीश गुर्जर के आवास पर कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया। इसके बाद ग्राम भुराहेड़ी में सपा के पुरकाजी विधानसभा अध्यक्ष संजीव आर्य के आवास पर भी कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान कुंवर पाल सिंह ने राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी को 'सत्यार्थ प्रकाश' की प्रति भेंट कर सम्मानित किया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए राजकुमार भाटी ने कहा कि समाजवादी पार्टी वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता बदलाव का मन बना चुकी है और आगामी चुनाव में समाजवादी सरकार बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर कुंवर पाल सिंह, लो. केंद्र वीर नगर पंचायत सभासद मोहम्मद इस्तखार उर्फ लाल्ला, लियाकत उर्फ कल्लू, डॉ. मंजीत राठी, योगेंद्र पवार, संजीत राठी, सुलेमान (भुराहेड़ी), मोहम्मद रागिब सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला और कई स्थानों पर स्वागत कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# समावेशी विकास एवं ज्ञान है विकसित भारत की कुंजी-डॉ. प्रमोद

**मुजफ्फरनगर।** सनातन धर्म कॉलेज के माँ सरस्वती सभागार में भारतीय ज्ञान परम्परा समिति एवं एक्टिविटी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय ज्ञान परम्परा और विकसित भारत /2047 समस्याएँ, चुनौतियाँ एवं समाधान विषय पर संगोष्ठी (सेमिनार) का आयोजन प्राचार्य प्रो. सुधीर कुमार पुण्डीर के निर्देशन में किया गया जिसके मुख्य वक्ता भारतीय ज्ञान परम्परा समिति के समन्वयक डॉ. प्रमोद कुमार मिश्र रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती की मूर्ति पर पुष्पार्पण, वंदना एवं वन्देमातरम् के गायन से हुआ।

बोलते हुए डॉ. प्रमोद कुमार मिश्र ने भारतीय ज्ञान परम्परा की विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि अंग्रेजी राज से पूर्व तक भारतीय अर्थव्यवस्था का दुनिया की जीडीपी में 35 प्रतिशत से अधिक का योगदान था स यह उसके समावेशी विकास और सामूहिक प्रतिबद्धता के कारण था और यही समावेशी विकास और सामूहिक उत्तरदायित्व ही भविष्य के विकसित भारत की कुंजी है। मेगास्थनीज, फाह्यान, वेनसांग, इत्सिंग आदि विदेशी यात्रियों ने अपने यात्रा विवरणों में भारतीय ज्ञान-विज्ञान और विकास का जो अद्भुत चित्र प्रस्तुत किया है उससे पता चलता है कि छठवीं-सातवीं शताब्दी तक भारत विश्वगुरु एवं सोने की चिड़िया था। इसी क्रम में डॉ. मिश्र ने विकसित भारत लक्ष्य 2047 के प्रमुख उद्देश्यों-विकसित राष्ट्र, आर्थिक विकास, प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि, समावेशी विकास( विकास के प्रमुख चार स्तम्भों-युवा, गरीब, महिलाएं और किसान ( प्रमुख फोकस क्षेत्र-शिक्षा और कौशल, स्वास्थ्य सेवा, नवाचार एवं प्रोद्योगिकी, पर्यावरण स्थिरता, सुशासन एवं बुनियादी ढाँचा और रणनीतिक सुधारों की विस्तृत चर्चा की।

इस अवसर पर प्रो. विजयलक्ष्मी, डॉ. चरण सिंह, डॉ. मदनपाल चौहान, डॉ. शुचि अग्रवाल एवं डॉ. सविता ने भी संगोष्ठी को सम्बोधित किया और विक. सित भारत 2047 पर अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर प्रो. अरुणिमा रानी, डॉ. अंशुल शर्मा, डॉ. सविता, डॉ. संतोष यादव, डॉ. सुबोध कुमार, डॉ. अनूप पटेल, डॉ. (लेफ्टिनेंट) अजय सिवाच, डॉ. प्रतिभा, डॉ. खुशबू यादव, डॉ. नौशीन फातिमा अंसारी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, शोध छात्र एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## शहीद हुए नागरिकों को दी श्रद्धांजलि

**मुजफ्फरनगर।** लक्ष्य सामा. जिक संस्था के कार्यालय शमा रेडियोज वाली गली, मेरठ रोड, निकट मीनाक्षी चौक, मुजफ्फरनगर पर संस्था के पदा. धिकारियों द्वारा पहलगाम हमले की बरसी पर आज के दिन 22 अप्रैल, 2025 को शहीद हुए नागरिकों को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संस्था के अध्यक्ष तज़कीर मुशीर एडवोकेट ने दु:ख प्रकट करते हुए जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी। संस्था के अध्यक्ष तज़कीर मुशीर एडवोकेट की अध्यक्षता में शोकसभा रखी गई। सभा में आए सभी अधिवक्ता साथियों और समाजसेवियों ने दो मिनट का मौन रखकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# मां पर हमले के विरोध में बेटे को भी पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपार।** चार लोगों ने घर में घुसकर लाठी डंडों से एक महिला कि पिटाई की उसका पुत्र भी मौके पर आ गया तो उसकी भी पिटाई की। शोर मचाने पर पडोसी आ गये उन्हें देख कर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव छपार निवासी इमरान की पत्नी साजदा 9 अप्रैल को सुबह घर पर अकेली थी। सभी परिजन खेतों में कार्य करने गये हुए थे उसी वक्त पडोसी हालिम, दिलखुश, इरशाद व मजहर उर्फ नीटू लाठी डंडे लेकर घर में घुस आये ओर गाली गलौज करने लगे विरोध करने पर उन्होंने साजदा की पिटाई की। पीड़िता का पुत्र भी मौके पर आ गया उसकी भी पिटाई की शोर सुनकर पडोसी आ गये उन्हें देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सपा पीडीए फ्री मैडिकल कैंप में देखे गए 742 मरीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** समाजवादी पार्टी के बैनर तले बुधवार के दिन समा. जवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव नवाब इम्तियाज के द्वारा बुढ़ाना कस्बे के कांधला रोड पर स्थित पीर शाह विलायत मदरसे के प्रांगण में एक भव्य फी चिकित्सा कैंप लगवाया गया। जिसे पीडीए फी मैडिकल कैंप नाम दिया गया। जिसमें एम्स व बेगराजपुर मेडिकल कालेज के अनुभवी डाक्टरों की 22 सदस्यीय टीम ने 742 मरीज विभिन्न रोगों के देखे। इस शिविर का उद्घाटन मेडीकल कैंप के आयोजक समा. जवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा



के राष्ट्रीय सचिव नवाब इम्तियाज ने लगभग एक हजार लोगों की मौजूदगी में अपने कर कमलों द्वारा फीता काटकर किया। कैंप में सबसे ज्यादा मरीज हाथ पैरों में दर्द, गर्भवती महिलाएं, हढी, आंख, कान, नाक, गठिया, बाय और रसौली के आए जबकि 15 मरीज जो कि टीबी, फैफडे, किडनी और सांस के रैफर किए गये।

अनुभवी डाक्टरों में डाक्टर अनुज, डाक्टर ऋचा, डाक्टर गीतांजलि, डाक्टर मिलन, डाक्टर आर्यन, डाक्टर हर्ष, डाक्टर अंजलि, डाक्टर पराज्ञा आदि डाक्टर थे। यहां पर मुफ्ती आस मौहम्मद कासमी, शहजाद कुरैशी इंजिनियर, मुफ्ती असरार, डाक्टर इनाम मेहर कुरैशी सलमान इम्तियाज, इरफान कुरैशी, पूर्व सभासद अहसान कुरैशी, हाजी नवाब होटल, हाफिज निजामुद्दीन, नौशाद कुरैशी, अब्दुला इम्तियाज आदि मौजूद ये। अब ये कैंप आज बृहस्पतिवार 23 अप्रैल को बुढ़ाना कस्बे के करबला रोड पर लगेगा।

## किडजी में अर्थ डे का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी स्थित नेटवर्क द्वारा संचालित किडज़ी प्ले स्कूल में अर्थ डे का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा पानी बचाओ, वृक्षारोपण करो, कचरा इधर-उधर न फैलाओ और अपनी धरती को साफ रखो जैसे संदेशों पर आधारित विभिन्न गतिविधियाँ कराई गईं।बच्चों को नर्सरी ले जाकर उन्हें अलग-अलग प्रकार के पौधों से परिचित कराया गया तथा वहाँ पर उनसे पौधारोपण भी करवाया गया। इस अनुभव के माध्यम से बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाया गया।

विद्यालय की डायरेक्टर चारु भारद्वाज जी ने बच्चों को प्रकृति के प्रति जिम्मेदार बनने का संदेश दिया।

## देव ने परिवार का बढ़ाया मान



**मुजफ्फरनगर।** सदर ब्लाक अध्यक्ष बीकेयू शिक्षक प्रकोष्ठ के बेटे देव ने भी मारी बाजी'। बी के यू शिक्षक प्रकोष्ठ की सदर ब्लाक अध्यक्ष बी के यू शिक्षक प्रकोष्ठ के सुपुत्र देव चौधरी जो एस डी पब्लिक स्कूल का छात्र है। देव ने 98: अंक प्राप्त करके अपने माता-पिता सहित शिक्षक समाज का मान बढ़ाया है।

# एसएफडीवी में हुई वॉलीबॉल प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंसूरपुर।** एसएफडीएवी पब्लिक स्कूल, मन्सूरपुर ने इण्टर हाऊस वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन खेलो को बढावा देने, छात्रों के सर्वागीण विकास के लिए एवं सौहार्द की भावना विकसित करने के लिए एसएफडीएवी पब्लिक स्कूल, मन्सूरपुर द्वारा इण्टर हाऊस वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



जिसका शुभारंभ विद्यालय के प्रधाचार्या द्वारा किया गया। जिसमें दयानन्द, श्रद्धानन्द, विरजानन्द व हंसराज हाऊस ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता के कडे मुकाबले में दयानन्द हाऊस ने प्रथम स्थान ग्रहण किया। विजेता खिलाडियो को प्रधानाचार्य अनिल कुमार मोहन द्वारा आशीर्वाद देते हुए कहा कि खेलो से एकता एवं टीम भावना जाग्रत होती है। खेल हमे शारी. रिक रूप से स्वस्थ रखते है। कार्यक्रम की सफलतापूर्वक समापन कराने के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार मोहन ने विद्यालय के खेल प्रमुख रोहिन कुमार व सौवीर सिंह को इण्टर हाऊस वालीबॉल प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया तथा खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया।

## मुर्गो की जंग कराने वालों पर कार्रवाई

**मोरना।** चर्चित गांव तेवड़ा में अब मुर्गो के बीच खतरनाक जंग कराकर सरेआम जुआ खेलने का मामला प्रकाश में आया है।पुलिस ने मुर्गा युद्ध कराने वाले 9 व्यक्तियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज करते हुए आधा दर्जन के खिलाफ शान्ति भंग करने की कार्रवाई की है।पुलिस की कार्रवाई से गाँव मे हडकम्प मच गया है। ककरौली थाना क्षेत्र के गाँव तेवड़ा में सरेआम मुर्गो की खूनी लड़ाई कराकर जुआ खेलने के कृत्य से ग्रामीणों में रोष पनप रहा था।मंगलवार को पुलिस ने सूचना के आधार पर मुर्गो की लड़ाई कराकर जुआ खेलने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 13 लोगों को गिरफ्तार किया।

## मीरापुर में तलवार लहराकर दी जान से मारने की धमकी, आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** पुलिस ने जान से मारने की धमकी देने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने सऊदी अरब में कार्यरत एक युवक को तलवार लहराते हुए वीडियो भेजकर जान से मारने की धमकी दी थी।

जानकारी के अनुसार ककरौली थाना क्षेत्र के गांव बेहड़ा निवासी गुलशेर पुत्र शफीक ने मीरापुर थाने में तहरीर देकर बताया कि उनका भाई नौशाद सऊदी अरब की एक कंपनी में नौकरी करता है। उसी कंपनी में मीरापुर क्षेत्र के गांव रसूलपुर गढ़ी निवासी जुल्फुकार भी कार्यरत था। आरोप है कि जुल्फुकार नशे का आदी था, जिसकी जानकारी नौशाद ने कंपनी मालिक को दी थी। इस शिकायत के बाद कंपनी प्रबंधन ने जुल्फुकार को नौकरी से निकाल दिया और उसे भारत वापस भेज दिया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि नौकरी से निकाले जाने के बाद जुल्फुकार नौशाद से रंजिश रखने लगा। इसी रंजिश के चलते उसने नौशाद के मोबा. इल पर एक वीडियो भेजा, जिसमें वह हाथ में तलवार लेकर जान से मारने की धमकी देता नजर आया। मामले की गंभीरता को देखते हुए मीरापुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की और आरोपी जुल्फुकार को तलवार सहित गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी राजीव शर्मा ने गिरफ्तारी की पुष्टि की है।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र शालिम व उसकी पत्नि रहनूमा मेरे व मेरे परिवार वालो के कहने सुनने में नहीं है तथा मेरे व परिवार वालो के साथ अक्सर लडाई झगडा व अभद्र व्यवहार करते हैं। जिस कारण परेशान होकर मैंने व मेरे पति ने अपने पुत्र शालिम व उसकी पत्नि रहनूमा से सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर इन्हें अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज से मेरे पुत्र शालिम व उसकी पत्नि रहनूमा का मेरे और मेरे पति या अन्य परिवार वालों से कोई मतलब वास्ता किसी प्रकार का नहीं रहा है न ही भविष्य में रहेगा यह दोनो अपने किसी भी अच्छे,बुरे कार्यो व लेन देन और किसी भी गैर कानूनी कार्य के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगें।

**ताहिरा प्रवीन पत्नि मौ. सैय्यद**
**निवास- म.नं.-134 ग्राम खामपुर खुडडा थाना छपार,**
**जिला-मुजफ्फरनगर**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र साबिर पुत्र अबरार मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने में नहीं है साबिर मुझे व मेरे परिवार के साथ गलत बरताव व दुर्व्यवहार करता है साबिर गलत संगत में पड़कर गलत लड़कों के साथ रहता है और बेवजह मेरे व मेरे परिजनों से आए दिन लडाई झगडा करने पर अमादा रहता है। गाली गलौच करते हुए पैसों की मांग करता है। हम साबिर से त्रस्त व परेशान है। साबिर के द्वारा किए गए गलत कार्यवाही के लिए वह स्वयं जिम्मेदार है। मैने व मेरे परिवार ने सभी प्रकार के संबंध समाप्त कर उसको बेदखल कर दिया है। साबिर से मेरे व मेरे पति और परिजनों का कोई मतलब वास्ता नहीं है वह अपने कृत्य व लेनदेन के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा।

**अफसाना पत्नी अबरार**
**निवासी-ग्राम भुम्मा,**
**थाना मीरांपुर, तहसील जानसठ**
**जिला मुजफ्फरनगर**

समन वास्ते करार वाद उमर तनकही तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) न्यायालय उपजिलाधिकारी सदर, मुजफ्फरनगर। वाद संख्या-8468 सन-2025 1. कल्लू उर्फ सलेकचन्द, 2. कृष्ण गोपाल, 3. मोनू पाँचाल, पुत्रगण कूडा 4. श्रीमति ओमी पत्नी कूडा निवासीगण ग्राम महमूदपुर उर्फ लकडसंधा परगना चरथावल तहसील व जिला मुजफ्फरनगर। बनाम 1. गुलाब सिंह पुत्र रामेशवर 2. बल्लूराम व 3. राकेश कुमार व 4. केशोराम व 5. बिजेन्द्र पुत्रगण जगदीश 6. बबलू व 7 मोनू कुमार पुत्रगण सहेन्द्र व 8. श्रीमति सुशीला पत्नी स्व. सहेन्द्र 9. इन्द्रपाल व 10. राजकुमार पुत्रगण गिरवर, 11. राजकुमार उर्फ काला पुत्र महेन्द्र. 12.- ग्राम पंचायत महमूदपुर उर्फ लकडसंधा परगना चरथावल तहसील व जिला मुजफ्फरनगर द्वारा ग्राम प्रधान। मौजा-महमूदपुर उर्फ लकडसंधा धारा-116 उ.प्र.रा.सं.-2006 दरगाह वादीगण ने आपके नाम उक्त नालिश बाबत तकसीम हेतू दायर कर रखा है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप तारीक्ष.04.05.2026 के 10 बजे प्रात: में असालतन या मार्फत वकील जो मुक. दमा हालात करार वाकई वाकिफ किया गया है और कुछ उमूर तहत मुतालिक मुकदमा को जवाब दे सके या जिसके साथ कोई शख्त से हो जो कि वाह ऐसे सवालात दे सके, हाजिर और जवाब देही और उसी रोज अपना जुमला गवाह के जिसकी शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजी को जिस पर अपनी जवाब देही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे। अगर बरोज मगर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मशमूह फैसला होगा। हस्ब मेरे दस्तखत और मोहर अदालत में आज तारीख 22.04.2026 को जारी किया गया।
**नोट:-सम्पाकद कृपया उपरोक्त का प्रकाशन का उचित शुल्क लेकर करे।**
**उपजिलाधिकारी सदर मुजफ्फरनगर।**

## गौ सेवक नीशू ने मृत गायों के अन्तिम संस्कार के लिए सांसद के घर दिया धरना

**मुजफ्फरनगर।** गौ सेवक नीशू ने मृत गायों के अंतिम संस्कार के लिए अलग श्मशान घाट, नमक और कफन की व्यवस्था की मांग को लेकर धरना दिया। उन्होंने यह प्रदर्शन सपा सांसद हरेंद्र मलिक और उनके पुत्र विधायक पंकज मलिक के आवास के बाहर किया।

नीशू ने गौ माता के सम्मान के लिए लिखे बैनर के साथ जनप्रति. निधियों के घर के बाहर नंगे पांव धरना दिया। उनकी मुख्य मांगें मृत गायों के लिए एक अलग श्मशान घाट और उनके अंतिम संस्कार हेतु नमक व कफन की व्यवस्था सुनिश्चित करना है।सांसद हरेंद्र मलिक की अनुपस्थिति में उनके पुत्र विधायक पंकज मलिक ने नीशू से बातचीत की। विधायक ने उन्हें आश्वासन दिया कि इस मुद्दे को सदन में उठाया जाएगा और गौ माता के सम्मान से संबंधित मांगों को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।विधायक के आश्वासन के बाद गौ रक्षक नीशू ने अपना धरना समाप्त कर दिया। नीशू पिछले 12-13 दिनों से जूते-चप्पल त्यागकर नंगे पांव ही इस अभियान को चला रहे हैं। उन्होंने घोषणा की थी कि मांगें पूरी न होने तक वे सभी वर्तमान और पूर्व जनप्रति. निधियों के आवासों के बाहर धरना देंगे। इससे पहले, नीशू नगर पालि. का में भी धरना प्रदर्शन कर चुके हैं और कई अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों से मिल चुके हैं। हालांकि, उनकी मांगों पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई थी, जिसके बाद उन्होंने यह कदम उठाया।

# एमडीएस विद्या मंदिर में पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एमडीएस विद्या मन्दिर इन्टर कॉलिज में मनाया गया पृथ्वी दिवस, बच्चों ने किया पौधारोपण व सेव अर्थ मानव श्रृंखला बनाकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश। बुधवार को मन्सूरपुर में स्थित विद्यालय एमडीएस विद्या मन्दिर इन्टर कॉलिज में पृथ्वी दिवस बडी धूमधाम से मनाया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय परिसर में विविध शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं पर्यावरणीय गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात:कालीन प्रार्थना सभा से हुआ, जिसमें प्रबन्धक सन्दीप कुमार, प्रधानाचार्य अनिल कुमार उपाध्याय, संचालक अनिल शास्त्री व सभी शिक्षक व शिक्षिकाआ सहित सभी छात्र-छात्रओं एवं शिक्षकों ने धरती बचाओ-भविष्य बचाओ का सामूहिक संकल्प लिया। इस अवसर पर ईको क्लब की प्रभारी ज्योति के नेतृत्व में पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन, भाषण प्रतियोगिता एवं स्लोगन लेखन जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। छात्रों ने अपनी रचनात्मकता के माध्यम से जल संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण, प्लास्टिक मुक्त वातावरण तथा जैव विविधता संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रभावशाली प्रस्तुति दी। इस अवसर पर बच्चों ने सेव अर्थ मानव श्रृंखला बनाई विद्यालय के प्रबन्धक सन्दीप कुमार ने बताया कि प्रकृति को नष्ट न करें, उसके संरक्षण में योगदान दें।विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने ब्विव पृथ्वी दिवस पर विद्यार्थियों को जागरूक किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक के दुष्प्रभाव और पृथ्वी बचाने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होने बच्चों को पेड़ों के महत्व को बताया।

साथ ही जल संरक्षण और प्रदूषण न फैलाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के संचालक अनिल शास्त्री ने बच्चों को जागरूक करते हुए कहा कि प्रदूषण नहीं फैलाएं, पानी बचाएं और लोगों को जागरूक करें। पर्यावरण की रक्षा से ही दुनिया की सुरक्षा संभव है। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने भी छात्रें को पर्यावरण संरक्षण के व्यावहारिक उपाय बताए और उन्हें दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। अंत में सभी छात्रें एवं स्टाफ ने मिलकर पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली और यह संकल्प लिया कि वे अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ एवं हरित बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम का संचालन अंकिता बत्र ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी अध्यापक व अध्यापिकाओं को विशेष योगदान रहा

**सूचना**

मेरी दोनों पुत्रियों के जन्म प्रमाण पत्र सं. 14388/16.12.2022 व 14389/16-12-2022 में दोनों पुत्रियों नाहिरा व माहिरा के जन्म प्रमाणपत्र में पिता का नाम शादाब हो गया था, जो कि गलत है, जबकि वास्तविक व सही नाम मौ. शादाब है। और भविष्य में भी इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

**मौ. शादाब**
**गांव बेहड़ी**
मं. नं. 56, मुजफ्फरनगर
मो. 9105331026

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा छोटा भाई मौ. आमिर मेरे व मेरे परिवार वालो के कहने सुनने से बाहर है। जिसका चाल-चलन ठीक नहीं है। मैं व मेरा परिवार उसकी गलत हरकतो से तंग आकर बडा दुखी व परेशान है। इसलिये मैं आज से अपने छोटे भाई मौ. आमिर से सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ तथा उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से भी बेदखल करता हूँ आज के बाद मेरा व मेरे किसी भी भाई बहन का मेरे छोटे भाई मौ. आमिर से किसी प्रकार का कोई वास्ता मतलब नही रहा है और न ही भविष्य में रहेगा। यदि वह किसी अन्य व्यक्ति से कोई लेन-देन या अन्य कार्य किसी व्यक्ति के साथ करता है तो वो उसका स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार के अन्य लोगो की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नही होगी।

**मौ. आसिफ पुत्र मौ. मेहरबान**
**निवासी म.नं०-1198/3, दक्षिणी खालापार, थाना-खालापार,**
**जिला मुजफ्फरनगर**

# महिलाओं के सम्मान और भागीदारी से ही सशक्त समाज का निर्माण: मीनाक्षी स्वरूप



**मुजफ्फरनगर।** महिला आरक्षण और नारी सम्मान के मुद्दे पर राजनीतिक सरगर्मी के बीच शहर में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा कांग्रेस और इंडी गठबंधन की महिला विरोधी नीतियों के खिलाफ जनजागरण के लिए आयोजित जनआक्रोश पदयात्र ने व्यापक जनसमर्थन जुटाया। बड़ी संख्या में महिलाओं और कार्यकर्ताओं की भागीदारी ने कार्यक्रम को शक्ति प्रदर्शन में बदल दिया, जहां महिला सशक्तिकरण और अधिकारों को लेकर मुखर संदेश दिया गया।

मुजफ्फरनगर में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित जनआक्रोश पदयात्र में भारी जनसैलाब उमड़ा। यह पदयात्र टाउनहाल मैदान से शुरू होकर शिव चौक तक निकाली गई, जिसमें महिलाओं, जनप्रति. निधियों और पार्टी कार्यकर्ताओं की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला आरक्षण के मुद्दे पर विपक्षी दलों के विरोध के खिलाफ जनमत तैयार करना और नारी सम्मान के समर्थन में जागरूकता फैलाना रहा। पदयात्र के दौरान प्रतिभागियों ने महिला अधिकारों के समर्थन में नारे लगाए और समाज में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया। महिला हितों पर प्रहार बंद करो और नारी शक्ति को अधिकार दो जैसे नारों से वातावरण गूंजता रहा।

नगरपालिका परिषद् की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने अपने संबोधन में कहा कि यह पदयात्र महिलाओं की आवाज को मजबूती देने का माध्यम है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नारी सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा के लिए समाज के हर वर्ग को आगे आना होगा और यह संघर्ष लगातार जारी रहेगा। उनके अनुसार महिला आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर हो रही राजनीति महिलाओं के सशक्तिकरण में बाधा है, जिसे समाप्त करना आवश्यक है। महिलाओं के सम्मान और भागीदारी से ही सशक्त समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं की भागीदारी और नेतृत्व को बढ़ावा दिए बिना समग्र विकास संभव नहीं है। कार्यक्रम में पार्टी के जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी, एमएलसी वन्दना वर्मा सहित अन्य वक्ताओं ने भी महिला सशक्तिकरण के मुद्दे पर पार्टी की प्रतिबद्धता दोहराई और विपक्ष पर महिला आरक्षण का विरोध करने का आरोप लगाया। पदयात्र के अंत में सर्वसमाज से महिलाओं के अधिकारों के समर्थन में एकजुट होने की अपील की गई। बड़ी संख्या में शामिल महिला शक्ति और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने यह संकेत दिया कि यह मुद्दा जनस्तर पर व्यापक समर्थन हासिल कर रहा है।

पदयात्रा में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी, एमएलसी वन्दना वर्मा, पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान, पूर्व सांसद अनुराधा चौधरी, ब्लॉक प्रमुख अक्षय पुंडीर, पूर्व विधायक उमेश मलिक, अशोक कंसल, सुशीला अग्रवाल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष आंचल तोमर, सहकारी बैंक चेयरमैन ठा. रामनाथ सिंह, पवन अरोरा, पूर्व चेयरमैन सुभाष शर्मा, श्रीमोहन तायल, अभिषेक चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष रूपेन्द्र सैनी, विजय शुक्ला, जिला महामंत्री शरद शर्मा, संजय गर्ग, सुनील दर्शन, सभासद मनोज वर्मा, राजीव शर्मा, बॉबी सिंह, शोभित गुप्ता, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष कविता सैनी, ममता अग्रवाल, रोहतास पाल, विशाल गर्ग, कार्तिक काकरान, अंजली चौधरी, श्वेता कौशिक, सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं महिला शक्ति की बड़ी संख्या में सहभागिता रही।?

# पुलिस ने तमंचा-कारतूस समेत शातिर दबोचा

**बुढ़ाना।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक शातिर अपराधी को अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस समेत गिरफ्तार कर लिया। आरोपी किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में बुढ़ाना कांधला मार्ग पर एचपी गैस गोदाम के पीछे टयूबवेल के पास खड़ा था। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए दबोच लिया। आरोपी की पहचान शहजाद उर्फ पल्टू पुत्र खलील निवासी ग्राम जौला के रुप में हुई है। उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी इंचार्ज संदीप सिंह हेड कांस्टेबल मनोज कुमार और कांस्टेबल अनुज कुमार के साथ प्राइवेट वाहन से शांति व्यवस्था बनाने के लिए चौकिंग पर थे रात्रि में पुलिस टीम चौधरी चरण सिंह तिराहे पर पहुंची। तभी मुखबिर खास ने सूचना दी कि एक संदिग्ध व्यक्ति अवैध असलहे के साथ एचपी गैस गोदाम के पीछे टड्ूबवेल के पास किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में खड़ा है। सूचना पर पुलिस ने आसपास के लोगों से गवाही के लिए अनुरोध किया लेकिन रात का समय होने के कारण कोई तैयार नहीं हुआ। इसके बाद पुलिस टीम ने नियमानुसार एक दूसरे की जामा तलाशी लेकर मुखबिर के बताए स्थान की ओर कूच किया। एचपी गैस गोदाम के पास बाग से पहले वाहन रोककर मुखबिर ने वाहन की रोशनी में दूर से इशारा कर संदिग्ध की पहचान कराई। तभी पुलिस टीम ने बिना देरी किए घेराबंदी कर उक्त संदिग्ध को दबोच लिया।

## आवारा कुत्तों के हमले में जंगली जानवर की मौत

**मोरना।** कस्बा भोकरहेड़ी में बसेड़ा मार्ग पर बुधवार की सुबह आवारा कुत्तों के हमले में एक जंगली जानवर की मौत हो गयी सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम द्वारा मृतक जानवर की अंतिम क्रिया की गयी।कस्बा भोकरहेडी के मोहल्ला नेहरू चौक निवासी किसान नेता पूर्व सभासद चौधरी उदयवीर सिंह सहरावत ने बताया कि बुधवार की सुबह सवेरे जंगल से भटक कर आबादी की ओर चले आये जंगली जानवर को आवारा कुत्तों ने घेर लिया तथा हमला कर उसे घायल कर दियाकुछ देर बाद पहाड़ा नामक जंगली जानवर की मौत हो गयी जिसकी सूचना वन विभाग को दी गयी।किसान नेता चौधरी उदयवीर सिंह ने आवारा कुत्तों को पकड़वाने की मांग प्रशासन से की है।मोरना रेंज की वनरक्षक प्रियंका ने बताया कि वाचर कर्मचारी चंद्रपाल द्वारा मृतक जानवर की अंतिम क्रिया की गई है।

## मारपीट में आधा दर्जन पर मुकदमा

**भोपा।** गांव युसुफपुर में हुई मारपीट में दो सगे भाई घायल हो गए। घायलों का भोपा के साम. ुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर उपचार कराया गया। भोपा थाना क्षेत्र के गांव युसुफपुर निवासी सोनू कुमार ने तहरीर देकर बताया कि बीते मंगलवार की सुबह नौ बजे मेरी 20 वर्षीय चचेरी बहन आंचल अपने खेत पर गोबर के उपले बनाने के लिए गई थी। आरोप है कि ताई पासी व उसके बेटे बिट्टू ने आंचल से गाली गलौज करते हुए मारपीट की। इसके बाद रात में भारती, शेखर, छोटू उर्फ अनुज, बोबी वापस घर आए और उनके परिवार के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे, जिसमें वह और उसका भाई दीपक घायल हो गए।

# युवती के साथ छेड़छाड़ व अश्लीलता का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** बारात में गयी किशोरी को झांसे में लेकर फोटो करने व उन्हें वायरल करने की चेतावनी देने तथा परिजन के सामने ही छेड़छाड़ करने के बाद मारपीट करने का गम्भीर मामला प्रकाश में आया है।पीड़िता के परि. जनों ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग पुलिस से की है।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसकी बेटी बीते 5 अप्रैल को भाई की बारात में गयी हुई थी।जहां दो युवतियों ने अपने भाई के साथ मिलकर पीड़िता को झांसे में ले लिया और उसकी फोटो मोबाइल में सेव कर ली।जिसके बाद अरा. ेपी मंगलवार को पीड़िता के घर पर आया और पीड़िता से निकाह करने का दबाव बनाते हुए फोटो वायरल करने की धमकी दी तथा माता के सामने ही युवती के साथ अश्लीलता करते हुए छेड़छाड़ करते हुए उसके कपड़े फाड़ दिए।शोर मचाने पर आरोपी फरार हो गया। घटना के सम्बन्ध में जानकारी करने जब आरोपी के घर पीड़िता के परिजन ककरौली पहुंचे तो उनके साथ मारपीट की गयी।पीड़िता के परिजनों ने आरो. पियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## एसएसपी का तितावी थाने में सरप्राइज इंस्पेक्शन

**तितावी/ मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने आज थाना तितावी का आकस्मिक निरीक्षण किया। एसएसपी ने थाना कार्यालय, कंप्यूटर कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, हवालात, बैरक व मालखाना का गहन निरीक्षण कर रिकॉर्ड खंगाले। लंबित विवेचना, सीसीटीएनसी एंट्री और ऑनलाइन सेवाओं की समीक्षा कर एसएसपी ने समयबद्ध व त्रुटिरहित एंट्री के निर्देश दिए। महिला संबंधी शिकायतों के संवेदनशील निस्तारण व फरियादियों की समस्या प्राथमिकता से सुनने पर जोर दिया। नियमित गश्त व संवे. दनशील स्थलों पर सतर्क निगरानी के आदेश दिए।

## घर में घुसकर लोगों पर लाठी डंडों से हमला

**बुढ़ाना।** एक घर में घुसकर 2 सगे भाइयों पर लाठी डंडों से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। हमलावरों ने गाली गलौज कर घर में घुसकर दोनों भाइयों को बुरी तरह पीटा जिससे वे गंभीर रुप से घायल हो गए। शोर शराबा होने पर आरोपी हत्या की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने 4 नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित जुगमेन्द्र पुत्र जगदीश निवासी ग्राम टांडा माजरा ने बुढ़ाना पुलिस को बताया कि वह अपने भाई बस्तीराम के संग घर पर मौजूद था। तब गांव के गुलवीर पुत्र महीपाल, शिव कुमार पुत्र मोहकम, बिट्टू पुत्र सत्येंद्र और सोनिया पत्नी गुलवीर निवासी गण गांव अंगदपुर जोहड़ी जिला बागपत एक राय होकर उसके घर में घुस आए और गंदी गालियां देनी शुरु कर दी। विरोध करने पर लाठी डंडों से जुगमेन्द्र व उसके भाई बस्तीराम पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में दोनों भाई लहूलुहान होकर गंभीर रुप से घायल हो गए। घटना के बाद घायल जुगमेन्द्र ने थाने पहुंचकर आपबीती बताई और नामजद तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी बिट्टू, गुलवीर, शिवकुमार, सोनिया के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया।

## अश्लील हरकतों का विरोध पड़ा भारी

**मीरापुर।** कस्बा निवासी एक युवती के साथ छेड़छाड़, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोटला पीर वाली गली निवासी एक युवती ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि वह अपने भांजे की तलाश में बाजार जा रही थी। आरोप है कि रास्ते में दरबार मोहल्ले के भूरा नामक युवक ने उसे रोक लिया और अभद्र टिप्पणी करते हुए अश्लील हरकतें करने लगा। विरोध में वह आग बबूला हो गया और गाली-गलौच व मारपीट कर दी जिससे वह घायल हो गया। जाते समय आरोपी ने दोनों को जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद पीड़िता और उसका परिवार दहशत में है। थानाध्यक्ष राजीव शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपी की तलाश जारी है।

## घर में घुसकर गाली गलौज कर फायर झोंका

**भोपा।** गांव वजीराबाद में रात के समय प्रधान के घर में घुसकर दो लोगों ने उसके देवर से गाली गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से फायर झोंका। पीडित ने दो व्यक्तियों के विरूद्ध तहरीर दी है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव वजीराबाद निवासी योगेन्द्र सिंह ने तहरीर देकर बताया कि उसकी भाभी गांव की प्रधान है। आरोप है कि बीते मंगलवार की रात करीब नौ बजे गांव के ही दो व्यक्ति तमंचे लेकर शराब के नशे में घर में घुस आए और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से फायर किया। फायर की आवाज सुनकर मौहल्ले के व्यक्ति आ गए। आरोपियों ने धमकी दी कि यदि इस बार ग्राम प्रधान का चुनाव लडा तो जान से मार देंगे। एक अरोपी के खिलाफ पहले भी गाजियाबाद मे लूट, डकैती आदि के मुकदमें दर्ज है। आरोपी उनसें रंजिश रखते हुए लगातार परेशान कर रहे है। अपराध निरीक्षक नरेंद्र कुमार ने बताया कि घटना की जांच पड़ताल की जा रही है जिसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

## कोतवाली सुभाष अत्री ने लगाया जनता दरबार

**बुढ़ाना।** कोतवाली में बुधवार को थाना प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री ने अपने कार्यालय में जनता दरबार आयोजित कर क्षेत्र से आए फरियादियों की समस्याएं सुनी। उन्होंने एक एक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही संबंधित हलका इंचार्ज व बीट सिपा. हियों को निस्तारण के निर्देश दिए। थाना प्रभारी ने साफ कहा कि किसी भी फरियादी को अनावश्यक परेशान नहीं किया जाएगा व हर शिकायत का समयबद्ध तरीके से समाधान सुनिश्चित होगा। सुभाष अत्री अपने सरल स्वभाव व व्यवहार कुशलता के लिए क्षेत्र में पहले से ही जाने जाते हैं। वे प्रतिदिन सुबह 10 बजे से 2 बजे तक जन सुनवाई करते हैं। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ लोगों की समस्याओं का हल पुलिस की पहली प्राथमिकता है। जनता दरबार में भूमि विवाद, मारपीट, पारिवारिक कलह व प्रार्थना पत्रों की जांच से जुड़े कई मामले आए। अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। थाना प्रभारी की इस पहल से न केवल उन्हें राहत मिल रही बल्कि पुलिस के प्रति भरोसा भी मजबूत हुआ।

## दशमेश पब्लिक स्कूल में पौधारोपण कार्यक्रम

**रामराज।** दशमेश पब्लिक स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय की डायरेक्टर डॉ. सिम्मी सहोता और प्रधानाचार्य आमिर खान ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय परिसर में पौधारोपण से हुई। डायरेक्टर डॉ. सिम्मी सहोता और प्रबंधक सरदार जसवंत सिंह सहोता ने पौधे लगाकर विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों से अपील की कि वे अपने घर और आसपास कम से कम पांच-पांच पौधे अवश्य लगाएं और उनकी देखभाल भी करें। प्रधानाचार्य आमिर खान ने अपने संबोधन में कहा कि प्राकृतिक संसाधनों का लगातार हो रहा अत्यधिक दोहन भविष्य के लिए गंभीर संकट पैदा कर सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए हरिडडूस, रीयूज और रिसायकलह के सिद्धांत को अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम में कोऑर्डिनेटर स्वाति अरोड़ा, मनजोत कौर, हर्षिका अरोड़ा, कोमल राणा, दीप्ति शर्मा, गुरजीत कौर, ज्योति, खुशबू, मोनिका, धनवीर सिंह, प्रशांत कुमार, प्रवेश कुमार, सुशील कुमार, सूरज जैन, विजय कुमार, निखिल आर्य, अशोक कुमार सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## गौ सम्मान अभियान को जनआंदोलन बनाने की तैयारी

**खतौली।** आगामी 27 अप्रैल को प्रस्तावित 'गौ सम्मान आह्वान अभियान' को सफल बनाने के उद्देश्य से मंगलवार शाम जुम्मा पैठ रोड स्थित भवानी धर्मशाला में विभिन्न संगठनों की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में सामाजिक और धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर अभियान को लेकर रणनी. तिक चर्चा की और इसे जन-जन तक पहुंचाने की योजना बनाई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एलआईसी एनिमल्स वेलफेयर के संस्थापक पुनीत अरोरा ने कहा कि गौ सेवा और संरक्षण केवल परंपरा नहीं, बल्कि समाज की साझा जिम्मेदारी है।

# ब्लेड मारकर उड़ाए 50 हजार

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना से शामली जा रही रोडवेज बस में सवार एक महिला के बैग पर ब्लेड मारकर शातिर चोरों ने 50 हजार रुपये नगद व लाखों रुपये कीमत के सोने के जेवरात उड़ा लिए। वारदात को अंजाम देने वाले दो अज्ञात व्यक्ति महिला को झांसा देकर बैग आगे ले गए और मौका पाकर बैग काट लिया। पीड़िता ने बुढ़ाना थाने पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता रेशमा पत्नी सुहेब निवासी कस्बा शाहपुर ने बुढ़ाना पुलिस को बताया कि वो बुढ़ाना से शामली जाने को बस में सवार हुई। बस में भीड़ का फायदा उठाकर दो अज्ञात व्यक्ति उसके पास आकर खड़े हो गए और उसका बैग उठाकर आगे ले जाने लगे। रेशमा ने बैग ले जाने से मना किया तो दोनों व्यक्तियों ने कहा कि हमने बैग सामने साइड में रख दिया है। महिला का ध्यान भटकते ही शातिरों ने ब्लेड या किसी धारदार वस्तु से बैग काट दिया और उसमें रखे 50 हजार रुपये नगद, सोने के दो जोड़ी झाले, एक हसली, एक जोड़ी पोहंची, हार व अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। कुछ देर बाद बैग चेक करने पर महिला को चोरी का पता चला तब तक दोनों आरोपी बस से उतरकर फरार हो चुके थे। घटना से घबराई महिला ने तुरंत बस कंडक्टर व अन्य सवारियों को जानकारी दी तो पीड़िता सीधे बुढाना कोतवाली गई।

# किताब भूलने पर टीचर ने ऑपरेशन वाले कान पर मारा थप्पड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** सनराइज पब्लिक स्कूल में पढ़ने वाले एक छात्र ने स्कूल अध्यापिका पर आरोप लगाकर कोतवाली में तहरीर दी है। छात्र सत्यम का आरोप है कि किताब भूल जाने पर अध्यापिका ने उसकी पिटाई की।

उसने पहले ही टीचर को बताया था कि उसके एक कान का ऑपरेशन हो रखा है इसके बाद भी अध्यापिका ने उसी कान पर थप्पड़ मार दिया जिससे उसे तेज दर्द शुरू हो गया। वह सनराइज पब्लिक स्कूल में पढ़ता है। कुछ दिन पहले वह गलती से एक विषय की किताब घर भूल गया था। इस पर कक्षा में पढ़ा रही अध्यापिका नाराज हो गई। उसने टीचर को पहले ही अवगत करा दिया था कि उसके एक कान का ऑपरेशन हुआ है और उस पर चोट न मारें। इसके बाद भी अध्यापिका ने उसी ऑपरेशन वाले कान पर जोर से थप्पड़ मार दिया। थप्पड़ लगने के बाद कान में तेज दर्द व बेचौनी होने पर छात्र ने घर पहुंचकर परिजनों को पूरी बात बताई। परिजनों के साथ देर रात छात्र बुढ़ाना कोतवाली पहुंचा और अध्यापिका के खिलाफ तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की। छात्र का कहना है कि चोट लगने से उसके ऑपरेशन वाले कान में सूजन व दर्द है। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि छात्र की तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले की जांच की जा रही है। छात्र का मेडिकल परीक्षण कराया जाएगा। जांच रिपोर्ट व मेडिकल के आधार पर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी और स्कूल के प्रबंधक और अध्यापिका का पक्ष भी लिया जाएगा।

# हीट वेव को लेकर अलर्ट, जारी हुई एडवाइजरी, दोपहर में घर से निकलने से बचें



**मुजफ्फरनगर।** जिले में बढ़ते तापमान और लू के प्रकोप को देखते हुए प्रशासन ने अलर्ट जारी कर दिया है। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) गजेंद्र कुमार ने जनहित में विस्तृत एडवाइजरी जारी करते हुए लोगों से सतर्क रहने और जरूरी सावधानियां अपनाने की अपील की गई है। प्रशासन ने साफ कहा है कि थोड़ी सी लापरवाही भी जानलेवा साबित हो सकती है। हीट वेव से बचाव के लिए सबसे जरूरी है कि लोग अधिक से अधिक पानी पिएं, चाहे प्यास न भी लगी हो। शरीर में पानी की कमी न होने दें और घर में बने पेय पदार्थ जैसे लस्सी, चावल का माड़, नींबू पानी और छाछ का नियमित सेवन करें। इसके साथ ही चाय, कॉफी और अधिक शर्करा युक्त ठंडे पेयों से दूरी बनाने की सलाह दी गई है।बाहर निकलने वालों के लिए खास हिदायत दी गई है कि हल्के रंग के ढीले और सूती कपड़े पहनें। सिर को ढककर रखें और छाता, टोपी या गमछे का इस्तेमाल जरूर करें। धूप में निकलते समय चेहरे, हाथ और पैरों को ढककर रखें तथा समय-समय पर गीले कपड़े से शरीर को ठंडा करते रहें।एडवाइजरी में कहा गया है कि यदि कोई व्यक्ति लू की चपेट में आ जाए तो उसे तुरंत छांव में लिटाएं, शरीर को गीले कपड़े से ठंडा करें या नहलाएं और आवश्यकता पड़ने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। हीट वेव के लक्षण जैसे कमजोरी, चक्कर आना, सिरदर्द, उल्टी, अत्यधिक पसीना या बेहोशी को नजरअंदाज न करें।प्रशासन ने विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और बीमार व्यक्तियों का ध्यान रखने को कहा है। दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच घर से बाहर निकलने से बचने की सख्त सलाह दी गई है। घर को ठंडा रखने के लिए दिन में खिड़कियों और पर्दों का उपयोग करें तथा रात के समय घर को खुला रखें। बार-बार स्नान करने और गीले कपड़ों का उपयोग करने की भी सलाह दी गई है। कार्यस्थलों पर श्रमिकों के लिए ठंडे स्थान, पर्याप्त पानी और विश्राम की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।

एडीएम गजेंद्र कुमार ने कहा कि जानवरों और बच्चों को बंद वाहनों में अकेला न छोड़ें। तेज धूप के समय घर के निचले हिस्से में रहने की कोशिश करें। गहरे रंग के भारी कपड़े पहनने से बचें और बासी या संदिग्ध खाद्य पदार्थों का सेवन न करें।?

# भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सुरक्षा को लेकर बैठक

**मुजफ्फरनगर।** भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, नई मंडी मुजफ्फरनगर में बच्चों की सुरक्षा एवं सहायता हेतु त्रेमासिक कन्वर्जन बैठक संपन्न

माननीय उच्च न्यायालय एवं महिला कल्याण निदेशालय, उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशों के अनुपालन में जनपद मुजफ्फरनगर में बच्चों की सुरक्षा एवं सहायता के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण त्रेमा. सिक कन्वर्जन बैठक का आयोजन भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, नई मंडी, मुजफ्फरनगर के सभागार में अत्यंत गरिमामय वातावरण में किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं वैदिक मंत्रेच्चारण के साथ हुआ, जिससे समूचा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत हो उठा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिविल जज (सीनियर डिवीजन) एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डॉ. सत्येंद्र कुमार चौधरी ने की।

इस अवसर पर जिला प्रोबेशन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, प्रशास. निक अधिकारी, विभिन्न थानों से आए बाल अधिकारीगण, विशेष किशोर न्यायिक बोर्ड, बाल कल्याण समिति एवं विभिन्न स्वैच्छिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार ने बालिकाओं से संबंधित पॉक्सो मामलों में गोपनीयता, क्षतिपूर्ति एवं विभागीय समन्वय पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम में अध्यक्ष डॉ. सत्येंद्र कुमार चौधरी ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि बालिकाओं के साथ होने वाले किसी भी अपराध में त्वरित, संवेदनशील एवं सुरक्षित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कार्यक्रम का प्रभावशाली मंच संचालन आचार्या दुर्गेश नंदिनी कौशिक द्वारा किया गया। अतिथियों का स्वागत पटका पहनाकर आचार्य नीशु कौशिक, रितु गोयल, ी सीमा सिंह एवं अर्चना त्यागी द्वारा किया गया। इसके अतिरिक्त बाल संरक्षण अधिकारी नीना त्यागी, हब सेंटर से शिवांगी बालियान, वन स्टॉप सेंटर से पूजा नरूला, चाइल्ड हेल्पलाइन से सचिन, जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन संस्था तथा ग्रामीण समाज विकास केंद्र के गजेंद्र सिंह सहित समस्त थानों के बाल अधिकारीगण एवं विद्यालय की शिक्षिकाओं की उपस्थिति कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाने वाली रही। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्या डॉ. वंदना शर्मा द्वारा सभी अतिथियों को विद्यालय का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# विद्यालय में पृथ्वी दिवस पर प्रदर्शनी का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संदीप कुमार (जिला बेसिक शिक्षा अधिक. ारी), विद्यालय की निर्देशिका श्रीमती चंचल सक्सेना एवं प्रधानाचार्या श्रीमती नीलम माहना जी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत समूह गानश यह कौन चित्रकार है शएवं सामूहिक नृत्य ने अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस के आयोजन को अत्यंत जीवंत एवं उत्साह पूर्ण बना दिया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा फीता काट कर विश्व धरोहर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। प्रदर्शनी में कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों ने भारत, फांस, स्पेन, यूनाइटेड किंगडम, चीन, नेपाल, जापान, रूस, मिस्र, ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, थाईलैंड, दक्षिण अफीका, मैक्सिको, संयुक्त राज्य अमेरिका आदि देशों की बिश्व धरो. हर स्थलों के सुंदर मॉडल प्रस्तुत किए साथ ही उन्होंने विभिन्न देशों के खान-पान, वेशभूषा, नृत्य, गीत, पारंपरिक त्योहार एवं राष्ट्रीय प्रतीकों के माध्यम से अपनी कला एवं ज्ञान का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलो. कन किया तथा विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय धरोहरों की सराहना की। अभिभावकों एवं गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को ओर भी बढ़ा दियाविद्यालय में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिए हअपनी छिपी प्रतिभा को प्रदर्शित करनेह का विशेष अवसर प्रदान किया गया, जिसमें अभिभावकों एवं विद्यार्थियों ने विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों मैं प्रतिभाग किया जैसे कृ शबेस्ट आउट ऑफ वेस्ट पर्यावरण जागरूकता पर पोस्टर निर्माण, हसेव अर्थ सेव फ्यूचर विषय पर पंपलेट/लीफलेट निर्माण, मिटी के गमलों की सजावट/पेंटिंग तथा पेपर बैग, टोट बैग एवं कपड़े के बैग बनाना आदि। इन सभी गतिविधियों में प्रतिभागियों ने अपनी सृजनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों(विद्यार्थियों एवं अभिभावकों) को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया तथा उपस्थित सभी अभिभावकों को एक पौधा भेंट स्वरूप देकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।निर्देशिका चंचल सक्सेना ने



विद्यार्थियों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमारी संस्कृति में पृथ्वी को 'माँ' का स्थान दिया गया है, अत: इसका संरक्षण करना हमारा प्रथम कर्तव्य है साथ ही विद्यालय प्रधानाचार्य नीलम माहना ने सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के महत्व पर भी प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को अपने दायित्वों के प्रति सजग रहने हेतु प्रेरित किया।कार्यक्रम का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि सभी विद्यार्थी न केवल पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देंगे, बल्कि विश्व सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण एवं सम्मान के प्रति भी जागरूक रहेंगे।आइए, मिलकर अपनी धरती एवं धरोहर को सुरक्षित और सुंदर बनाएँ।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# किसानों के विरोध पर रुका सड़क निर्माण

**☐ पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर की वार्ता।**
**☐ मुआवजे और जमीन की नाप को लेकर अड़े किसान, आंशिक सहमति के बाद भी नहीं सुलझा मामला।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** मेरठ-करनाल हाईवे सिंगार जाट फॉर्म से दुल्ला खेड़ी तक प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्य को लेकर किसानों के विरोध के बाद बुधवार को पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी व ठेकेदार मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के साथ वार्ता की। हालांकि बातचीत पूरी तरह सफल नहीं हो सकी, लेकिन कुछ बिंदुओं पर सहमति बनी है।

बताया गया कि पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़क निर्माण का ठेका मुजफ्फरनगर की रघुवंशी कंपनी को दिया गया है। जैसे ही ठेकेदार द्वारा मेरठ-करनाल हाईवे के पास निर्माण कार्य शुरू किया गया, स्थानीय किसानों ने मौके पर पहुंचकर विरोध शुरू कर दिया। किसानों का आरोप है कि ठेकेदार उनकी जमीन से मिट्टी उठाकर सड़क की पटरी बना रहा है, जिससे उनकी खेती योग्य भूमि प्रभावित हो रही है। किसानों ने स्पष्ट कहा कि पहले सरकारी जमीन की सही नाप कर ली जाए, उसके बाद ही निर्माण कार्य शुरू किया जाए। विरोध के चलते ठेकेदार को काम रोकना पड़ा। बुधवार को पीडब्ल्यूडी के एई सुरेंद्र शर्मा, जेई दीपतेश तोमर व कंपनी प्रतिनिधि विक्रांत कुमार ने किसानों से वार्ता की। बातचीत के दौरान यह सहमति बनी कि जिन खेतों से मिट्टी उठाई गई है, उसे वापस उन्हीं खेतों में डालकर समतल किया जाएगा। मामले की जटिलता का कारण सड़क और पटरी की चौड़ाई को लेकर



असहमति बताया जा रहा है। कागजों में पटरी की चौड़ाई केंद्र से 12 फीट दर्ज है, जबकि मौके पर 20 फीट चौड़ी सड़क और दोनों ओर करीब 4.5 फीट की पटरी बनाई जा रही है। किसानों का कहना है कि यदि उनकी अतिरिक्त जमीन अधिग्रहित की जाती है तो उसका उचित मुआवजा दिया जाए, तभी निर्माण कार्य शुरू होने दिया जाएगा।

वहीं जेई दीपतेश तोमर ने बताया कि फिलहाल सड़क निर्माण कार्य दुल्ला खेड़ी से खोकशा डाक बंगला तक ही किया जाएगा। आगे का कार्य किसानों की सहमति मिलने के बाद ही शुरू होगा। गौरतलब है कि यह विवाद लगभग एक किलोमीटर क्षेत्र तक सीमित है, जहां रजबाहा की चौड़ाई कम होने के कारण स्थिति जटिल हो गई है। इस दौरान ग्राम प्रधान ओमवीर सिंह, अर्जुन तोमर, हरजीत सिंह, जीतराम, शेर सिंह, डा. सोनू, अमित कुमार, अनिल कुमार, रविंद्र कुमार, राजू कुमार, शिव कुमार, मोहनलाल समेत कई किसान मौजूद रहे।



# थानाभवन पुलिस ने डंपर चोरी कांड का किया खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थानाभवन पुलिस ने डम्पर चोरी के मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक महिला आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए डम्पर से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज भी बरामद किए हैं जिससे पूरे मामले की कड़ियां जुड़ती नजर आ रही हैं। थाना भवन प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम मसावी निवासी नासिर का डम्पर ट्रक रजिस्ट्रेशन नंबर न्ज्ञ07ब्क 3986 को 16 मार्च 2026 की रात अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया था। इस संबंध में थानाभवन थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग अभियान के तहत थाना थानाभवन पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक महिला आरोपी इमराना पत्नी कमालुद्दीन निवासी ग्राम अकनाका थाना फिरोजपुर झिरका जनपद नूंह हरियाणा को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से डम्पर से संबंधित अहम दस्तावेज बरामद किए जिनमें रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की कॉपी चालक नौशाद का ड्राइविंग लाइसेंस,इंश्योरेंस पॉलिसी, नेशनल परमिट और सर्टिफिकेट फॉर्म-38 शामिल हैं।पुलिस का मानना है कि आरोपी का संबंध किसी बड़े वाहन चोरी गिरोह से हो सकता है जिसकी जांच गहनता से की जा रही है। फिलहाल गिरफ्तार महिला को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जा रहा है।थानाभवन पुलिस की इस कार्रवाई को क्षेत्र में वड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है, जिससे वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने में मदद मिले।

# सामने से आ रही बाइक को बचाने के प्रयास में हादसा, दो युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे में एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने का मामला सामने आया है। सामने से आ रही बाइक को बचाने के प्रयास में असंतुलित होकर दूसरी बाइक सड़क पर गिर गई, जिससे उस पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। खास बात यह रही कि दोनों घायलों ने हेलमेट नहीं पहना हुआ था, जिससे उनके सिर में गंभीर चोटें आई हैं।

जनपद मुजफ्फरनगर के थाना फुगाना क्षेत्र के गांव डूंगर निवासी अंकुर पुत्र प्रेम सिंह अपने पड़ोसी मित्र पंकज पुत्र हरपाल के साथ बाइक पर सवार होकर जनपद बागपत के थाना रमाला क्षेत्र के गांव असारा किसी कार्य से गए हुए थे। कार्य समाप्त कर दोनों मित्र देर शाम अपने गांव वापस लौट रहे थे। बताया जाता है कि जैसे ही दोनों युवक कस्बा स्थित रेलवे स्टेशन के समीप पहुंचे, तभी सामने से तेज गति से आ रही एक अन्य बाइक को बचाने के प्रयास में उनकी बाइक अचानक असंतुलित हो गई। देखते ही देखते बाइक सड़क पर फिसलकर गिर गई और दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस की मदद से कांधला के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने दोनों युवकों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### सड़क सुरक्षा को लेकर फिर उठा सवाल

इस हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि दोनों युवक हेलमेट पहने होते तो संभवत: चोटें इतनी गंभीर न होतीं। पुलिस और प्रशासन लगातार हेलमेट पहनने की अपील कर रहा है, लेकिन इसके बावजूद लोग लापरवाही बरत रहे हैं।

# महंतों ने दी भूख हड़ताल की चेतावनी

**☐ कचोरी नाथ मंदिर निर्माण कार्य में देरी पर बढ़ा आक्रोश।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** कस्बे के प्राचीन सिद्ध पीठ मंदिर कचोरी नाथ में चल रहे सौंदर्यीकरण निर्माण कार्य में भारी लापरवाही सामने आने के बाद अब मामला तूल पकड़ता जा रहा है। प्रदेश सरकार की योजना के तहत करीब 1 करोड़ 9 लाख रुपये की लागत से मंदिर परिसर में हॉल व कमरा अन्य निर्माण कार्य प्रस्तावित किए गए थे लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी कार्य अधूरा पड़ा है।

बताया जाता है कि ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य शुरू करते हुए मंदिर की दीवार तुड़वाई फिर पेड़ कटवाए गए और कुछ निर्माण सामग्री भी मौके पर डलवाई गई लेकिन इसके बाद काम पूरी तरह ठप हो गया। करीब तीन महीने से अधिक समय बीत जाने के बावजूद निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ा जिससे श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी है।मंदिर के पुजारी महंत योगी सतीश नाथ व योगी अर्जुन नाथ ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कर पूर्ण नहीं किया गया तो वे भूख हड़ताल पर बैठने को मजबूर होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि इस आंदोलन में अन्य साधु-संत और योगी समाज के लोग भी उनका समर्थन करेंगे।वहीं इस पूरे प्रकरण को लेकर कस्बे में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। कुछ लोगों का कहना है



कि अभी तक टेंडर प्रक्रिया भी पूरी नहीं हुई ऐसे में सवाल उठता है कि बिना औपचारिक प्रक्रिया के ठेकेदार ने मंदिर परिसर में तोड़फोड़ और पेड़ों की कटाई कैसे कर दी।मामले पर क्षेत्रीय विधायक अशरफ अली खान ने कहा कि वह इस मामले पर संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर ठेकेदार के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे और जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।धार्मिक आस्था से जुड़े इस महत्वपूर्ण स्थल पर हो रही अनदेखी से लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले में कितनी तेजी से कदम उठाता है या फिर महंतों को अपनी चेतावनी के अनुसार भूख हड़ताल का रास्ता अपनाना पड़ेगा।

मंदिर कमेटी के अध्यक्ष पुष्प अग्रवाल ने बताया कि ठेकेदार द्वारा 3 महीने पहले मंदिर परिसर की दीवार को तोड़ा गया था और जो मंदिर परिसर मे लगे पेड़ों को भी कटवाया गया था और कुछ ईट भी ठेकेदार द्वारा लाकर रखी गई थी । उसके बाद ठेकेदार ने वहां आकर कोई कार्य नहीं किया। इस संबंध में जब वह नगर पंचायत कार्यालय गए तो उन्हें वहां भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला ।

# बीएसए का जलालाबाद में औचक निरीक्षण

**☐ अवैध स्कूलों के खिलाफ सूची बनते ही कार्यवाही सुनिश्चित।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र में बिना मान्यता के चल रहे स्कूलों पर अब बड़ी कार्रवाई की तैयारी शुरू हो गई है। बेसिक शिक्षा अधिकारी लता राठौर ने बीआरसी कार्यालय जलालाबाद मे पहुंचकर विभागीय व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया और अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि अवैध स्कूलों के खिलाफ तुरंत ठोस कदम उठाए जाएं।

मुख्यालय पर तैनात खंड शिक्षा अधिकारी नरेंद्र सिंह और लिपिक भूमेश कुमार के साथ पहुंचे निरीक्षण दल ने खंड शिक्षा अधिकारी राहुल धामा से क्षेत्र में संचालित अमान्य स्कूलों की विस्तृत जानकारी ली। बीएसए ने स्पष्ट कहा कि ऐसे सभी स्कूलों की सूची तत्काल तैयार कर



मुख्यालय भेजी जाए ताकि टीम गठित कर छापेमारी अभियान चलाया जा सके।निरीक्षण के दौरान यह भी खुलासा हुआ कि जलालाबाद के पीठ मैदान में संचालित अल फतेह अकादमी को नोटिस जारी किया जा चुका है जबकि मोहल्ला नानू में चल रहे एक पब्लिक स्कूल को जल्द नोटिस भेजा जाएगा। वहीं ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल (इकरा नाम से संचालित) पर भी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। बीएसए ने दो टूक कहा कि बिना मान्यता स्कूल चलाना कानूनन अपराध है और यह बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।इसके बाद बीएसए ने जूनियर हाई स्कूल का निरीक्षण कर शिक्षा की गुणवत्ता का भी जायजा लिया। कक्षा 6 की छात्रा तनु और छात्र फैज से हिंदी पाठ पढ़वाया गया जबकि जैनब से गणित का सवाल हल कराया गया।

सवाल सही न होने पर बीएसए ने मौके पर ही पढ़ाने की विधि समझाते हुए शिक्षकों को भी शिक्षण स्तर सुधारने के निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद बीएसए पुन: बीआरसी कार्यालय पहुंचीं और खंड शिक्षा अधिकारी से विभागीय कार्यों की समीक्षा की। काफी देर तक चली बैठक में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने और अनियमितताओं पर लगाम कसने की रणनीति बनाई गई।बीएसए लता राठौर ने साफ चेतावनी दी कि थाना भवन और जलालाबाद सहित पूरे क्षेत्र में अवैध रूप से चल रहे स्कूलों पर जल्द ही संयुक्त टीम द्वारा छापेमारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि दोषी पाए जाने पर स्कूल संचालकों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी ताकि शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके।

# राजमहल पैलेस मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** गंगोह मार्ग स्थित राजमहल पैलेस के नवनिर्मित मंदिर में बुधवार को शिव परिवार एवं वेदमाता गायत्री की प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में भव्य धार्मिक आयोजन श्रद्धा, उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्रभर से सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे वातावरण को शिवमय बना दिया।

प्राण-प्रतिष्ठा के पश्चात मंदिर परिसर से भव्य परिक्रमा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह परिक्रमा गंगोह के मुख्य मार्ग से होते हुए पूर्व विधायक के आवास और पुलिस चौकी मार्ग से गुजरकर पुन: मंदिर परिसर में आकर संपन्न हुई। परिक्रमा के दौरान श्रद्धालु हर-हर महादेव के जयघोष करते नजर आए, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूब गया। मंदिर में आयोजित



प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को मुख्य आचार्य श्री तेजपाल शर्मा एवं अन्य विद्वान पंडितों ने विधिवत संपन्न कराया।

उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शिव परिवार और अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियों की स्थापना कराई। पूरे अनुष्ठान के दौरान श्रद्धालुओं ने आस्था के साथ भाग लिया और पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।इस अवसर पर ठाकुर करण सिंह, ठाकुर भीम सिंह सहित समस्त ठाकुर परिवार, विजय सिंगल दठेड़ा, मास्टर विकास दुधला, लाला हरिमोहन, लाला अर्जुन, लाला संदीप, लाला अनु, सत्यप्रकाश, चंपत राय कश्यप, देवेंद्र राठी, कृष्ण मुखिया सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस धार्मिक कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र में आध्यात्मिक जागरूकता बढ़ाना और सामाजिक एकता को मजबूत करना है। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर श्रद्धालुओं ने प्रसन्नता जताई और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की अपेक्षा व्यक्त की।

# मजदूरी मांगने पर युवक के साथ की गई मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बुधवार को एसपी कार्यालय पर दिए शिकायती पत्र में बताया कि कौसर ने मार्च में नाला निर्माण कार्य करने के लिए संपर्क किया था। दोनों के बीच 350 रुपये प्रति मीटर की दर से 310 मीटर नाला बनाने का काम तय हुआ था।

पीडित ने इस काम को 9 मार्च को शुरू किया और अब तक पूरा कर लिया है। कुल मजदूरी 1.10 लाख रुपये मजदूरी बन चुकी है।लेकिन जब पीडित ने अपनी मजदूरी का भुगतान मांगा, तो ठेकेदार उसे टालता रहा और अब अपनी मजदूरी देने में आनाकानी कर रहा है। इसके साथ ही, जब पीडित ने उससे फिर से संपर्क किया, तो ठेकेदार ने उसे गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीडित ने मामले में जांच कर कार्यवाही की गुहार लगाई है।

# सड़कों पर खुलेआम दौड़ रहे खटारा वाहन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** मानकों की अनदेखी कर खटारा पिक अप कार में पानी के कैम्पर भरकर सप्लाई की जा रही है। कस्बा निवासी एक समाज सेवी युवक ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है।

योगी सरकार में हर विभागीय अधिकारी अपनी डडूटी को लेकर पूरी तरह सजग है। लेकिन कुछ विभागीय अधिकारियों की अनदेखी के चलते अनियमिताएं कही ना कही दिखाई दे जाती है। ऐसा ही एक मामला कस्बे की सड़कों पर नजर आया है। एक खटारा पिक गाड़ी खुले आम



सड़कों पर दौड़ रही है। इस पिकअप गाड़ी में पानी के कैम्पर भरकर सप्लाई की जाती है। इतना ही नहीं इस गाड़ी में पानी से भरा एक बड़ा टैंक भी रखा हुआ होता है।

राम भरोसे सड़कों पर दौड़ रही यह पिक अप कार का दूसरा नाम चलता फिरता यमराज कहना अनुचित नहीं होगा। बेखौफ होकर दौड़ रही यह पिक अप कार विभागीय अधिकारियों को खुलेआम चुनौती दे रही है। सूत्रों की माने तो यह पिक अप कार सीमावर्ती जनपद बागपत स्थित एक पानी के प्लांट की है। मामले में एआरटीओ रोहित कुमार का कहना है कि मामला जानकारी में नहीं है। जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

# दिनदहाड़े बाजार से हुई युवती अगवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू में दिनदहाड़े बाजार से एक युवती के अपहरण का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने नामजद समेत कई आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव गंगेरू निवासी साजिद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 11 अप्रैल को उसकी करीब 26 वर्षीय बेटी अपनी बड़ी बहन शहजादी और छोटी बहन फरीन के साथ कांधला बाजार में शादी का सामान खरीदने गई थी।

आरोप है कि इसी दौरान पहले से परिचित कुछ युवक युवती को बहला-फुसलाकर जबरन अपने साथ ले गए।बताया गया कि जब दोनों बहनों ने विरोध किया तो आरोपियों ने तमंचा दिखाकर उन्हें जान से मारने की धमकी दी और युवती को लेकर फरार हो गए। घटना के बाद परिजनों में अफरा-तफरी मच गई।पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने सोएब, अकरम, सोनू, अमजद समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# खुरगान में हरियाणा नार्कोटिक्स की दबिश, आरोपी हुआ फरार

**☐ एनडीपीएस एक्ट के मामले में स्थानीय पुलिस संग की कार्रवाई, आमद दर्ज कर लौट गई टीम।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में कार्रवाई करते हुए हरियाणा नार्कोटिक्स विभाग की टीम ने बुधवार सुबह गांव इस्सोपुर खुरगान में दबिश दी। हालांकि टीम के पहुंचने से पहले ही आरोपी फरार हो गया, जिसके चलते उसे गिरफ्तार नहीं किया जा सका।

जानकारी के अनुसार, हरियाणा नार्कोटिक्स विभाग की टीम एएसआई नरेंद्र के नेतृत्व में कैराना कोतवाली पहुंची। यहां टीम ने विधिवत आमद दर्ज कराई और स्थानीय पुलिस को साथ लेकर गांव इस्सोपुर खुरगान में संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दी। पुलिस टीम ने काफी देर तक आरोपी की तलाश में छानबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। बताया जा रहा है कि आरोपी को कार्रवाई की भनक लग गई थी,जिसके चलते वह पहले ही मौके से फरार हो गया। कार्रवाई पूरी करने के बाद नार्कोटिक्स विभाग की टीम बैरंग लौट गई।

वहीं, पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर तलाश में जुटी हुई है। नशा तस्करो को लेकर चल रही कार्रवाई से क्षेत्र में नशा तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है और सभी फरार चल रहे है।

# ईदगाह मैदान में लगा भव्य मेडिकल कैम्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कस्बे के ईदगाह मैदान में बुधवार को साथी सेवा समिति की ओर से भव्य निरूशुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में मरीजों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। कैम्प में देहरादून स्थित श्री महंत इंद्रेश अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टरों ने मरीजों की आंखों की जांच की और आवश्यक परामर्श दिया। इस दौरान सभी मरीजों को निरूशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। जिन मरीजों की आंखों का ऑपरेशन आवश्यक पाया गया, उनके लिए गुरुवार सुबह 9 बजे विशेष बस की व्यवस्था की गई है, जो उन्हें अस्पताल ले जाकर ऑपरेशन के बाद वापस लाएगी। इसके अलावा, 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के लिए शिविर में सहायक उपकरणों का निरूशुल्क वितरण किया जाएगा। इनमें कान की मशीन, बैसाखी, छड़ी (बैठने वाली छड़ी सहित), व्हीलचेयर, वॉकर, ट्राई साइकिल, सिविकॉन फोम कमोड कुर्सी और घुटने की बेल्ट शामिल हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के अध्यक्ष उमर शमशाद अंसारी ने फीता काटकर किया। इस मौके पर सचिव मो0 शादाब अंसारी, नदीम अंसारी, डॉक्टर जफर सिद्दीकी, डॉक्टर असद अंसारी, डॉ.आबिद, राशिद अंसारी, इकराम अंसारी, कारी मुजम्मिल,उपाध्यक्ष नवाब अंसारी उर्फ शुक्कन पहलवान और हाफिज मुस्तकीम समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## विश्व पृथ्वी दिवस मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बुधवार को विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय की छात्राओं को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें धरती को हरा-भरा रखने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कविता ने कहा कि बढ़ता प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग आज पूरी दुनिया के लिए गंभीर चुनौती बन चुके हैं। उन्होंने कहा, पृथ्वी केवल एक ग्रह नहीं, बल्कि हमारी माता है, जो हमें जीवन देती है। अगर हम अब सचेत नहीं हुए, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए संकट खड़ा हो जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त शिक्षक स्टाफ और छात्राएं उपस्थित रही।

# आग की भेंट चढ़ी गेंहू की फसल व पोपलर के पेड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पहले असमय बारिश और खेतों के ऊपर से गुजर रही बिजली की तारों ने कोहराम मचा रखा है। बिजली के तारों में उठने वाली छोटी सी चिंगारी भी तैयार गेंहू की फसल को जलाकर राख कर रही है।

थाना कोतवाली देहात के ग्राम बेहडेकी निवासी रिखीराम त्यागी पुत्र स्व.रामजीलाल त्यागी के खेत में बिजली का तार टूटकर गिर जाने से आग लग गई। रिखीराम के अनुसार उसके खेत के ऊपर कैलाशपुर फीडर से संचालित बिजली की लाइन गुजर रही है। उसने अपने खेत में पोपलर के पेड और गेंहू की फसल बो रखी थी। उसके खेत में 21 अप्रैल की दोपहर बिजली का तार टूटकर गिर गई। जिससे उसके खेत में आग



लग गई और करीब 6 बीघा खेत में तैयार गेंहू की फसल व पोपलर के 3 साल के करीब 200 पेड जलकर राख हो गये। जिससे उसे करीब साढे छह लाख रुपये का नुकसान पहुंचा है।

वहीं मानकमऊ निवासी आशीष पुत्र महीपाल के खेत में भी बिजली के जर्जर तारों व ट्रांसफार्मर के कारण 10 बीघा खेत में आग लग गई। जिससे खेत में खडी तैयार गेंहू की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने आग पर काबू करने का भरसक प्रयास किया।

सूचना पर डायल 112 और फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंची और आग पर काबू किया, लेकिन



तब तक भारी नुकसान हो चुका था।

# पुलिस मुठभेड़ में पकड़ा गल्ला चोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तीतरों।** दुकान के गल्ले में रखें हजारों रुपए चुराने वाले आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से पचास हजार की रकम तथा एक तमंचा भी बरामद किया है।



लगभग 20 दिन पहले कस्बा निवासी गौतम कश्यप की दुकान से साठ हजार रूपये की नगदी चुरा ली गई थी। गौतम कश्यप उस समय दुकान पर नहीं थे। दुकान पर उनका बेटा बैठा हुआ था। पुलिस टीम द्वारा सालियर तिराहे पर चैकिंग की जा रही थी तभी एक व्यक्ति झिंझाना की तरफ जाने वाले रोड के किनारे स्थित बाग में तमंचे के साथ खडा था जो किसी घटना को अन्जाम देने की फिराक में था। संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग करने के बाद भागने लगा। जवाबी फायरिंग में बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगने के बाद उसे गिरफ्तार किया गया। बदमाश की पहचान फातिर पुत्र हमीद खान निवासी मौहल्ला कोटला कस्बा व थाना गंगोह के रूप में हुई। बदमाश को प्राथमिक उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना प्रभारी विकास चारण ने बताया विभिन्न थानों पर करीब आधा दर्जन से अधिक अभियोग अभियुक्त के खिलाफ पंजीकृत है। गिरफ्तार बदमाश के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, एक जिंदा, दो खोखा कारतूस 315 बोर व चोरी गये पचास रुपये नगद बरामद हुए।

थाना प्रभारी ने बताया कि 20 दिन पूर्व कस्बा तीतरों में क्रॉकरी की एक दुकान से साठ हजार रूपये चोरी किये थे जिनमें से चालीस हजार रुपए बरामद कर लिए गए हैं। बीस हजार रूपये खाने-पीने में खर्च कर दिए है। पंद्रह हजार की रकम आरोपी ने जनपद मुजफ्फरनगर की एक दुकान से चोरी किए थे जिनमें से दस हजार बरामद कर लिए गए हैं।

# विश्व पृथ्वी दिवस पर लगाए पौधे




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर आईटीसी मिशन सुनहरा कल के अंतर्गत मोहल्ला समितियों, पार्षद, स्थानीय नागरिकों एवं उमंग सुनहरा कल सेवा समिति की टीम के संयुक्त प्रयास से एक सराहनीय वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया गया और सभी उपस्थित लोगों को पृथ्वी की सुरक्षा एवं स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प दिलाया गया। साथ ही, सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए इसके उपयोग से बचने के लिए प्रेरित किया।

पार्षद सीमा कात्यानी एडवोकेट एवं पूर्व सभासद मनमोहन जुनेजा, आईटीसी से कार्यक्रम प्रबंधक प्रकाश कुमार दव आदि ने पर्यावरण संरक्षण के लिये पौधारोपण का महत्व बताया।

## खनन परिवहन करते 3 वाहन सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना पुलिस पुलिस टीम ने अवैध खनन परिवहन करने वाले 3 वाहन ट्रैक्टर ट्राली को बिना वैध प्रपत्र पकड़ा। जिनको सीज कर थाना परिसर में खड़ा कराया गया।

सीओ सदर मुनीश चन्द्र के निकट पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी सिमरन सिंह आईपीएस की अगुवाई में 21अप्रैल मंगलवार की रात्रि को पुलिस टीम द्वारा दौराने चैकिंग टोडरपुर पंचकुआ मार्ग पर 3 वाहन ट्रैक्टर मय ट्राली को अवैध रूप से यमुना नदी से बोल्डर यानि मोटा पत्थर भरकर बिना खनन परिपत्र के परिवहन करते हुए पाये जाने के कारण मौके से पकड़ा गया।

# महिला आरक्षण विधेयक शीघ्र लागू हो: श्वेता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती श्वेता सैनी के नेतृत्व में महिला आरक्षण विधेयक को शीघ्र लागू कराने की मांग को लेकर एक ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम उप जिलाधिकारी रामपुर मनिहारान के माध्यम से सौंपा गया।

महिला कॉंग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती श्वेता सैनी के नेतृत्व में तहसील पहुँची महिला कार्यकर्ताओं ने एसडीएम डॉ पूर्वा शर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि देश की महिलाओं को राजनीति में उचित प्रतिनिधित्व प्रदान करने हेतु महिला आरक्षण अत्यंत आवश्यक



है। लंबे समय से लोकसभा एवं विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग की जाती रही है, जिससे लोकतंत्र को और अधिक मजबूत एवं समावेशी बनाया जा सके। महिला आरक्षण को जनगणना एवं परिसीमन जैसी प्रक्रियाओं से जोड़कर विलंबित करना उचित नहीं है। वर्तमान सदन की संख्या के आधार पर भी इसे तत्काल लागू किया जा सकता है। यदि भविष्य में परिसीमन आवश्यक हो, तो संवैधानिक प्रक्रिया के माध्यम से सीटों में वृद्धि की जा सकती है।ज्ञापन में कहा गया है कि महिलाओं को उनका अधिकार देने में किसी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। महिला आरक्षण लागू होने से देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था और अधिक सशक्त होगी तथा महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी। महिला कांग्रेस ने राष्ट्रपति से अनुरोध किया है कि महिला आरक्षण विधेयक को बिना अनावश्यक विलंब के शीघ्र लागू कराने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएं।

इस दौरान श्रीमती सीता भारद्वाज, बेबी, प्रीति, सीमा, सरोज, नेहा, पूजा, निशात, सीमा, रुखसार आदि मौजूद रहीं।

# युसरा को मिला गोल्ड मेडल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** ब्लाक नागल की गांव पीरड निवासी युसरा सिद्दीकी को जामिया हमदर्द यूनिवर्सिटी नई दिल्ली में आयोजित वर्ष 2026 के वार्षिक दीक्षांत समारोह में मास्टर इन ह्यूमन राइट्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। उसकी इस उपलब्धि पर परिवार मे खुशी का माहौल है वहीं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है । समारोह में देश की प्रतिष्ठित शैक्षिक, न्यायिक और सामाजिक हस्तियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस जस्टिस सूर्यकांत थे। युसरा सिद्दीकी का संबंध एक मध्यमवर्गीय शिक्षा-प्रेमी ग्रामीण परिवार से है। उनके पिता इंतजार हसन ने बेटी की सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि केवल उनकी बेटी की मेहनत ही नहीं, बल्कि दृढ़ संकल्प और निरंतर प्रयास का परिणाम है। युसरा सिद्दीकी ने प्रारंभिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और हर चरण में उल्लेखनीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने यूजीसी नेट परीक्षा में 98.6 प्रतिशत अंकों के साथ सफलता प्राप्त की और पीएचडी के लिए योग्यता हासिल की। इसके बाद उन्होंने वीमेंस स्टडीज के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की।

# पौधे लगा पर्यावरण को संरक्षित करें: डा. अंजू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** विश्व पृथ्वी दिवस पर इंद्रप्रस्थ इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें संस्थान परिसर में व्यापक स्तर पर पौधारोपण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण से संबंधित जागरूकता संदेश भी साझा किए गए, जिनमें प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में ग्रुप निदेशक डॉ. अंजू वालिया ने कहा कि विश्व पृथ्वी दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि पृथ्वी केवल एक ग्रह नहीं,



बल्कि हमारी जीवनदाता है। आज के समय में जिस प्रकार प्रदूषण, वनों की कटाई और जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं, वे हमारे अस्तित्व के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी हैं। पौधारोपण केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि यह एक सतत प्रक्रिया है। जब तक हम लगाए गए पौधों की देखभाल नहीं करेंगे, तब तक हमारे प्रयास पूर्ण नहीं माने जाएंगे।

उप निदेशक आशुतोष गुप्ता ने कहा कि वर्तमान समय में मानव की अनियंत्रित गति. विधियों के कारण प्राकृतिक संसाधनों पर अत्यधिक दबाव बढ़ गया है। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो भविष्य में गंभीर पर्यावरणीय संकट उत्पन्न हो सकता है। अत: सभी को मिलकर जागरूकता फैलाने और पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को जन-आंदोलन का रूप देने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर संस्थान का समस्त स्टाफ, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# पालतू कुत्ते के काटने से एक व्यक्ति गंभीर, मुकदमा दर्ज

**चिलकाना।** क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति को पड़ोसी द्वारा पाले गये कुत्ते के काटने के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित के पुत्र ने थाना पर तहरीर देकर कुत्ते के मालिक के खिलाफ कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की।

ग्राम पटनी निवासी सूरज सैनी पुत्र अरविन्द सैनी ने थाना पर तहरीर देते हुए बताया कि उसके पड़ोसी पुनित उर्फ भीम ने सबसे खूंखार प्रजाति रोढवाइलर नस्ल का कुत्ता पाला हुआ है। जो कि अत्यधिक हिंसक स्वभाव का है। आरोप है कि इस पालतू कुत्ते ने अपने हिंसक स्वभाव के कारण पीड़ित के पिता अरविन्द सैनी को काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिनको उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज पिलखनी में भर्ती कराया गया।

आरोप है कि यदि इस बाबत कुत्ते के मालिक पुनित से शिकायत की गयी तो उसके द्वारा गाली गलौज करते हुए धमकी दी गई। जब पीड़ित द्वारा पुलिस को इस विषय मे शिकायत की गयी तो वह पुलिस के आने से पहले ही कुत्ते को लेकर कहीं फरार हो गया। पुलिस ने पीडित की तहरीर पर आरोपी पुनित के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी।

# कृषि फार्म से बेशकीमती पेड़ों की चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** कस्बे के निकट काद. रपुर मार्ग पर स्थित एक कृषि फार्म हाउस से लकड़ी चोरों द्वारा हजारों रु कीमत के बेशकीमती पेड़ो काट लिए गए है।

कोतवाली बेहट क्षेत्र के गांव शाहपुर निवासी राजेन्द्र कुमार राणा पुत्र रणजीत सिंह ने कोतवाली बेहट पुलिस को दी गई तहरीर मे बताया कि वह वरिष्ठ भाजपा नेता एवं नामित सभासद सुनील राजदेव के कस्बा बेहट के पास कादरपुर मार्ग पर स्थित कृषि फार्म हाउस की देखभाल करता है पिछले कई दिनों से लकड़ी चोर हजारों रु के कीमती पेड़ों को काटकर चोरी कर के ले जा रहे थे जब वह फार्म के अन्दर देखने के



लिए चक्कर लगा ने लगा तो उसे एक व्यक्ति पेड़ काट रहा था जब में उस के पास जाने लगा तो वह मौके पर अपना मोबाइल और मोटर साइकल रेहड़ा मौके पर छोड़कर फरार हो गया उस ने उस को तलाश भी किया मगर वह नहीं मिला है। इस की सूचना उसने अपने फार्म मालिक को दी तो फार्म मालिक भी मौके पर पहुंचे और घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर मोबाइल और रेहड़ा को कब्जे में ले लिया। फार्म माली की तरफ से गांव जढ़ेहड़ी पठानपुरा निवासी एक व्यक्ति के नामजद तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

# प्रगणकों व पर्यवेक्षकों को दिया प्रशिक्षण



**शाह टाइम्स संवादाता**

**नकुड़।** भारत की जनगणना 2027 की तैयारियों के तहत स्थानीय केएलजीएम इंटर कॉलेज में प्रगणकों व पर्यवेक्षकों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में घर-घर जाकर मकान सूचीकरण, मकानों की गणना एवं जनगणना की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया गया, साथ ही डेमो जनगणना भी कराई गई।

फील्ड ट्रेनर्स नाथीराम व मुकेश कुमार कुशवाह ने बताया कि जनगणना 2027 पूर्णत: डिजिटल होगी, जिसमें सभी पर्यवेक्षकों और प्रगणकों को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन सावधानीपूर्वक करना होगा। जनगणना चार्ज अधिकारी विजय प्रताप सिंह ने कहा कि इस बार डिजिटल जनगणना के साथ 'स्व-गणना' का विकल्प भी उपलब्ध रहेगा। उन्होंने सभी कर्मियों से कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने का आह्वान किया। जनगणना लिपिक आशीष कुमार शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण दो चरणों में होगा, जिसका दूसरा चरण 27 से 29 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण में सहेन्दर पाल, राजेश जैन, अनूप कुमार, संगीता रानी, विनोद कुमार, संजय कुमार, संदीप, योगिता बाला, रश्मि, जयबीर सहित आदि ने भाग लिया।

**NOTICE**

I, Mohammad Samun S/o Haroon, R/o- Ho. No. 92/112, Bairoon KOTLA, Ps.Deoband, Dst. Saharanpur, U.P. 247554, have changed my child Name MOHAMMAD ZOHAN GOUR changed to Mohammad Zohan for all future purposes.

**सूचना**

हमने अपने पुत्र प्रिंस व पुत्रवधू नैना को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो के हम व हमारा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**हरि सिंह पुत्र शेर सिंह व श्रीमति अनिता पत्नि हरि सिंह निवासीगण सडक दूधली, थाना जनकपुरी, जिला सहारनपुर।**

## मनुष्य लालच में आकर कर रहा प्रकृति से खिलवाड़: शीतल

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष शीतल टण्डन ने कहा कि पृथ्वी ने हमें हमारी आवश्यकता की सभी वस्तुएं दी हैं, मनुष्य ने लालच में आकर प्रकृति के साथ खिलवाड़ किया है।

**सूचना**

**मैने अपना नाम मोहम्मद नदीम पुत्र मोहम्मद रफीक से बदलकर मोहम्मद नदीम पुत्र मोहम्मद इरशाद निवासी मोहल्ला मजहर हसन चिलकाना सहारनपुर रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये।**

# स्मैक नशे का प्रकोप, युवा पीढ़ी बर्बादी के कगार पर..!

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर क्षेत्र में स्मैक का नशा तेजी से फैल रहा है और युवा पीढ़ी को अपनी चपेट में लेते हुए एक गंभीर संकट का रूप ले चुका है। इस खतरनाक मादक पदार्थ की लत ने न सिर्फ युवाओं की जिंदगी तबाह कर दी है, बल्कि पूरे परिवारों और समाज को गहरे संकट में डाल दिया है सस्ता और बेहद नशीला होने के कारण स्मैक शहरी ग्रामीण दोनों इलाकों में आसानी से उपलब्ध हो रही है युवा इसके शिकार हो रहे हैं और लत इतनी गहरी हो चुकी है कि इसके बिना उनका एक दिन भी नहीं गुजरता।

नशे की तलब पूरी करने के लिए कई युवा अपने ही घरों में चोरी करने लगे हैं परिवार अपने बच्चों को इस दलदल से निकालने के लिए नशा मुक्ति केंद्रों और डॉक्टरों का सहारा ले रहे हैं लेकिन सफलता अभी भी मुश्किल नजर आ रही है पुलिस की छापेमारी और गिरफ्तारियों के



बावजूद नशे का यह कारोबार थम नहीं रहा है पुलिस स्मैक तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है और आए दिन बड़ी खेप जब्त होने की खबरें आ रही हैं फिर भी विशेषज्ञों का मानना है कि छोटे-मोटे तस्कर तो पकड़े जा रहे हैं लेकिन इस धंधे के मास्टरमाइंड अभी भी कानून की पकड़ से बाहर हैं नशे की सप्लाई चेन इतनी मजबूत और छिपी हुई है कि इसे पूरी तरह समाप्त करने के लिए और व्यापक रणनीति की जरूरत है एडवोकेट संदीप कांबोज ने कहा पुलिस की कार्रवाई अकेले काफी नहीं है इस जंग को जीतने के लिए जनता का सक्रिय सहयोग अब अपरिहार्य हो गया है माता पिता शिक्षक सामाजिक संगठन और स्थानीय नेता सभी को मिलकर युवाओं को नशे के खतरों के प्रति जागरूक करना होगा पड़ोसियों को संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखनी चाहिए और पुलिस को समय पर सूचना देनी चाहिए परिवारों की पीड़ा बेहद दर्दनाक है एक मां ने रोते हुए बताया मेरा बेटा स्मैक की लत में फंसकर घर से सामान चुराकर बेचने लगा है हम बार बार समझाते हैं लेकिन वह नहीं मानता नशे की वजह से चोरी हिंसा और लूट जैसी घटनाएं भी क्षेत्र में बढ़ रही हैं, जो पूरे समाज पर बोझ बन रही हैं इस समस्या से निपटने के लिए पुलिस और जनता को कंधे से कंधा मिलाकर लड़ना होगा सरकार को बड़े स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने बेहतर नशा मुक्ति केंद्र स्थापित करने और सख्त कानून लागू करने की जरूरत है साथ ही युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए शिक्षा रोजगार और खेलकूद जैसी सकारात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देना होगा छुटमलपुर में स्मैक का बढ़ता प्रकोप एक बड़ी चेतावनी है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि थाना नागल पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 374/24 में अभियुक्त अनवर मिस्त्री पुत्र शराफत उर्फ लील्ला निवासी ग्राम लंढोरा गुर्जर थाना रामपुर मनिहारान जिला सहारनपुर लगातार फरार चल रहा है जिसमें अभियुक्त के विरुद्ध धारा 84 BNSS की कार्रवाई की जाती है।

**विवेचक उप निरीक्षक**
**सुरेंद्र प्रताप सिंह, थाना नागल**
**जिला सहारनपुर।**

## बाइक सवार घायल

**चिलकाना।** सहारनपुर रोड पर ग्राम कातला कलां के निकट रेहडे व बाइक के बीच हुई आमने सामने की जबरदस्त भिड़ंत में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। डॉयल 112 पुलिस ने राहगीरों व ग्रामीणों की मदद से घायल को अस्पताल भिजवाया।

मंगलवार की देर रात को चिलकाना क्षेत्र के ग्राम दूधगढ निवासी युवक आसिफ पुत्र ताहिर अपनी बाइक पर सवार होकर अपने गांव से सहारनपुर जा रहा था। जैसे ही वह क्षेत्र के ग्राम कातला कलां के निकट पहुंचा तभी सामने से आ रहे चोक्कर से भरे हुए एक रेहडे ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में आसिफ गंभीर रूप से घायल हो गया।

**कार्यालय सहारनपुर विकास प्राधिकरण, सहारनपुर**

पत्रांक: 196/स.वि.प्रा./जोन-08/2025-26 दिनांक: 22.04.2026

**सार्वजनिक सूचना**

श्रीमती पूजा जैन पत्नी श्री निपुण जैन, निवासी 2बी/1603 अहमदबाग काला. नी, सहारनपुर द्वारा भूखण्ड सं.-17, खसरा सं.-225मि, दरा मिलकाना, कैलाश विहार कालोनी, सहारनपुर में क्षेत्रफल 316.20 वर्ग मी., क्षेत्र में भूतल का व्यावसायिक (Automobile Showroom) के निर्माण हेतु मानचित्र प्रस्तुत किया गया है। सहारनपुर महायोजना-2031 में प्रश्नगत स्थल का भू-उपयोग 'आवासीय' के अंतर्गत आता है। प्रश्नगत स्थल 45.00 मीटर चौड़े महायोजना मार्ग पर स्थित है। मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि एवं मॉडल जोनिंग रेगुलेशन्स-2025 के प्राविधानों के अनुसार आवासीय भू-उपयोग में उक्त क्रिया अनुमन्य है। प्रश्नगत स्थल पर उक्त निर्माण को स्वीकृति दिये जाने से पूर्व जो. निंग रेगुलेशंस के प्राविधानों के अनुसार दो समाचार पत्रों के माध्यम से जन सामान्य से 15 दिवस के अन्दर आपत्ति/सुझाव प्राप्त किये जाने का प्राविधान है।

एतद्द्वारा जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि प्रश्नगत स्थल पर उक्त ऑनलाइन मानचित्र को स्वीकृति प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में यदि किसी की कोई आपत्ति/सुझाव हो तो सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथि के 15 दिवस के अन्दर उपाध्यक्ष, सहारनपुर विकास प्राधिकरण, सहारनपुर के कार्यालय में उपलब्ध करा सकते है। **सचिव - सहारनपुर विकास प्राधिकरण, सहारनपुर।**

# पुलिस ने चोरों सहित चोरी का माल किया बरामद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** पुलिस ने रोशन कॉलोनी स्थित बंद मकान में हुई चोरी का खुलासा करते हुए दो चोरों को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद कर आरोपियों का चालान कर उन्हें न्यायालय के पेश किया जहां उन्हें न्यायिक हिरासत भेज दिया गया।

खानकाह पुलिस चौकी क्षेत्र की रोशन कॉलोनी निवासी नईम की पत्नी आसमा ने कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। बताया था कि 20 अप्रैल की रात चोरों ने मकान के ताले तोड़कर वहां रखे सोने चांदी के आभूषण और करीब 50 हजार रुपये की नकदी चोरी की थी। जांच में जुटी पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर रोशन कॉलोनी निवासी शाहनजर उर्फ जनरेटर और सैय्यद कॉलोनी निवासी शुऐब को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से आभूषण और 8500 रुपये की नकदी बरामद हुई है। पुलिस के मुताबिक आरोपी शाहनजर और शुऐब के विरुद्ध देवबंद और थाना नागल में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरो. पियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# सीओ को दिया शिकायती पत्र

**देवबन्द।** आयुषमान कार्ड बनवाने के नाम पर दस हजार रुपये हड़पने एवं वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी को शिकायती पत्र देकर जांच कर उचित कार्रवाई किये जाने की मांग की है। देवबंद तहसील क्षेत्र के थाना नागल निवासी हिमांशु शर्मा ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया की उसकी माता बीमार हैं जिनका उपचार उत्तराखंड स्थित ऋषिकेश के एम्स में होना है। पीडित ने बताय कि प्रार्थी के संपर्क में आए सहारनपुर के नया जवाहर पार्क निवासी एक व्यक्ति ने उससे दस हजार रुपये में आयुषमान कार्ड बनवाने का वादा किया। जिसके चलते उसने आठ हजार रुपये नकद और दो हजार रुपये ऑनलाइन उसके खाते में डाल दिए थे। आरोप है कि रुपये लेने के बाद भी जब काफी समय तक आयुषमान कार्ड नहीं बना तो उसने रुपये मांगे तो आरोपी उसके साथ अभद्रता एवं फर्जीवाड़े में फंसवाने की धमकी देने लगा। बताया कि आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी फर्जीवाड़ा और धोखाधड़ी के सहारनपुर समेत अन्य थानो में मुकदमें दर्ज हैं। पीडित ने उसके रुपये वापिस कराए जाने की मांग की।

# बच्चों ने पोस्टरों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** शिक्षण संस्थाओं में पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने पोस्टरों और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

दून वैली पब्लिक स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। छात्रों ने पोस्टर और विभिन्न स्लोगन के माध्यम से हरित पृथ्वी, सुरक्षित भविष्य का संदेश दिया। छात्रों ने प्रकृति की रक्षा के लिए पौधरोपण करने, जल की बचत करने और प्लास्टिक का उपयोग कम कर पृथ्वी को प्रदूषण मुक्त रखने का संकल्प लिया। चेयरमैन राजकिशोर गुप्ता व प्रधानाचार्या सीमा शर्मा ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करने का प्रभावी माध्यम है। आरके पब्लिक स्कूल में छात्रों ने पोस्टर मे.





कंग, भाषण एवं निबंध प्रतियोगिताएं हुई। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। विद्यालय के चेयरमैन राजेश चौहान, डा. कुलदीप राणा और प्रधानाचार्या मोनिका कपूर ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना तथा पृथ्वी को स्वच्छ और हरा भरा बनाए रखने के लिए प्रेरित करना था। राजकीय माडल महाविद्यालय कपूरी गोविंदपुर रोवर्स रेंजर्स और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में क्विज प्रतियोगिता हुई। इसमें पर्यावरण से जुड़े विभिन्न विषयों जैसे जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता, प्रदूषण नियंत्रण आदि से संबंधित प्रश्न पूछे गए। प्राचार्य डा. राकेश कुमार, डा. रेणु रानी, डा. पूर्णिमा सिंह, डा. धीर सिंह शामिल रहे।

# महिलाओं को अफवाहों के प्रति किया जागरूक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** मिशन शक्ति फेज-5 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम हुए। महिला पुलिस ने नारी सम्मान, सुरक्षा व स्वावलंबन की जानकारी दी। खासतौर पर डिजिटल अरेस्टिंग की झूठी अफवाह के प्रति जागरूकता फैलाई गई।

एंटी रोमियो व मिशन शक्ति टीम ने रेलवे रोड, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, मीना बाजार व कई अन्य भीड़भाड़ वाले इलाकों में पहुंच महिलाओं और युवतियों को डिजिटल अरेस्टिंग की झूठी अफवाह के बारे में समझाया गया। बताया गया कि यदि आपके पास कोई डिजिटल अरेस्टिंग को लेकर कोई कॉल आए तो घबराएं नहीं, तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दें। इस दौरान सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं के अलावा वूमेन पावर, साइबर अपराध, एंबुलेंस सेवा समेत अन्य आपातकालीन नंबरों की जानकारी दी। वहीं, राजकीय माडल महाविद्यालय कपूरी गोविंदपुर में मिशन शक्ति के तहत डिजिटल सुरक्षित साक्षरता तथा साइबर सुरक्षा संबंधी व्याख्यान का आयोजन हुआ। प्राचार्य डा.



राकेश कुमार ने कहा कि आज के डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। मिशन शक्ति के तहत आयोजित होने वाले ऐसे कार्यक्रम छात्राओं को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक है। इस मौके पर महाविद्यालय का स्टाफ शामिल रहा।

# कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ समापन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल में चल रही तीन दिवसीय अंतर-सदन कबड्डी प्रतियोगिता का समापन हुआ। जिसमें बालक वर्ग में आजाद सदन व बालिका वर्ग में सुभाष सदन ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।

सहारनपुर रोड स्थित सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल परिसर में आयोजित प्रतियोगिता में बालक वर्ग में आजाद सदन प्रथम, सुभाष सदन द्वितीय व लक्ष्मी बाई सदन तृतीय स्थान पर रहे। जबकि बालिका वर्ग में सुभाष सदन प्रथम, आजाद सदन द्वितीय व भगत सिंह सदन तृतीय स्थान पर रहे। संरक्षक हरि सिंह सैनी व प्रधानाचार्य रुपेश सैनी ने ने विजेता छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि खेल बच्चों में



निहित, तनाव, चिंता आदि को दूर कर उनके अंदर अलग ही स्फूर्ति का संचार करता है, जिससे कि बच्चों का चहुमुँखी विकास हो सके। कोच संदीप धीमान, अनिता सैनी, वंदना ध्रुव, सुनीता चौधरी, शिवकुमार सैनी, राजी शर्मा, देवेंद्र कुमार आदि छात्र-छात्राएं व स्कूल का समस्त स्टाफ शामिल रहा।

# व्यापारियों को वितरित किए गए फूड लाइसेंस

**देवबन्द।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश की आयोजित मासिक बैठक में व्यापारियों की समस्याओं पर विचार विमर्श करने के उपरांत खाद्य सुरक्षा विभाग से संबंधित फूड लाइसेंस वितरित किए गए।रामलीला मैदान में उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश की आयोजित बैठक में संगठन के नगर अध्यक्ष दीपक गर्ग नए बने फूड लाइसेंस व्यापारियों को सौंपे। इस अवसर पर उन्होंने व्यापारियों की एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि हमारी ताकत हमारी एकता है। जब तक व्यापारी एकजुट रहेंगे किसी भी स्तर पर उनका उत्पीड़न नहीं होगा। उन्होंने कहा कि मजबूती से साथ खड़े रहने से ही व्यापारियों की आवाज शासन प्रशासन तक पहुंचती है। श्रम प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दिलशाद चार्ली व युवा इकाई के अध्यक्ष अश्विनी गर्ग ने संयुक्त रुप से कहा कि संगठन व्यापारियों के हितों के लिए लगातार संघर्ष कर रहा है, यही कारण है कि लगातार संगठन का विस्तार हो रहा है। उन्होंने व्यापारियों से संगठन को मजबूती प्रदान करने का आह्वान किया। गोपाल माहेश्व. री, गुलफाम अहमद, अजय जैन ने भी विचार रखे। बैठक में नए व्यापारियों को संगठन की सदस्यता ग्रहण कराई गई। इस मौके पर मनीष गर्ग, मोनू बंसल, मनमोहन गर्ग, लकी गोयल, हार्दिक अग्रवाल, शाहबाज, फैजान, सुमित, सतीश, अंकित, मनोज आदि शामिल रहे।

# एसडी कॉलेज में बीबीए विद्यार्थियों के लिए अवसर विषय पर आयोजित कार्यक्रम

**मुजफ्फरनगर।** श्मेक इन इंडिया के अंतर्गत एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में बीबीए विद्यार्थियों के लिए अवसर विषय पर आयोजित कार्यक्रम में उद्यमिता एवं औद्योगिक विकास के अवसरों के प्रति जागरूक करना।

एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में आंतरिक गुणवत्ता आश्वा. सन प्रकोष्ठ (फ) एवं ब्रेनिऑक्स क्लब के संयुक्त तत्वावधान में ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक गतिविधि का आयोजन किया गया। बीबीए विद्यार्थियों के लिए इस आयोजन का उद्देश्य भारत सरकार की प्रमुख पहल श्मेक इन इंडिया के अंतर्गत उपलब्ध रोजगार, उद्यमिता एवं औद्योगिक विकास के अवसरों के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संदीप




मित्तल एवं बीबीए विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह ने किया प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि श्मेक इन इंडिया केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि यह देश के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण आंदोलन है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे इस अभियान के अंतर्गत उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाकर अपने करियर को नई ऊँचाइयों तक ले जा सकते हैं । उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धात्मक युग में प्रबंधन के विद्यार्थियों के लिए उद्योग, स्टार्टअप और नवाचार के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। बीबीए विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह ने कहा कि श्मेक इन इंडिया पहल ने भारत को वैश्विक स्तर पर एक मजबूत विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त किया है। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे अपने कौशल, नवाचार और प्रबंधन ज्ञान का उपयोग करते हुए इस पहल में सक्रिय भागीदारी निभाएं। कार्यक्रम के मुख्य समन्वयक मोहम्मद अंजर ने इस विषय पर विस्तृत जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को श्मेक इन इंडिया के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराते हुए कहा कि इस पहल के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों जैसेकृमैन्युफैक्चरिंग, आईटी, ऑटोमोबाइल, टेक्सटाइल, डिफेंस आदि में रोजगार एवं उद्यमिता के अनेक अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि अपने कौशल को विकसित करके इन क्षेत्रों में सफल करियर बना सकते हैं। , कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु प्रश्नोत्तर सत्र एवं रैपिड फायर राउंड का भी आयोजन किया गया। इस सत्र में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विषय से संबंधित प्रश्नों के उत्तर देकर अपनी समझ एवं ज्ञान का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर बीबीए विभाग के सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे, जिनमें डॉ. संगीता गुप्ता, संजय शर्मा, दीपक गर्ग, सोनिका, पूरवी, प्राची, रोहन त्यागी, प्रशांत गुप्ता, विनीता चौधरी, सतीश, अमित, पवन बलियान एवं लवी वर्मा शामिल रहे। कार्यक्रम का समापन सकारात्मक ऊर्जा एवं ज्ञानवर्धक अनुभव के साथ हुआ । विद्यार्थियों ने इस आयोजन को अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया और भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों के आयोजन की अपेक्षा व्यक्त की । अंत में महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. आलोक गुप्ता ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## शिक्षक सम्मान समारोह

**बिजनौर।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा के कॉलेज ऑफ टीचर एजुकेशन प्रयागराज द्वारा रानी लक्ष्मीबाई इंटर कॉलेज, लखनऊ में प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनपद बिजनौर से नोडल डा. आकाश अग्रवाल के नेतृत्व में उपस्थित शिक्षक ललित शर्मा किरतपुर, पारुल चौधरी आंकू, मणि सिंह नूरपुर, ललित कुमार नजीबाबाद, गुलशन गुप्ता किरतपुर, शाहदिल नईम हल्दौर, अंकित कुमार कोतवाली आदि को भी सम्मानित किया गया। अतिथियों ने शिक्षा एवं शिक्षकों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक ही समाज की निर्माण के नींव होते हैं। उनके द्वारा दिए गए संस्कार और शिक्षा ही विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करते हैं। उन्होंने शासन स्तर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में अतुलनीय सहयोग करने के लिए सभी को बधाई दी एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में अपने विद्यालय से अधिकतम चयन करने वाले शिक्षकों को प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। बिजनौर से सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षकों ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा।

## आरवीआईटी में पृथ्वी दिवस मनाया

**बिजनौर।** आर.वी. इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में विश्व पृथ्वी दिवस-2026 मनाया गया। संस्थान के प्रबंधक निदेशक सनी देशवाल, फार्मेसी निदेशक डा.हितेश कुमार, तकनीकि निदेशक डा. नितिन अग्रवाल, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने पौधा रोपण किया। साथ ही संकल्प लिया कि प्लास्टिक का उपयोग बंद करेगें। अपने आस-पास साफ-सफाई का ध्यान रखेगें और जल व ऊर्जा की बचत करगें। अधिक मात्र में पेड़ लगाकर पृथ्वी को प्रदुषण मुक्त बनाने में मदद करेगें।

## रोग रहित गन्ना प्रजाति बोने का सुझाव

**नांगल सोती।** अपर गन्ना आयुक्त डा. वीबी सिंह ने उत्तम शुगर मिल बरकतपुर के कृषि फार्म और मिल गन्ना क्षेत्र चंदोंक, खुराहेड़ी, किशनपुर, कमराजपुर, बहादरपुर जट आदि गांवों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गन्ना बुवाई लक्ष्य, रोग प्रतिरोधक किस्मों की समीक्षा, गन्ना क्षेत्र में गेहूं की कटाई के बाद गन्ना बुवाई लक्ष्य आदि पर किसानों के साथ चर्चा की, साथ ही सीओ 15023, सीओ 0118 प्रजाति के गन्ना बीज वितरण का निरीक्षण किया, किसानों को सिंगल बड़ और ट्रेंच विधि से गन्ना बोने की सलाह दी। रोग बेदक कीट की रोकथाम के लिए लाइट ट्रेप लगाने पर जोर दिया, लाइट ट्रेप के नीचे पानी में कुछ बूंदे कीटनाशक और डीजल की डालने की सलाह दी। इसके साथ ही उन्होंने किसानों से रोगग्रस्त गन्ना प्रजाति 0238 कदापि नहीं बोने की अपील की। इस दौरान पीएन सिंह जिला गन्ना अधिकारी, गन्ना समिति सचिव नजीबाबाद डा. विजय शुक्ल, ज्येष्ठ गन्ना गन्ना विकास निरीक्षक, संदीप कुमार,अपर गन्ना महा प्रबंधक कुलदीप सिंह, चांदवीर सिंह, सुनील कुमार, विकास कुमार, दिलेश्वर मिश्रा आदि गन्ना विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रगणक व सुपरवाइजरों को दिया प्रशिक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**सहारनपुर।** भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना HLO का कार्य संचा. लित है। जिसके अन्तर्गत जनपद सहारनपुर में भारत की जनगणना - 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना हेतु तहसील सहारनपुर में तैनात प्रगणक एवं सुपरवाइजर का 21 अप्रैल 2026 से तीन दिवसीय प्रशिक्षण पाईनवुड स्कूल दिल्ली रोड सहारनपुर व सरस्वती विहार सीनियर सेकेण्डरी स्कूल कांकरकुई रोड सहारनपुर में प्रारम्भ हुआ। जिसका आयुक्त सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर के द्वारा पाईनवुड स्कूल दिल्ली रोड सहारनपुर फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला जनगणना अधिकारी सहारनपुर/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सहारनपुर तथा अपर आयुक्त (प्रशासन) सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर व उपजिलाधिकारी सहारनपुर, तहसीलदार सहारनपुर एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। तहसील सहारनपुर में 1441 प्रगणक/सुपरवाईजरों को 6 मई 2026 तक प्रशिक्षण दिया जाना है। आज 210 प्रगणक/ सुपरवाईजर के द्वारा पाईनवुड स्कूल में तथा 150 प्रगणक/सुपरवाईजर के द्वारा सरस्वती विहार स्कूल में प्रशिक्षण लिया गया। उक्त जानकारी सहारनपुर जिला सूचना विभाग के अधिकारी की ओर से दी गई है।

# गुलदार ने युवक पर किया हमला

## सीने और गर्दन पर गहरे घाव के निशान, इलाज जारी





शाह टाइम्स संवाददाता

**शेरकोट।** मजदूरी करने जा रहे युवक पर गुलदार ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। युवक के शोर मचाने पर आसपास के लोगों को इकट्ठा होता देख गुलदार भाग गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम नसीरदिवाला निवासी करण सिंह पुत्र ऋषिपाल आज सुबह घर से मजदूरी के लिए जा रहा था। रास्ते में घात लगाए बैठे गुलदार ने उस पर हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अचानक हुए हमले से युवक अपना होश खो बैठा और उसने चीखना-चिल्लाना शुरु कर दिया। आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। शोर मचाने पर किसी तरह गुलदार भाग निकला। ग्रामीणों ने तुरंत घायल युवक को एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल भेजा। गांव में इस घटना के बाद से दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से गुलदार की गतिविधियां देखी जा रही थीं, लेकिन वन विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। वहीं गुलदार के हमले से गांव में दहशत का माहौल है और लोग अपने घरों से बाहर निकलने में भी डर महसूस कर रहे हैं।

**NOTICE**

I, Mohammad Samun S/o Haroon, R/o- Ho. No. 92/112 Bairoon KOTLA, Ps. Deoband, Dst. Saharanpur, U.P. 247554, have changed my child Name AYEZA GOUR changed to Ayeza Samun for all future purposes.

# सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में खराब प्रदर्शन पर डीएम सख्त

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर द्वारा मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर रैंकिंग की समीक्षा के उपरांत जनपद के कई विभागों के खराब प्रदर्शन पर सख्त नाराजगी की व्यक्त की गई। उन्होंने विकास कार्यों में शिथिलता बरतने और योजनाओं में पिछड़ने के कारण सीएम डैशबोर्ड पर बी, सी एवं डी रैंक प्राप्त होने पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि अपने कार्यों में सुधार लाएं अन्यथा उनके विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नियमित रूप से मुख्यमंत्री डैशबोर्ड का अवलोकन करें और रैंकिंग कम पाए जाने पर समयपूर्वक विभागीय रैंकिंग मानक के अनुरूप सुधार लाने के लिए प्रयासरत हो जाए और यदि किसी स्तर पर उनकी आवश्यकता हो तो, जरूर संज्ञानित करें ताकि सक्षम स्तर से प्रयास कर रैंकिंग में सुधार लाया जा सके। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि सीएम डैशबोर्ड पर



रैंकिंग के प्रति पूरी तरह से सजग और गंभीर होकर कार्य करें और इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा शिथिलता न बरतें। इस मसैके पर सीडीओ रणविजय सिंह, डीएफओ जय सिंह कुशवाहा, उप कृषि निदेशक डा. घनश्याम सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी लक्ष्मी देवी अधिकारी मौजूद थे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत जटोला दामोदरपुर विकास खंड नागल, सहारनपुर**

पत्रांक :- 01/ग्राम पंचायत/विकास कार्य/2026-27 दिनांक :-20-04-2026

अल्पकाली निविदा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जटोला दामोदरपुर विकास खंड नागल वित्तीय वर्ष 2026-27 में ग्राम केन्द्रीय/राज्यवित्त आयोग योजना अन्तर्गत निम्न निर्माण कार्यो की निविदा पंजीकृत फर्म/ठेकेदार जिसके पास जी0एस0टी नम्बर हो से आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | ग्राम पंचायत | कार्य का नाम | योजना का नाम | अनु0 लागत | धरोहर राशि | कार्य पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | जटोला दामोदरपुर | ग्राम पंचायत जटोला दामोदरपुर में लाईब्रेरी निर्माण कार्य | केन्द्रीय/राज्य वित्त आयोग | 644490 | 12900 | 6 माह |

निविदा दिनांक 29.04.2026 तक आमंत्रित की जाती है कत निविदादाताओं के समक्ष ठीक उसी दिन 2 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी। निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार हदो हस्ताक्षरी का होगा। जिसकेसम्बंधम में कोई वाद माननीय न्यायालय में माननीय नहीं होगा। अधिक जानकारी के लिए किसी कार्य दिवस में हदो हस्ताक्षरी से सम्पर्क किया जा सकता है।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत जटोला दामोदरपुर
वि0ख0-नागल (सहारनपुर)

ग्राम सचिव
ग्राम पंचायत जटोला दामोदरपुर
वि0ख0-नागल (सहारनपुर)

# RR ने LSG को 160 रन का टारगेट दिया

### जडेजा ने 43 रन बनाएय पहले ओवर में बडोनी शून्य पर रनआउट हुए



**लखनऊ, वार्ता।** राजस्थान रायल्स ने आईपीएल 2026 के 32वें मैच में लखनऊ सुपर जाएंट्स को 160 रन का टारगेट दिया। इकाना स्टेडियम में बुधवार को लखनऊ ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। राजस्थान ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 159 रन बनाए। राजस्थान के लिए सबसे ज्यादा नाबाद 43 रन रवींद्र जडेजा ने बनाए। 15 साल के ओपनर वैभव सूर्यवंशी बड़ी पारी नहीं खेल सके और सिर्फ 8 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें मोहसिन खान ने दिग्वेश राठी के हाथों कैच कराया।

वहीं, गेंदबाजी में मोहम्मद शमी, मो. हसिन खान और प्रिंस यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2-2 विकेट झटके। इससे पहले वैभव ने चौका लगाकर आईपीएल में 227 गेंदों पर 500 रन पूरे किए। वे लीग में सबसे कम गेंदों पर यह कारनामा करने वाले बैटर बने। उन्होंने आंद्रे रसेल का रिकार्ड तोड़ा। रसेल ने 244 गेंदों पर अपने पहले 500 रन बनाए थे। रवींद्र जडेजा ने अंतिम ओवर में 3 बाउंड्री लगाई। मयंक यादव के ओवर में जडेजा ने 4, 2, 4, 2, 2 और आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर कुल 20 रन बटोर लिए। आखिरी गेंद पर जडेजा ने फाइन लेग के ऊपर पुल शाट खेलकर छक्का जड़ा और टीम का स्कोर 159/6 तक पहुंचा दिया। 19वें ओवर में प्रिंस यादव की बाल पर इम्पैक्ट प्लेयर शुभम दुबे ने दो चौका लगाया। इस ओवर में कुल 12 रन बने। प्रिंस यादव ने 16 वें ओवर में डोनोवन फरेरा को पवेलियन भेजा। आफ साइड के बाहर धीमी और शार्ट गेंद पर फरेरा ने बड़ा शाट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद बल्ले के ऊपरी किनारे से लगकर हवा में चली गई। थर्ड मैन पर खड़े मोहसिन खान ने पीछे की ओर कदम लेते हुए शानदार कैच लपका। अंपायर्स ने कैच की जांच भी की, लेकिन रिप्ले में साफ हुआ कि उनका पैर बाउंड्री रोप से नहीं लगा था।

इस तरह फरेरा 19 गेंदों में 20 रन बनाकर आउट हुए। मयंक यादव की धीमी गेंद पर जडेजा ने स्क्वेयर लेग की ओर खेलकर एक रन लिया। इसके बाद दूसरे रन के लिए बड़ी गलतफहमी देखने को मिली। जडेजा ने पहले रन के लिए काल किया, फिर अपने साथी डोनोवन फरेरा को वापस भेज दिया, जो आधे रास्ते तक पहुंच चुके थे। डीप से निकोलस पूरन का थ्रो काफी खराब रहा, जिसके बाद ;षभ पंत ने गेंद पकड़कर बेल्स उड़ाई, लेकिन वह भी संतुलन खो बैठे। इस बीच फरेरा ने डाइव लगाकर क्रीज में वापसी कर ली। 15वें ओवर में मयंक यादव की धीमी गेंद पर जडेजा ने लॉन्ग-ऑन की बाईं ओर शाट लगाकर 2 रन पूरे किए। इसी के साथ राजस्थान की टीम ने अपने 100 रन भी पूरे कर लिए। 13वें ओवर में मोहम्मद शमी की गेंद पर डोनोवन फरेरा को जीवनदान मिला।

लेग साइड पर फुल गेंद को फरेरा ने डीप बैकवर्ड स्क्वेयर लेग की ओर खेला, जहां मयंक यादव ने कैच का गलत अंदा. जा लगा लिया। मयंक आगे की ओर दौड़े, जबकि गेंद उनके ऊपर से निकल गई और बाउंड्री पार कर गई। इस गलती से शमी काफी निराश दिखे। दिग्वेश राठी ने 12वें ओवर में शानदार कंट्रोल दिखाते हुए बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। पूरे ओवर में सिर्फ 3 रन ही आए। रवींद्र जडेजा और डोनोवन फरेरा स्ट्राइक रोटेट करने की कोशिश जरूर करते रहे, लेकिन बड़े शाट का मौका नहीं मिल पाया।

## आतिशी शतक लगाकर अभिषेक ने किया ऑरेंज कैप पर कब्जा

**हैदराबाद, वार्ता।** अभिोक शर्मा ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) इतिहास का पांचवां सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर करते हुए 68 गेंदों में नाबाद 135 रन बनाकर ऑरेंज कैप तालिका में शीर्ा पर पहुंच गए है।

यह उनका नौवां टी-20 शतक, उन्हें इस सीजन सात पारियों में 323 रन बना लिए। अभिोक से तीन रन पीछे हाइनरिक क्लासन ऑरेंज कैप टेबल में दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने इस मैच में 13 गेंदों में नाबाद 37 रन बनाए और तीसरे विकेट के लिए अभिोक के साथ 32 गेंदों में 66 रन की साझेदारी की। तीसरे स्थान पर गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल हैं, जिनके पांच पारियों में 265 रन हैं। उनके बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के विराट कोहली और राजस्थान रॉयल्स के वैभव सूर्यवंशी हैं। इस मामले में शीर्ा दस में इशान किशन (एसआरएच), रजत पाटीदार (आरसीबी), कूपर कॉनॉली, यशस्वी जायसवाल और प्रियांश आर्या शामिल हैं। पर्पल कैप की बात की जाए तो इस पर अभी चेन्नई सुपर किंग्स के अंशुल कम्बोज का कब्जा है। वहीं इशान मलिगा ने टी-20 क्रिकेट में अपना तीसरा 4-विकेट हॉल लिया और इससे वह इस आईपीएल सीजन में सबसे अधिक विकेट लेने वालों की सूची में संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर पहुंच गए। उनके अब 12 विकेट हैं, जबकि जीटी के प्रसिद्ध कृणा के भी 12 विकेट हैं। पर्पल कैप अभी भी चेन्नई सुपर किंग्स के अंशुल कम्बोज के पास है, जिनके नाम 13 विकेट हैं।

### खेल विशेष

#### वीनस विलियम्स को लगातार 10वीं हार का सामना करना पड़ा

**मैड्रिड, वार्ता।** पूर्व विश्व नंबर एक वीनस विलियम्स को मैड्रिड ओपन में कैटलिन क्वेवेडो के हाथों 6-2, 6-4 से हार का सामना करना पड़ा, जिसके साथ ही उन्होंने अपना लगातार 10वां सिगल्स मैच गंवा दिया। 45 वर्ाीय विलियम्स 1975 में रैंकिंग शुरू होने के बाद से लगातार 10 मैच हारने वाली पहली पूर्व नंबर एक खिलाड़ी बन गई हैं। इस अनुभवी खिलाड़ी ने आखिरी बार पिछले साल जुलाई में वाशिगटन ओपन में अपनी हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी पेटन स्टर्न्स को हराकर कोई मैच जीता था। विलियम्स ने 2000 और 2008 के बीच पांच बार विबलडन जीता और दो बार यूएस ओपन भी अपने नाम किया। बीबीसी स्पोर्ट के अनुसार, ग्रैंड स्लैम में सबसे ज्यादा बार हिस्सा लेने का रिकॉर्ड उन्हीं के नाम है, इस साल का ऑस्ट्रेलियन ओपन उनका 95वां टूर्नामेंट था।

#### श्रीलंका महिला टीम ने बंगलादेश को चार विकेट से हराया

**राजशाही, वार्ता।** चामरी अटापट्टू (तीन विकेट और 40 रन), हर्ाीता समरविक्रमा (50) और हंसिमा करुणरत्ने (40) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत श्रीलंका की महिला टीम ने बुधवार को दूसरे एक दिवसीय मुकाबले में बंगलादेश को 70 गेंदों शो रहते चार विकेट से हरा दिया। आज यहां बंगलादेश की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। कप्तान चामरी अटापट्टू की अगुवाई में श्रीलंकाई गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए बंगलादेश की पूरी टीम को 45 -5 ओवरों में 165 रन के स्कोर पर समेट दिया। कप्तान निगार सुल्ताना ने सर्वाधिक 58 रनों की पारी खेली। सरमिन सुल्ताना ने (25), नाहिदा अख्तर ने (20) रितु मोनी ने (17), शोर्ना अख्तर (16) और राबिया खान ने (15) रनों का योगदान दिया। शो बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। श्रीलंका महिला टीम की ओर से चामरी अटापट्टू ने तीन विकेट लिए।

#### मेजबान भारत, बंगलादेश और मालदीव के साथ एक ही ग्रुप में

**नई दिल्ली, वार्ता।** बंगलाद. ेश के ढाका में सैफ सचिवालय में हुए ड्रॉ के बाद, भारतीय महिला राट्रीय टीम को सैफ महिला चैंपियनशिप 2026 के ग्रुप बी में बंगलादेश और मालदीव के साथ रखा गया है। यह टूर्नामेंट 25 मई से 6 जून, 2026 तक गोवा के मडगांव में आयोजित किया जाएगा। ग्रुप ए में नेपाल, श्रीलंका और भूटान शामिल हैं। हर ग्रुप से शीर्ा दो टीमें सेमी-फाइनल में जगह बनाएंगी। सैफ महिला चैंपियनशिप 2026 के सभी मैचों का आयोजन पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में किया जाएगा। यह दूसरी बार होगा जब भारत सैफ महिला चैंपियनशिप की मेजबानी करेगाद्ध इससे पहले 2016 में पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में आयोजित संस्करण में 'ब्लू टाइग्रेस' ने अपना चौथा खिताब जीता था। यह दूसरी बार होगा जब गोवा किसी सैफ टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा।

## टेस्ट पॉजिटिव आने के बाद नवाज की जांच चल रही है: पीसीबी




**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बुधवार को कहा कि मोहम्मद नवाज के मादक पदार्थ सेवन की टेस्ट रिपोर्ट पॉजिटीव आने के बाद इस मामले में जांच चल रही है। पीसीबी के प्रवक्ता ने बताया कि अंतर्राट्रीय क्रिकेट परिाद (आईसीसी) ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को इस मामले की जानकारी दी है और पीसीबी ने जरूरी प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस प्रक्रिया के नतीजे आज आईसीसी को बता दिए जाएंगे। मोहम्मद नवाज आईसीसी की एंटी-डोपिग प्रक्रिया के दायरे में है।

उनका टेस्ट एक 'रिक्रिएशनल ड्रग' (नशे वाली दवा) के इस्तेमाल के लिए पॉजिटिव आया है। इसके कारण इंग्लैंड में होने वाले टी-20 ब्लास्ट के लिए सरे टीम में शामिल होने का नवाज का करार टूट गया है। नवाज ने पाकिस्तान के लिए 98 टी-20 मैच खेले हैं। उल्लेखनीय है कि यह पॉजिटिव नतीजा इस साल की शुरुआत में टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान किए गए टेस्ट से आया है। 32 साल के नवाज ने श्रीलंका में पाकिस्तान के सभी सात मैचों में हिस्सा लिया था, जहां टीम सुपर-8 स्टेज से बाहर हो गई थी, इन मैचों में उन्होंने 15 रन बनाए और सात विकेट लिए। नवाज ने सरे के साथ करार करने पर सहमति जताई थी, और उन्हें पूरे ब्लास्ट टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध रहना था, जो 26 मई से 18 जुलाई तक चलेगा। पीसीबी ने दो हफ्ते पहले घोाणा की थी कि नवाज को ब्लास्ट के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) दे दिया गया है, और सरे ने इस हफ्ते उनके टीम में शामिल होने की घोाणा करने की योजना बनाई थी।

## मुम्बई बनाम चेन्नई के ब्लॉकबस्टर मुकाबले में धोनी व जैक्स की वापसी तय



**मुंबई, वार्ता।** महेंद्र सिंह धोनी और विल जैक्स गुरुवार रात वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बीच होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के बड़े मुक. ाबले के लिए वापसी करने को तैयार दिख रहे हैं।

कल होने वाले मुकाबले धोनी की मौजूदगी संघ्रा कर रही सीएसके टीम के लिए एक बड़ा सहारा बन सकती है। 44 साल के इस अनुभवी खिलाड़ी ने मंगलवार को वानखेड़े में अभ्यास किया। उन्होंने करीब आधे घंटे तक विकेटकीपिग की और फिर 30 मिनट तक बिना किसी परेशानी के बल्लेबाजी का अभ्यास किया। प्री-सीजन शिविर के दौरान पिडली में खिचाव से उबर रहे धोनी में किसी भी तरह की परेशानी के कोई लक्षण नहीं दिखे और वह मैच के लिए पूरी तरह तैयार नजर आए। सीएसके इस समय अंक तालिका में आठवें स्थान पर है, उसने छह मैचों में से केवल दो मैच जीते हैं, ऐसे में धोनी की वापसी टीम के बल्लेबाजी क्रम को बहुत जरूरी स्थिरता और अनुभव दे सकती है। वहीं मुम्बई इंडियंस (एमआईल) की बात जाए जैक्स के लंबे समय से इंतजार हो रहे आगमन से टीम में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। इंग्लैंड के इस ऑलराउंडर ने 2026 टी-20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया था और चार बार 'प्लेयर ऑफ द मैच' का खिताब जीता था। पहले छह मैच न खेल पाने के बाद वह अब टीम से जुड़ गए हैं। उन्होंने सोमवार शाम को वानखेड़े में ट्रेनिग की और मंगलवार को रात की रोशनी में होने वाले सेशन के लिए भी लौटे, जहां उन्होंने बल्ले और गेंद, दोनों के साथ काफी समय बिताया। जैक्स के टीम में शामिल होने से एमआई का संतुलन मजबूत हो गया है।

## मुंबई-चेन्नई मुकाबले से पहले धोनी का तूफान



**मुंबई, वार्ता।** वानखेड़े की रोशन रोशनी में, मुंबई इंडियंस बनाम चेन्नई सुपर किंग्स का मुक. ाबला एक बार फिर इतिहास, प्रतिद्वंद्विता और भावनाओं के भारी बोझ के साथ आ रहा है। लेकिन इस बार, यह मुकाबला लीग सीजन का एक आम अध्याय कम, और दो अलग-अलग युगों की टक्कर ज्यादा लग रहा है, जो बिल्कुल हमारी आंखों के सामने हो रही है।

इन सबके केंद्र में हैं महेंद्र सिंह धोनी। उनके शामिल होने की जरा सी भी चर्चा ने ही इस मुक. ाबले के इर्द-गिर्द की पूरी बातचीत का रुख बदल दिया है। लंबे समय तक बैटिंग प्रैक्टिस और विकेटकीपिग ड्रिल की खबरों ने इस उत्सुकता को और भी बढ़ा दिया है। चाहे यह सिर्फ एक प्रतीकात्मक मौजूदगी हो, कोई रणनीतिक फैसला हो, या सीजन के आखिर में एक छोटी सी झलक हो, धोनी की मौजूदगी हमेशा एक अलग ही स्तर पर काम करती है, आंकड़ों से परे, टीम में चुने जाने की बहसों से परे, और लगभग समय से भी परे। ऐसे मुकाबलों में, वह अब सिर्फ एक खिलाड़ी नहीं रह जाते, वह भावनाओं का वह केंद्र बन जाते हैं, जिसके इर्द-गिर्द सारी उम्मीदें घूमती हैं। लेकिन चेन्नई के लिए, क्रिकेट की असलियत कहीं ज्यादा मुश्किल है। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ एक मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं, टॉप ऑर्डर में बार-बार नाकाम होने से एक गहरी चिंता सामने आ रही है, टूर्नामेंट के इस अहम पड़ाव पर सीएसके लगातार बैटिंग की लय बनाने में नाकाम साबित हो रही है। मुद्दा सिर्फ 'फॉर्म' का नहीं, बल्कि 'फ्लो' (बहाव) का है। एक ऐसी टीम जो पारंपरिक रूप से स्थिरता पर टिकी रही है, अब दबाव में आकर अच्छी साझेदारियों, गति और स्पटता की तलाश में भटक रही है। चोटों और टीम में चुने जाने को लेकर बनी अनिश्चितता ने इस उथल-पुथल को और भी बढ़ा दिया है, जिसकी वजह से टीम में लगातार फेरबदल और नए-नए प्रयोग करने पड़ रहे हैं। दूसरी तरफ, मुंबई इंडियंस इस सीजन के एक अहम पड़ाव पर आकर अपनी पुरानी प्रतिस्पर्धी पहचान को फिर से हासिल करने लगी है।

गुजरात टाइटंस के खिलाफ उनका पिछला मुकाबला सिर्फ एक जीत ही नहीं थी, बल्कि यह उनके इरादों का एक जोरदार ऐलान था। तिलक वर्मा ने एक यादगार पारी खेली, शुरुआत में लय पाने के लिए संघ्रा करने के बावजूद, उन्होंने जबरदस्त नियंत्रण और इरादे के साथ खेलते हुए एक शानदार शतक जड़ा। उनकी इस पारी ने मैच का रुख पूरी तरह से बदल दिया, एमआई की धीमी और संभली हुई शुरुआत को एक ऐसे विशाल स्कोर में बदल दिया, जिससे विरोधी टीम फिर कभी उबर नहीं पाई। गेंदबा. जी में, अश्विनी कुमार ने एक ऐसी शानदार परफॉर्मेंस दी, जिसने मुकाबले को पूरी तरह से एमआई के पक्ष में झुका दिया। उनके चार विकेटों के झटके ने गुजरात के बैटिंग ऑर्डर की कमर तोड़ दी, उन्होंने मैच के अहम पड़ावों पर साझेदारियों को तोड़ा और एमआई की एक बड़ी जीत पक्की कर दी। यह शानदार तालमेल - एक अनुभवी बल्लेबाज का आगे बढ़कर जिम्मेदारी उठाना और एक युवा गेंदबाज का दबाव में भी बेहतरीन प्रदर्शन करना-मुंबई की टीम में एक नई उम्मीद और आत्मविश्वास भर गया है। जसप्रीत बुमराह ने भी अपना दबदबा फिर से बनाना शुरू कर दिया है, उन्होंने उस बॉलिग यूनिट में फिर से कंट्रोल और अनुशासन ला दिया है, जो तब सबसे अच्छा प्रदर्शन करती है जब लय और सटीकता का मेल होता है। तो, जो मुकाबला सामने आता है, वह कई परतों वाला है।

## बंगलादेश को हराकर श्रीलंका की महिला टीम ने सीरीज में बराबरी की

**राजशाही, वार्ता।** कप्तान चामरी अटापट्टू (तीन विकेट और 40 रन), हर्ाीता समरविक्रमा (50) और हंसिमा करुणरत्ने (40) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत श्रीलंका की महिला टीम ने बुधवार को दूसरे एक दिवसीय मुकाबले में बंगलादेश को 70 गेंदों शो रहते चार विकेट से हरा दिया। इसी के साथ श्रीलंका ने तीन मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली है।

चामरी अटापट्टू को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। आज यहां बंगलादेश की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। कप्तान चामरी अटापट्टू की अगुवाई में श्रीलंकाई गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए बंगलादेश की पूरी टीम को 45 -5 ओवरों में 165 रन के स्कोर पर समेट दिया। कप्तान निगार सुल्ताना ने सर्वाधिक 58 रनों की पारी खेली।

सरमिन सुल्ताना ने (25), नाहिदा अख्तर ने (20), रितु मोनी ने (17), शोर्ना अख्तर (16) और राबिया खान ने (15) रनों का योगदान दिया। शो बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। श्रीलंका महिला टीम की ओर से चामरी अटापट्टू ने तीन विकेट लिए। मल्की मदारा, निमाशा मीपेज और इनोका राणावीरा को दो-दो विकेट मिले। कविशा दिलहारी ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बललेबाजी करने उतरी श्रीलंका ने 38-2 ओवरों में विकेट छह पर 166 रन बनाकर मुकाबला चार विकेट से अपने नाम लिया।

## अभिषेक का रन आउट और कैच छोड़ना भारी पड़ा: अक्षर पटेल



**हैदराबाद, वार्ता।** आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद से मिली हार से निराश नजर आ रहे दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने कहा कि अभिोक शर्मा का रन-आउट और कैच छोड़ना हमें भारी पड़ा - अगर हमने उसे पकड़ लिया होता, तो हम उन्हें रोक सकते थे। सलामी बल्लेबाज अभिोक शर्मा के 68 गेंदों पर 10 चौकों और 10 छक्कों से सजे नाबाद 135 रन की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने दिल्ली कैपिटल्स को मंगलवार को 47 से करारी शिकस्त दे दी।

अभिोक को 49 रन पर एक लाइफलाइन मिली जब विकेटकीपर के एल राहुल ने एक आसान रन-आउट का मौका गंवा दिया। उन्हें 87 रन के स्कोर पर नीतीश राणा ने भी बॉउंड्री पर कैच टपकाकर जीवनदान दिया। अक्षर ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन में कहा कि लेकिन हां, अगर कोई इतनी अच्छी बैटिंग करता है, और उनके एग्जीक्यूशन में कोई कमी नहीं है, तो ऐसे परफॉर्मेंस का क्रेडिट मिलना चाहिए। क्लासेन ने भी जिस तरह से दूसरी तरफ से बैटिंग की, उसे देखते हुए यह बॉलर की गलती नहीं है। जब कोई बैट्समैन इस तरह बैटिंग करता है, तो कोच और कैप्टन को यह मानना होगा कि कैप्टन भी किसी को नहीं रोक सकता। मैं बॉलर्स से भी यही कह रहा था, कि अगर तुमने अच्छा एग्जीक्यूट किया, और उसके बाद भी उसने अच्छा शॉट मारा, तो तुम कुछ नहीं कर सकते। तुम्हें पता है, तुम्हें आगे बढ़ना होगा। कप्तान ने कहा कि फील्डिंग एरिया तुम्हारे हाथ में है। कैचिंग और रन-आउट - ए तुम कर सकते हो। और तुम्हें पता है, ऐसे समय में बॉलर को सपोर्ट करना बहुत जरूरी होता है।

## खुद को सिर्फ दो ओवर देने के लिए फिंच ने की अक्षर की कड़ी आलोचना

**हैदराबाद, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के पास आईपीएल में सबसे मजबूत स्पिन-बॉलिग जोड़ियों में से एक जोड़ी है, जहां उनके कप्तान अक्षर पटेल और कुलदीप यादव साथ खेलते हैं।

एक डिफेंस करने में एक्सपर्ट है, जबकि दूसरा ऐसा रिस्ट स्पिनर है, जिसे बल्लेबाज हमेशा हाथ से पढ़ नहीं पाते। फिर भी सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ हार में दोनों ने मिलकर सिर्फ चार ओवर डाले। आरोन फिंच ने ईएसपीएन क्रिकइंफो के टाइम आउट शो में कहा कि हम सब सिर खुजा रहे हैं, है ना? आपके दो भारतीय प्रीमियर स्पिनर कप्तान अक्षर पटेल (2-0-23-1) और कुलदीप यादव (2-0-30-0) दोनों ने मिलकर सिर्फ चार ओवर डाले, जबकि पार्ट-टाइम ऑफ स्पिनर नितीश राणा ने चार ओवर डाले। मेरे लिए इसका कोई मतलब नहीं बनता। राणा, जो डीसी के पिछले दो मैचों में नहीं खेले थे, एसआरएच के खिलाफ गेंदबाजी की शुरुआत करने आए। आईपीएल में उनके 122 मैचों में यह 27वीं बार था,

जब उन्होंने गेंदबाजी की और सिर्फ दूसरी बार उन्होंने अपना पूरा कोटा डाला। डीसी की टीम साफ तौर पर ऐसे गेंदबाज को चाहती थी, जो गति कम करे और अभिोक शर्मा व ट्रैविस हेड से गेंद दूर टर्न कराए। डीसी के प्रमुख स्पिनर गेंद को बाएं हाथ के बल्लेबाजों के लिए अंदर की तरफ लाते हैं, और जब एक बल्लेबाज (अभिोक शर्मा) पूरी पारी खेल रहा था, तो अक्षर को मौके पर सोचकर फैसले लेने पड़े। फिंच ने डीसी की मुश्किल को समझा, लेकिन अपनी बात रखने से भी पीछे नहीं हटे। उन्होंने कहा कि यह आपके कप्तान, आपके सीनियर खिलाड़ी, आपके रिटेन खिलाड़ी और आपके सबसे अच्छे भारतीय गेंदबाज की जिम्मेदारी है। वह भारतीय टीम के मुख्य गेंदबा. जों में से एक हैं, यह छोटी बात नहीं है। वह दो बार विश्व कप जीत चुके हैं। तो अगर वह दबाव में खुद पर भरोसा नहीं करते और बाएं हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ खुद को बचाने की को. शिश करते हैं, तो यह उनके रवैए के बारे में ज्यादा बताता है।

इसलिए मुझे लगता है कि हम यहीं बेहतर कर सकते थे।

(आगे होने वाले संभावित बदलावों पर) नहीं, अभी ऐसा नहीं लग रहा है, क्योंकि जिस तरह का क्रिकेट चल रहा है - अगर तुम देखो,

तो जाहिर है हम अच्छी बैटिंग और अच्छी बॉलिग कर रहे हैं। मुझे लगता है कि जब विकेट इतना अच्छा हो, तो इसे खराब दिन मानकर भूल जाना चाहिए।

# मां बाप अपने बच्चों को दीन से जोड़ें: मुफ्ती उस्मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जामिया फैजुल कुरआन में हिफ्ज-ए-कुरआन पूरा करने वाले मौहम्मद ओवेस को आखिरी सबक पढा कुरआन ए पाक मुकम्मल कराया गया।



मदरसा शेख मोहम्मद जकरिया के वरिष्ठ शिक्षक मौलाना मुफ्ती मोहम्मद उस्मान नदीम मजाहिरी ने कहा कि माता-पिता को चाहिए कि वे अपने बच्चों को दीन की शिक्षा, खासकर कुरआन याद कराने से जोड़ें। मुफ्ती साहब ने कहा कि आज मोहम्मद ओवैस ने कुरआन याद करने की बड़ी खुशी हासिल की है और जल्द ही जामिया के छह और छात्र भी अपना हिफ्ज पूरा करने वाले हैं, जो इस संस्थान की अच्छी प्रगति को दिखाता है। आने वाले समय में यह बच्चों और समाज के लिए भलाई का कारण बनेगा।

मुफ्ती साहब ने जामिया का परिचय देते हुए बताया कि यह संस्थान करीब चार साल पहले किराये के मकान से शुरू हुआ था और अब अल्हम्दुलिल्लाह 600 गज जमीन पर अपने स्थायी स्थान की ओर बढ़ रहा है। इस समय निर्माण कार्य चल रहा है और पढ़ाई के कमरे बनाए जा रहे हैं। यहां हिफ्ज के साथ-साथ पांचवीं कक्षा तक आधुनिक शिक्षा का भी इंतजाम है, जो आसपास के लोगों के लिए एक बड़ी सुविधा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने बच्चों को यहां भेजें और इस संस्था से लाभ उठाएं।

इसके बाद मेहमानों के हाथों छात्र की दस्तारबंदी की गई। इस मौके पर खास तौर पर बीमार लोगों के लिए दुआ की गई और जामिया के सरपरस्त मौलाना दिलशाद अहमद मजाहिरी के स्वस्थ होने के लिए विशेष प्रार्थना की गई। साथ ही हाल ही में इंतक. ाल कर गए शिक्षकों के लिए भी प्रार्थना की गई। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत कुरआन के आखिरी सबक से हुई, जिसे मुफ्ती मोहम्मद वसीम (शिक्षक, मदरसा शेख जकरिया) ने पढ़ाया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जामिया मजाहिर उलूम के शिक्षक हाजी कारी मोहम्मद यूनुस ने की, जबकि संचालन मौलाना मोहम्मद रैहान ने किया। कार्यक्रम का समापन कारी मोहम्मद यूनुस की दुआ के साथ हुआ।

इस मौके कारी मोहम्मद यूसुफ, कारी मोहम्मद इस्लाम, मौलाना मोहम्मद रिजवान (मदरसा अशाअतुल कुरआन), मौलाना फजील अहमद मजाहिरी, मुफ्ती मोहम्मद वसीम अख्तर, मुफ्ती मोहम्मद हैदर, मौलाना मोहम्मद तैयब, कारी अब्दुल अजीम, मौलाना मोहम्मद नदीम असगर, मौलाना मोहम्मद अरशद नदवी, मोहम्मद ताहिर हसन, मोहम्मद रियाज, मोहम्मद अयान आजाद, हाफिज मोहम्मद अजीर, हाफिज मोहम्मद नोमान, हाफिज मोहम्मद समीर, हाफिज मोहम्मद ताबिश, कारी मोहम्मद इफ्तिखार, कारी जिया उर्रहमान, अता उर्रहमान, मुआज, सूफी जाहिद हसन, मुस्तकीम, हाफिज मो. हसिन, शहबाज, शम्सुद्दीन, अला. उद्दीन, कमरुद्दीन, मोहम्मद शाकिर, मोहम्मद तौहीद सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।अंत में जामिया के नाजिम मुफ्ती मतीउर्रहमान साहब ने सभी मेहमानों का धन्यवाद किया।

# नन्हे बच्चों ने रोपित किए पौधे



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पृथ्वी दिवस के अवसर पर ब्लू बर्ड स्कूल में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए पृथ्वी बचाओ, जीवन बचाओ का संदेश देते हुए पौधारोपण किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत पवित्र कुरान के पाठ से की गई। जिसके पश्चात विद्यार्थियों ने पृथ्वी को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया और पौधे रोपित किये गये। विद्यार्थियों ने पोस्टर प्रतियोगिता, भाषण एवं निबंध लेखन के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के महत्व को प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य श्रीमति नीलोफर शम्सी ने कहा कि पृथ्वी हमारी सबसे मूल्यवान धरोहर है और इसे सुरक्षित रखना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्लास्टिक का कम उपयोग करने, जल एवं ऊर्जा की बचत करने तथा अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया।

स्कूल प्रबंधक मोहम्मद जमाल असलम ने कहा कि पृथ्वी हमारा घर है, और इसकी सुरक्षा हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। हमें आज ही से छोटे-छोटे कदम उठाकर पर्यावरण को बचाने का प्रयास करना चाहिए। पेड़ लगाना, पानी और ऊर्जा की बचत करना, तथा प्लास्टिक का कम उपयोग करना हम सभी का कर्तव्य है।

चेयरमैन डॉ मोहम्मद खालिद ने कहा कि पृथ्वी हमारी अमूल्य धरोहर है, जिसे सुरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। आज के समय में बढ़ते प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक उपयोग के कारण पर्यावरण को गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है। हमें इस दिशा में सजग होकर ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

# चिकित्सक पर लाखों की ठगी का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एक निजी अस्पताल के प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए देहरादून निवासी कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अंशुल जैन ने न्यायालय की शरण ली है। उन्होंने आरोप लगाया है कि सहारनपुर स्थित ऐरोमेड अस्पताल के निदेशक व प्रबंधन ने मिलकर उनसे लाखों रुपये की धोखाधड़ी की और उनका बकाया भुगतान जानबूझकर रोक लिया।

प्रार्थना पत्र के अनुसार, डॉ. अंशुल जैन ने 27 मई 2023 से अस्पताल में कार्डियोलॉजिस्ट के रूप में सेवाएं देना शुरू किया था। अस्पताल प्रबंधन के साथ हुए समझौते के तहत मरीजों के इलाज से होने वाले लाभ का निर्धारित प्रतिशत डॉक्टर और अस्पताल के बीच बांटा जाना था।आरोप है कि डॉक्टर द्वारा कुल 334 मरीजों का इलाज किया गया, जिससे अस्पताल को करीब 1.36 करोड़ रुपये की आय हुई। इसमें डॉक्टर का हिस्सा लगभग 81 लाख रुपये बनता था, लेकिन उन्हें केवल करीब 25.39 लाख रुपये ही भुगतान किया गया। डॉ. जैन का कहना है कि उनका करीब 55.90 लाख रुपये अब भी बकाया है, जिसे अस्पताल प्रबंधन देने से इंकार कर रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भुगतान मांगने पर उनके साथ अभद्रता, गाली-गलौज और धक्का-मुक्की की गई, साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी गई। मामले में यह भी आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन डॉक्टर के नाम का बोर्ड हटाने के बजाय उनका नाम इस्तेमाल कर मरीजों को गुमराह करता रहा। डॉ. जैन ने कई बार पुलिस अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। इसके बाद उन्होंने न्यायालय में प्रार्थना पत्र दाखिल कर संबंधित थाना सरसावा में एफआईआर दर्ज कराने और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

# शिवम सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के शोधार्थी शिवम कुमार को 8वीं प्लांट साईंस रिसर्च मीट 25-26 में यंग साइंसिस्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम एशोसिएशन ऑफ प्लांट साईंस रिसर्चस एवं प्लांटिका फाउन्डेशन द्वारा देहराद. ून में आयोजित किया गया।

मूल रूप से गंगोह निवासी शिवम कुमार प्रो. पूजा सकलानी केनिर्देशन में नैनो टेक्नोलॉजीएवं प्लांट बायोटेक्नोलॉजी के क्षेत्र में शोध कार्य कर रहे हैं।

# वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई प्राण प्रतिष्ठा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आज श्री सिद्ध मृत्युंजय महादेव मंदिर में विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिव के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ।



प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर तत्कालीन जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडे अपनी धर्मपत्नी श्रीमती मनोरमा पांडे के साथ मुख्य यजमान के रूप में शामिल हुए। डीएम दंपती ने विधिवत पूजन, हवन और आरती कर भगवान मृत्युंजय महादेव से जिले की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में शहर के प्रमुख उद्योगपति व समाजसेवी देवेंद्र कुमार बंसल, राजकमल अग्रवाल, विनय गोयल, राज गोयल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

प्राण प्रतिष्ठा समारोह में हरियाणा, पंजाब और हिमाचल प्रदेश से बाबा बंसी वालों के अवाली भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। बाबा के अनुयायियों ने भजन-कीर्तन कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। प्राण प्रतिष्ठा के बाद मंदिर समिति की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर को फूलों और लाइटों से भव्य रूप से सजाया गया था।

# डिप्टी सीएम से मिले विधायक निम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** विधायक देवेन्द्र निम ने अपनी माता श्रीमती पदमलता निम के साथ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या से मुलाकात कर मार्गदर्शन प्राप्त किया।

रामपुर मनिहारान विधायक देवेन्द्र अपनी माता श्रीमती पदमलता निम के साथ लखनऊ पहुँचे और उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या की भेंट कर मार्गदर्शन प्राप्त किया।तीनों के बीच राजनीति व सामाजिक विषयों पर चर्चा हुई।विधायक देवेंद्र निम ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या को अपनी विधानसभा क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों तथा सामाजिक कार्यों की जानकारी दी।विधायक देवेंद्र निम ने उपमुख्यमंत्री को अपनी आगामी विकास संबंधी योजनाओं के बारे में जानकारी देकर मार्गदर्शन प्राप्त किया। श्रीमती पदमलता निम ने सरकार की नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि योगी आदित्यनाथ सरकार ने जनता के सपनों को पूरा किया है।अपराध पर अंकुश लग चुका है और महिलाओं बेटियों सहित सभी स्वयं को सुरक्षित अनुभव कर रहे हैं।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार की नीतियां जनता के कल्याण के लिए हैं। प्रदेश सरकार कोई अपने सभी संकल्प पूरे कर रही है।उन्होंने कहा कि 2027 में भी भाजपा की सरकार बनने जा रही है।

# कथा के शुभारंभ पर निकाली शोभायात्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** श्री विश्राम पुरी भैरव मंदिर समिति द्वारा माँ सिद्धेश्वरी के 45वें प्रकटोत्सव के पावन अवसर पर नव दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ बुधवार को देव पूजा के साथ किया गया।



कथा का शुभारंभ यज्ञाचार्य पंडित हरिशंकर गोनियाल एवं पंडित योगेश गोनियाल द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजन कराकर किया गया। पूजन के पश्चात माँ भगवती की आराधना कर विश्व कल्याण की कामना की गई। देव पूजा के उपरांत श्रीराम मंदिर लेबर कॉलोनी से शुगर मिल होते हुए भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में माँ सिद्धेश्वरी की झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। ढोल-नगाड़ों और भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। पूरा मार्ग जय माता दी के जयकारों से गूंज उठा।

शोभायात्रा के मंदिर पहुंचने पर कथा व्यास पंडित प्रकाश चंद शास्त्री ने माँ सिद्धेश्वरी का गुणगान किया। उन्होंने कहा कि माँ भगवती की कथा सुनने मात्र से जीवन के सारे कष्ट दूर हो जाते हैं।

कार्यक्रम में प्रबंधक डॉक्टर पन्ना लाल शर्मा, अध्यक्ष चौधरी ओम सिंह, उप प्रबंधक अनेश शर्मा, कोषाध्यक्ष चौधरी राजेंद्र सिंह, सदस्य नवीन चौधरी, पंडित धर्मानंद शास्त्री, पंडित रामकिशन नौटियाल, दीपक जी, संजीव शर्मा सहित सविता, नेहा, रमेश कुमार, ज्योति, उषा, नीलम, सुरेंद्र, ऋचा, शकुंतला, सपना, केदारी देवी सहित सैकड़ों महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम

**गंगोह।** सिल्वर ऑक पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस बड़े उत्साह व जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

स्कूल परिसर में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने पृथ्वी, पेड़-पौधे, फूल व जानवरों के रूप में सजकर सभी का मन मोह लिया और प्रकृति के प्रति प्रेम का संदेश दिया। कक्षा 1 व 2 के विद्यार्थियों ने आकर्षक चित्रों के माध्यम से "सेव अर्थ" का संदेश प्रस्तुत किया, वहीं कक्षा 3 से 5 के छात्रों ने ड्राइंग एवं रचनात्मक गतिविधियों के जरिए पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी सोच को दर्शाया। कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लेकर जल संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त भारत व जलवायु परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रभावशाली संदेश दिए। कक्षा 9 व 10 के विद्यार्थियों ने पौधारोपण अभियान में भाग लेकर पर्यावरण को हरित बनाने का संकल्प लिया तथा उपयोगी पौधों का रोपण किया। कक्षा 11 व 12 के छात्रों ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर भाग लिया और "क्या पृथ्वी को बचाने में देर हो चुकी है?" तथा "क्या मनुष्य पृथ्वी के लिए सबसे बड़ा खतरा है?" जैसे विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यालय समिति अध्यक्ष शुभम गुप्ता ने कहा कि "पृथ्वी हमारा एकमात्र घर है, इसकी सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है।

# भक्तों को कराया कथा का अमृतपान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आर्य सिटी में चल रहे श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं अष्टादश महापुराण पारायण तथा श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञानयज्ञ में बुधवार को कथा का रस प्रवाहित हुआ। बक्सर से पधारे श्री रामानुज सम्प्रदाय के श्री श्री 1008 गंगा पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण त्रिदंडी स्वामी महाराज ने भक्तों को कथा का अमृतपान कराया।

त्रिदंडी स्वामी महाराज ने आज की कथा में गोवर्धन भगवान का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा श्रीमद् भागवत कथा वेद और उपनिषदों का सार है। भगवान श्रीकृष्ण ने बाल्यकाल में ही पूतना वध, शकटासुर वध समेत अनेक राक्षसों का वध कर धर्म की स्थापना की। महाराज श्री ने भगवान की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए माखन चोर लीला, कालिया मर्दन और गिरिराज धारण की कथा सुनाई।

यज्ञाचार्य आचार्य पंडित अमित भारद्वाज ने बताया कि इस महायज्ञ में वाराणसी, कानपुर, कटनी मध्य प्रदेश, नैमिषारण्य, अयोध्या, हरिद्वार सहित दूर-दूर के क्षेत्रों से चारों वेदों के विद्वान ब्राह्मण पधारे हैं। प्रात: काल से ही यज्ञशाला में चारों वेदों का पाठ चल रहा है। आचार्य अमित भारद्वाज के निर्देशन में यज्ञशाला में वैदिक विधान से चतुरस्र, अर्द्धचंद्राकार, वृत्त, पद्म कुंड सहित पांच कुंड बनाए गए हैं।

# महिला आरक्षण बिल पर घर-घर बेनकाब होगा विपक्ष: प्रदीप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** पूर्व सांसद बीजेपी नेता चौधरी प्रदीप ने कहा है कि विपक्ष ने महिला उत्थान और उनके बराबरी के दर्जे का संसद में विरोध कर निंदनीय कृत्य किया है। उन्होंने घर घर जाकर विपक्ष को बेनकाब करने का संकल्प लिया।



प्रेस वार्ता में विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह विपक्ष के हर तरह के संशय का दिल से निवारण करने के बाद भी देश की आधी आबादी महिलाओं को आगे लाने के सरकार के विधेयक को गिरा दिया। सरकार की सकारात्मक विचारधारा का विरोध कर विपक्ष ने निंदनीय कार्य किया है। आने वाले समय में जनता उनका मुंह तोड़ जवाब देगी। प्रधानमंत्री मोदी को आतंकी कहे जाने के कांग्रेस अध्यक्ष खडगे के बयान को शर्मनाक व निन्दनीय बताते हुए पूर्व सांसद ने कहा कि इसका जनता सीधे जवाब देगी। पूर्व सांसद ने कहा कि विपक्ष मुदा विहीन लडाई लड रहा है। बंगाल में भाजपा सरकार बनने और कमल खिलने की शत प्रतिशत आशा जताते हुए उन्होंने कहा कि इसबार दीदी का जाना तय है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा की सरकार व देश के प्रधानमंत्री भारत को विकसित भारत बनाने में लगे हुए हैं आज देश चारों ओर तरक्की कर रहा है जगह-जगह एक्सप्रेसवे उद्योग धंधे स्वच्छ भारत अभियान आत्मनिर्भर भारत बन रहा है दिल्ली से देहराद. ून वाया सहारनपुर एक्सप्रेसवे का उद्घाटन कर प्रधानमंत्री ने हमारे क्षेत्र को एक बड़ी सौगात दी है जिससे दिल्ली से देहरादून का सफर मात्र 2 घंटे में पूरा किया जा सकता है रेलवे का पूरे देश में जाल बिछ रहा है वंदे भारत ट्रेन लोगों को सुविधा दे रही है एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा की 2027 के विधानसभा चुनाव में पार्टियों मुझे जो भी जिम्मेदारी देंगी उसे मैं हर तरह से निभाऊगा शामली अंबाला ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे का गंगोह में सर्विस रोड बनाने के प्रस्ताव पर उन्होंने कहा कि जो वादा जनता से किया है उसको हर हाल में पूरा कराया जाएगा

प्रेस वार्ता में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि दिनेश चौधरी, जिला पंचायत सदस्य सुशील चौधरी, जितेंद्र जागलान, विकास, संजय चौधरी, अर्जुन आदि मौजूद रहे।

# डीएम का का स्टेडियम में निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान ने क्षेत्रीय खेल कार्यालय के डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने स्टेडियम मे चल रही खेलो की गतिविधियो के बारे मे जानकारी ली। जिला क्रीड़ा अधिकारी श्री राहुल चोपड़ा द्वारा बताया गया स्टेडियम मे बॉक्सिंग, जूडो, रेसलिंग, ताइक्वाडो, बेडमिटन, स्विमिंग एथलेटिक्स भरोतोलान शूटिंग क्रिकेट आदि प्रशिक्षण शिविर चल रहे है। जिलाधिकारी द्वारा जिला क्रीड़ा अधिकारी को निर्देश दिये गए कि खेल और खिलाड़ियों की सुविधाओं को और सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को प्राथमिकता दी जाये।

इस अवसर पर सहायक प्रशिक्षक बॉक्सिंग प्रवीन कुमार, जूडो प्रशिक्षक डॉ परवेज अली, पुनीत कुमार, लाल धर्मेंद्र प्रताप, गौरव कुमार, प्रियंका चौहान, आदेश कुमार, रूपेश कुमार, बृजेश कुमार, शिवनंदन यादव, सनी कुमार, सुप्रिया रानी, आकाश कुमार, अश्वनी कुमार श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# चाकू मारकर कान काटने का मुकदमा दर्ज

**चिलकाना।** क्षेत्र निवासी एक युवक ने विपक्षियों पर उसके भाई के साथ मारपीट करते हुए चाकू मारकर कान काटने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

ग्राम मलकपुर निवासी पीड़ित मुस्तकीम पुत्र अब्दुल हमीद ने थाना पर तहरीर देकर बताया कि विपक्षी जुबेर पुत्र असलम व सावेज पुत्र आलिम निवासी गण ग्राम मलकपुर थाना चिलकाना व उसके चचेरे भाई इकरार पुत्र इसरार की पेड टूटने को लेकर कहासुनी हो रही थी। जोर जोर से बोलने की आवाज सुनकर पीड़ित का भाई मुकम्मिल पुत्र हमीद भी वहां चला गया। आरोप है कि जुबैर व सावेज ने पीड़ित के भाई मुकम्मिल के साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी तथा आरोपी सावेज ने चाकू से हमला कर दिया। जिससे मुकम्मिल का बांया कान कट गया व खून बहने लगा। जिसके बाद आरोपी दोबारा मिलने पर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की। वहीं पुलिस पुलिस ने घायल का मेडीकल कराने के बाद मुकदमा दर्ज किया है।

# सर्वसम्मति से क्षेत्रीय अध्यक्ष बने चन्द्रकिरण




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** श्रमिक समाज कल्याण संघ परिवहन निगम सहारनपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय कार्यकारिणी चुनाव में सर्वसम्मति से चन्द्रकिरण को क्षेत्रीय अध्यक्ष चुना गया।

रोडवेज बस डिपो पर चुनाव अधिकारी ताराचंद व परमाल सिंह द्वारा चुनाव प्रक्रिया को सम्पन्न कराया गया। जिसमें सर्वसम्मति से चन्द्रकिरण को क्षेत्रीय अध्यक्ष, अमित कुमार को क्षेत्रीय मंत्री व उदयवीर सिंह को कोषाध्यक्ष चुना गया। बाकी कार्यकारिणी तीनो पदाधिकारियों द्वारा बनाई जायेगी। इस दौरान रामेन्द्र कुमार, प्रविन्द्र कुमार, अयोध्या प्रसाद, रामजन्म भारती, नैन किशोर, भीष्म कुमार, सुशील कुमार, कन्हैया, रामनाथ, महेन्द्र, रामावतार, सोम सिंह, कुनाल, मनजीत, बृजभान, धनप्रकाश, संजीव आदि मौजूद रहे।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# आतंक के खात्मे का संकल्प

22 अप्रैल 2025 सामान्य दिनों के जैसे वो भी सुबह रही। हर दिन जैसे कश्मीर आज भी उसी खूबसूरती के साथ पर्यटकों का स्वागत कर रहा था। हालांकि किसी को नहीं पता था कि इस दिन को किसी की नजर लग जाएगी और अचानक से सब बदल जाएगा। आज बुधवार को देशभर में पहलगाम हमले की बरसी पर मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई और आतंकवाद को करारा जवाब देने का संकल्प लिया गया। कश्मीर के पहलगाम में स्थित बैसरन (कश्मीर का स्विटजरलैंड) अपने यहां आए आगंतुकों का बांह फैला कर स्वागत कर रहा था। दोपहर के समय कुछ ऐसा हुआ कि देश का हर नागरिक हिल गया। विश्व के सभी देश सन्न रह गए। अचानक दोपहर में कुछ आतंकी आए और निर्दोष लोगों को मार गिराया। इस घटना ने देश को झकझोर कर रख दिया। आतंकियों ने धर्म पूछकर निर्दोष लोगों को मार दिया, जिसकी दुनियाभर में निन्दा की गई और इसके लिए पाकिस्तान में बैठे आतंकियों को जिम्मेदार ठहराया गया। गीता, कुरान, बाइबल और ग्रन्थ साहिब में कहीं भी किसी भी नागरिक को मारने या प्रताड़ित करने की बात नहीं की गई। अगर आतंकी कुरान पढ़ने वाले थे, तो उनका दिल कैसे कठोर हो गया। जबकि आतंकी किसी धर्म के नहीं होते, वे अपने आपको जिहादी भले कहें, लेकिन दुनिया में उनकी इज्जत नहीं है। अब जबकि दुनिया 21 वीं सदी की ओर जा रही है और सबकुछ हाईटेक होता जा रहा है, तो ऐसे मौकों पर आतंक को खत्म करने का संकल्प लेना होगा। क्योंकि यदि ऐसी घटना की पुनरावृत्ति होती है, तो 21वीं सदी की ओर जा रही दुनिया के विकास में रुकावट आ सकती है। पहलगाम में आतंकियों ने कथित तौर पर पर्यटकों से उनका धर्म पूछा, उनसे कलमा पढ़ने को कहा। जब वह ऐसा नहीं कर सके, तो आतंकियों ने उन्हें गोली मार दी। इस घटना में आतंकियों ने 26 निर्दोष लोगों की जान ले ली। इस कायराना हरकत के बाद देश के हर नागरिक का खून उबल रहा था। पहलगाम हमले के बाद दुनिया भर के देशों ने इस कायराना हरकत की निंदा की। पाकिस्तान पोषित आतंकवाद के खिलाफ सभी देशों ने एक सुर में आवाज उठाई। विश्व के कई देशों के नेताओं ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया और आतंक के खिलाफ भारत की लड़ाई में साथ रहने का आश्वासन दिया। हालांकि पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ की ओर से इस घटना पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। हालांकि इस हमले के बाद पीएम मोदी ने कई जनसभाओं में कहा था कि जिन्होंने यह घोर पाप किया है, उन्हें मिट्टी में मिला दिया जाएगा। इसके बाद सेना अधिकारियों के साथ गोपनीय बैठक कर पीएम मोदी ने पाक के अंदर घुसकर कार्रवाई का आदेश दिया, जिसके बाद सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया, जिसमें पाक में बैठे कई आतंकियों को जमींदोज कर दिया और घर मिट्टी में मिला दिए। इसके बाद अपनों को खोने वालों के आंसू पोंछे गए।

## सरकार ने देश की महिलाओं को धोखा दिया



महिला आरक्षण को लेकर मोदी सरकार में जरा भी ईमानदारी है, तो उसे तत्काल संसद की मौजूदा सीटों से ही 33 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को देना चाहिए, कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर अत्यंत संवेदनशील है और महिला कांग्रेस के कार्यकर्ता देश की महिलाओं को संसद तथा विधानसभाओं में संसद से पारित आरक्षण कानून को लागू करने की मांग को लेकर अगले दो महीने में 10 लाख पोस्टकार्ड प्रधानमंत्री मोदी को भेजेंगी, भाजपा की मानसिकता कभी महिलाओं को आरक्षण देने तथा उनके साथ न्याय करने की नहीं रही है, यदि पार्टी सच में महिलाओं को आरक्षण देना चाहती है, तो उसे 543 लोकसभा सीटों के आधार पर महिला आरक्षण की व्यवस्था लागू करनी चाहिए, महिला आरक्षण संशोधन विधेयक के जरिये प्रधानमंत्री और उनके नेतृत्व वाली सरकार ने देश की महिलाओं को धोखा दिया है। **–अलका लांबा, अध्यक्ष, महिला कांग्रेस**

# नारी शक्ति वंदन पर राष्ट्र के नाम पीएम का रुंदन भरा संबोधन





**निर्मल रानी**

मध्य एशिया में छिड़े संघर्ष के परिणामस्वरूप पूरे विश्व में मंहगाई व बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। भारत में भी गैस व सिलेंडर के अभाव के कारण लगने वाली लंबी लंबी कतारों के साथ ही हजारों छोटे व मध्यम उद्योगों के बंद होने के समाचार मिल रहे हैं। विभिन्न औद्योगिक नगरियों से कामगारों के ऐसे दर्दनाक दृश्य दिखाई दे रहे हैं जो कोरोना काल के समय हुए प्रवासियों के पलायन की याद दिला रहे हैं। परन्तु हमारे देश की सरकार व यहां के नेता इन वास्तविकताओं से मुंह मोड़कर हमेशा की तरह आज भी श्चुनावी मोड श में हैं। प्राय: ऐसा देखा गया है कि चुनावी बेला में कुछ न कुछ ऐसा शगूफा जरूर छोड़ा जाता है जो सत्ता के पक्ष में, चुनाव को प्रभावित करने, विपक्ष को बदनाम करने, चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने तथा सत्ता का दुरुपयोग करने वाला हो परन्तु इन चुनावी महारथियों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि चुनाव आयोग सहित अनेक संस्थाओं पर सत्ता ने अपनी पकड़ मजबूत जो कर ली है?

देश ने पिछले दिनों एक ऐसा ही हाई प्रोफाइल राजनैतिक ड्रामा देखा। केंद्र सरकार ने अचानक 16 से 18 अप्रैल 2026 तक संसद का तीन दिवसीय विशेष सत्र बुला लिया। सरकार की तरफ से पहले तो इस आपात सत्र को बुलाने के कारण को भी सांसदों से गुप्त रखा गया। फिर एन वक्त पर बताया गया कि इस विशेष सत्र का मुख्य उद्देश्य महिला आरक्षण विधेयक जिसे वर्तमान सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का नाम दिया है इसे जल्द लागू करने के लिए लोकसभा की सीटों का परिसीमन करना व इनकी संख्या 543 से बढ़ाकर अधिकतम 850 करने संबंधी संशोधन विधेयक पारित कराना है। सरकार का कहना है कि ऐसा करने से 2029 के आम चुनावों से पहले 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू हो सकेगा। यही बताकर लोकसभा में विगत 17 अप्रैल को 131वां संविधान संशोधन विधेयक सरकार द्वारा पेश किया गया जो मतदान के बाद पारित नहीं हो सका। क्योंकि इस संविधान संशोधन विधेयक को पारित होने के लिए लोकसभा में विशेष यानी दो तिहाई बहुमत की जरूरत थी। गोया वर्तमान में लोकसभा में कुल 543 सदस्य हैं और कुल सदस्यों का सामान्य बहुमत लगभग 272 होता है जोकि सरकार के गठन के लिए तो पर्याप्त है परन्तु संविधान संशोधन के लिए उपस्थित और मतदान करने वालों सदस्यों में दो-तिहाई बहुमत के लिए सामान्यत: 362 या इससे अधिक वोट चाहिए। परन्तु चूंकि केवल 298 मत विधेयक के पक्ष में और 230 इस के विपक्ष में पड़े इसलिए यह विधेयक पारित नहीं हो सका। वैसे भी इतना महत्वपूर्ण विधेयक सदन की पटल पर लाने से पूर्व जिसपर परिसीमन को लेकर चर्चा की जाने थी, सत्ता पक्ष ने विपक्ष से बात करना,सर्वदलीय बैठक बुलाना या विपक्ष को विश्वास में लेना भी जरूरी नहीं समझा।

अब इस नारी शक्ति वंदन नामक विधेयक के गिरने के बाद सत्ता ने एक बड़ा है हाई वोल्टेज ड्रामा शुरू किया जिस के तहत पहले तो प्रधानमंत्री ने कैबिनेट की बैठक में विधेयक गिरने का ठीकरा विपक्ष पर फोड़ा और बाद में प्रधानमंत्री ने श्राष्ट्र के नाम संबोधनश किया जो कि एक रुन्दन भरा व शत प्रतिशत चुनावी भाषण जैसा सम्बोधन था। जनता के टैक्स के पैसों से संचालित होने वाले दूरदर्शन, संसद टी वी व ऑल इंडिया रेडिओ जैसे चौनल्स पर इसे लाइव प्रसारित किया गया। जबकि सत्ता के गुणगान में लगे श्गोदी मीडिया श के अधिकांश निजी चौनल्स ने भी इसे लाईव प्रसारित किया। यह संबोधन पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित, विपक्षी दलों को बदनाम करने,कई राज्यों में चल रहे चुनावों के बीच चुनाव को प्रभावित करने वाला तथा चुनाव आचार सं. हता का खुला उल्लंघन था। सही मायने में सरकार की जितनी फजीहत विधेयक के पारित न होने से हुई थी उससे कहीं ज्यादा इस तथाकथित श्राष्ट्र संबोधन श से हो गई। 18 अप्रैल को श्राष्ट्र के नाम सम्बोधनश के नाम पर दिए गए इस 29 मिनट के चुनावी भाषण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न केवल चुनाव आचार संहिता का खुला उल्लंघन किया बल्कि अन्य कई विपक्षी दलों के अतिरिक्त 58 बार केवल कांग्रेस पार्टी का नाम लेकर उसे खूब कोसा। इसके बाद देश के 700 से अधिक पूर्व नौकरशाहों व विशिष्ट लोगों ने भारतीय चुनाव आयोग को पत्र लिखकर शिकायत दर्ज कराई कि प्रधानमंत्री के प्रसारण में चुनाव अचार संहिता की धज्जियां उड़ाई गईं और प्रधानमंत्री का भाषण चुनाव अचार संहिता का सरासर उल्लंघन है। क्योंकि चुनाव अचार संहिता के लागू होने के बावजूद सरकारी टीवी प्रसारण के द्वारा चुनाव प्रचार किया गया और पार्टी प्रोपेगैंडा करने के लिए सरकारी मास मीडिया प्लेटफार्म का दुरूपयोग किया गया जोकि चुनाव नियमों का गंभीर उल्लंघन है। निश्चित रूप से देश के इतिहास में यह पहला मौका था जबकि किसी प्रधानमंत्री ने केवल विपक्ष को बदनाम करने व उसकी आला. ेचना करने के लिए श्राष्ट्र को संबोधितश करने के बहाने इस तरह से सरकारी प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किया हो। इसके बाद मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने जिस तरह आंकड़ों व तथ्यों के साथ भाजपा को आइना दिखाना शुरू किया उससे तो भाजपाइयों के लेने के देने पड़ गए। ,सबसे पहले तो कांग्रेस ने कहा कि जो महिला आरक्षण विधेयक पहले ही संसद में पारित हो चुका है उसे पुन: पारित करने का अर्थ क्या है ? नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि ए दरअसल महिला आरक्षण विधेयक नहीं है बल्कि भारत के वर्तमान चुनावी ढांचे को बदलने की साजिश है। राहुल गांधी ने कहा कि यदि प्रधानमंत्री महिला आरक्षण चाहते हैं तो 2023 का पारित हो चुका महिला विधेयक लाएं और उसे आज ही लागू करें तो पूरा विपक्ष समर्थन देगा। साथ ही इस विधेयक के गिरने के बाद महिलाओं की हमदर्दी में घड़ियाली आंसू बहाने व विपक्ष पर ही हमलावर होने वाली भाजपा से इसी विपक्ष ने ऐसे सवाल पूछने शुरू कर दिए जिसका भाजपा के लफ्फाजी नेताओं के पास कोई जवाब नहीं।

महिला आरक्षण के इन स्वयंभू सत्ताधारी हमदर्दों से विपक्ष ने यह भी पूछा कि सबसे ज्यादा सांसद होने के बाद भी बीजेपी की महिला सांसदों की संख्या का अनुपात अन्य राजनैतिक दलों की तुलना में सबसे कम क्यों है ? गौरतलब है कि वर्तमान लोकसभा में बीजेपी के 240 लोकसभा सांसदों में केवल 31 महिलाएं हैं अर्थात उनकी संख्या मात्र 12.90 प्रतिशत है। जबकि कांग्रेस के 98 सांसदों में 14 यानी 14.30 प्रतिशत इसी प्रकार टीएमसी के 29 में 11 महिला सांसद यानी 37.90 प्रतिशत महिलाएं हैं। इसी तरह समाजवादी पार्टी में भी 37 में 5 यानी 13.50 प्रतिशत महिला सांसद हैं। इसके साथ ही कांग्रेस ने भाजपा का यह चिठ्ठा भी खोलकर रख दिया कि भाजपा के शासन में यहां तक कि स्वयं अनेक भाजपा नेताओं द्वारा नारियों का किस तरह शोषण व अपमान किया गया है व किया जा रहा है। इसलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि नारी शक्ति वंदन विधेयक के गिरने पर प्रधानमंत्री का राष्ट्र के नाम रुन्दन भरा संबोधन कोरी राजनीति,आचार संहिता का उल्लंघन ,जनता के टैक्स के पैसों का दुरूपयोग और भाजपा की हताशा के सिवा और कुछ नहीं था।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ईरानी मीडिया में पाकिस्तान की किरकिरी

**एक तरफ वह आतंकवाद विरोधी सहयोग की बात करता है, वहीं दूसरी ओर विरोधी तत्वों को समर्थन देता है। मैकमास्टर ने कहा कि भारत द्वारा लंबे समय से उठाए जा रहे ये मुद्दे नए नहीं हैं। पाक 1940 के दशक के अंत से ही आतंकवादी संगठनों को अपनी विदेश नीति के औजार के रूप में इस्तेमाल करता रहा है। उन्होंने चीन-ईरान संबंधों का जिक्र करते हुए कहा कि बीजिंग की आर्थिक मदद तेहरान के लिए अहम है। चीन ईरान के तेल का करीब 90 प्रतिशत खरीदता है, जिससे वहां की सरकार को वित्तीय सहारा मिलता है।**



**रोहिताश सिंह वर्मा**


एक ओर ईरान के वार्ता से इन्कार करने पर अमे. रिका ने सीजफायर का दायरा बढ़ा दिया है, तो दूसरी तरफ ईरानी मीडिया ने पाकिस्तान पर सवाल उठा दिए है। ईरान का कहना है कि पाकिस्तानी नेता आसिम मुनीर खुद अमेरिका और चीन के मोहरे हैं, इसलिए पहली दौर की वार्ता में पाकिस्तान ने प्रस्तावों का जवाब नहीं आने दिया। अमेरिकी मीडिया के खुलासे के बाद पाकिस्तान कि फिर से किरकिरी हो गई हैं।

रिपोर्टों के अनुसार ईरानी मीडिया ने अमेरिका-ईरान के बीच मध्यस्थता में पाकिस्तान की भूमिका और उसकी तटस्थता पर गंभीर सवाल उठाए हैं। ईरानी सरकारी मीडिया ने पाकिस्तान की तटस्थ ब्रो. कर के रूप में भूमिका पर तीखी टिप्पणी की है। ईरान ने संकेत दिया है कि पाकिस्तान के माध्यम से की जा रही बातचीत के दौरान उन पर दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है, जिसे ईरान स्वीकार नहीं कर रहा है। कुछ विश्लेषकों ने यह चिंता भी जताई है कि क्या पाकिस्तान वास्तव में निष्पक्ष है या वह चीन के एजेंडे का पालन कर रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान ने पाकिस्तान द्वारा आयोजित की जाने वाली बातचीत के अगले दौर में देरी की है या उसमें शामिल होने से संकोच किया है। हालांकि इन सवालों के बीच ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने स्पष्ट किया है कि वे पाकिस्तान की को. शिशों के लिए आभारी हैं और उन्होंने बातचीत में शामिल होने से इन्कार नहीं किया है, लेकिन वे उन शर्तों पर बात करना चाहते हैं, जो उन्हें स्वीकार्य हों। वहीं अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार एचआर मैकमास्टर ने ईरान से जुड़ी कूटनीतिक को. शिशों में पाकिस्तान की भूमिका पर गंभीर सवाल उठाए हैं।

उन्होंने पाकिस्तान को चीन का क्लाइंट बताते हुए उसकी मध्यस्थता पर संदेह जताया। एक विशेष इंटरव्यू में मैकमास्टर ने कहा कि पाकिस्तान को चीनी कम्युनिस्ट पार्टी का करीबी सहयोगी माना जाना चाहिए। उनका मानना है कि ऐसे में ईरान-अमेरिका वार्ता में उसकी भूमिका को निष्पक्ष नहीं माना जा सकता। यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को इस्लामाबाद में प्रस्तावित अमेरिका-ईरान वार्ता के दूसरे दौर को रद्द कर दिया। मैकमास्टर ने चीन की भूमिका पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि बीजिंग की दिलचस्पी ईरान में मौजूदा व्यवस्था को बनाए रखने में है। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी ईरान में इस्लामिक रिपब्लिक को सत्ता में बनाए रखने के लिए बेताब है। उनके अनुसार चीन का यह रुख क्षेत्रीय शक्ति संतुलन और अपने आर्थिक हितों से जुड़ा है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि पाकिस्तान की ओर से मध्यस्थता की पेशकश पूरी तरह निष्पक्ष नहीं हो सकती। इन वार्ताओं में मध्यस्थ बनने की पेशकश के पीछे कोई न कोई छिपा हुआ उद्देश्य हो सकता है। मैकमास्टर ने पाकिस्तान की सुरक्षा नीति पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने अपने अनुभव को निराशाजनक बताया। उनके अनुसार पाकिस्तान अक्सर दोहरी नीति अपनाता है। एक तरफ वह आतंकवाद विरोधी सहयोग की बात करता है, वहीं दूसरी ओर विरोधी तत्वों को समर्थन देता है। मैकमास्टर ने कहा कि भारत द्वारा लंबे समय से उठाए जा रहे ये मुद्दे नए नहीं हैं। पाकिस्तान 1940 के दशक के अंत से ही आतंकवादी संगठनों को अपनी विदेश नीति के औजार के रूप में इस्तेमाल करता रहा है। उन्होंने चीन-ईरान संबंधों का जिक्र करते हुए कहा कि बीजिंग की आर्थिक मदद तेहरान के लिए अहम है। चीन ईरान के तेल का करीब 90 प्रतिशत खरीदता है, जिससे वहां की सरकार को वित्तीय सहारा मिलता है। उनके मुताबिक इससे ईरान अपनी क्षेत्रीय गतिविधियों को जारी रखने में सक्षम रहता है। मैकमास्टर ने निष्कर्ष में कहा कि इन सभी कारकों को देखते हुए पाकिस्तान की कूटनीतिक भूमिका को चीन की व्यापक रणनीति से अलग करके नहीं देखा जा सकता।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जब पाल ने कांग्रेसी सांसदों से कहा, आप अपने नेता पर हंस रहे





**यशोदा श्रीवास्तव**

यूपी के राजनेताओं की बात करें तो एक हैं जगदंबिका पाल! यूं तो यह बहुआयामी व्यक्तित्व के मुख्तार हैं लेकिन यदि हम इनके सिर्फ राजनीतिक कद काठी को नापें तो यह सूबे के और नेताओं से बिल्कुल अलहदा हैं। इनके व्यक्तित्व और व्यवहार की खास बात यह है कि ए चाहे विधानसभा में रहें हों या अभी संसद में, इसके भीतर ही इनमें पक्ष और विपक्ष का अंतर दिखता है। इसके बाहर इनका हंसी ठठाका,बात व्यवहार सभी के साथ वे चाहे सत्ता पक्ष के हों या विपक्ष के सब के साथ दोस्ताना ही होता है। निसंदेह यही वह कारण है जो इन्हें यूपी के राजनेताओं में सबसे अलग साबित करता है।

मूलत: बस्ती जिले के निवासी जगदंबिका पाल का राजनीतिक सफर बहुत लंबा है। उनका राजनीतिक पृष्ठभूमि कांग्रेसी रहा है। स्वर्गीय संजय गांधी के निकट रहे हैं। यूपी में सेवा दल से लगायत युवक कांग्रेस और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष तक का इनका सफलतम कार्यकाल रहा है। यह विधानपरिषद में भी रहे और लंबे समय तक विधानसभा में भी रहे। मंत्री तो रहे ही,एक बार एक दिन के लिए मुख्यमंत्री का ताज भी इनके सिर पर रहा। इन्होंने स्वर्गीय कल्याण सिंह को अपदस्थ कर मुख्यमंत्री की कुर्सी हासिल की थी। जगदंबिका पाल इस वक्त सिद्धार्थनगर जिले की इकलौती डुमरियागंज संसदीय सीट से भाजपा के तीन बार से सांसद हैं। इसके पहले 2009 में वे यहां से कांग्रेस के टिकट पर भी सांसद चुने गए थे। अचानक मन बदला तो ए भाजपा में आ गए। खांटी कांग्रेसी नेता रहे राजनीति के इस बड़ी शख्सियत का भाजपा में आना उनके समर्थकों को अचंभित करने वाला था लेकिन चूंकि यह राजनीति है और यहां पद और प्रतिष्ठा ही सर्वोपरि है इसलिए हैरानी जैसी बात भी नहीं थी। उनके संसदीय क्षेत्र डुमरियागंज के लोग उन्हें मंत्री के रूप में देखने को अभी भी तरस रहे हैं।

जगदंबिका पाल का कांग्रेस छोड़ भाजपा में आने का मकसद हो सकता हो मंत्री पद की लालशा ही रही हो, लेकिन वह अभी तक पूरी नहीं हुई जबकि पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा, ईमानदार छवि और पार्टी लाइन के अनुसार विपक्ष के प्रति उनकी मुखरता में कहीं से कोई कमी नहीं है। खैर ए भाजपा का अंदरूनी मामला है लेकिन जब दूसरे दलों से ढेर सारे नेता भाजपा में समा. हत हो कर मंत्री, मुख्यमंत्री बन रहे हैं तो जगदंबिका पाल क्यों नहीं यह सवाल तो खटकता ही है। जगदंबिका पाल लोकसभा में स्पीकर पैनलिस्ट भी हैं। गाहे-बगाहे संसद सत्र में इन्हें लोकसभा में स्पीकर के आसन पर बैठने का मौका मिलता रहता है। इस पैनल में

**जगदंबिका पाल का कांग्रेस छोड़ भाजपा में आने का मकसद हो सकता हो मंत्राी पद की लालशा ही रही हो, लेकिन वह अभी तक पूरी नहीं हुई जबकि पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा, ईमानदार छवि और पार्टी लाइन के अनुसार विपक्ष के प्रति उनकी मुखरता में कहीं से कोई कमी नहीं है। खैर यह भाजपा का अंदरूनी मामला है लेकिन जब दूसरे दलों से ढेर सारे नेता भाजपा में समाहित हो कर मंत्री, मुख्यमंत्री बन रहे हैं तो जगदंबिका पाल क्यों नहीं यह सवाल तो खटकता ही है। जगदंबिका पाल लोकसभा में स्पीकर पैनलिस्ट भी हैं। गाहे-बगाहे संसद सत्र में इन्हें लोकसभा में स्पीकर के आसन पर बैठने का मौका मिलता रहता है। इस पैनल में और भी सांसद हैं जिन्हें स्पीकर की भूमिका निभाने का मौका मिलता है लेकिन इस अस्थाई कुर्सी पर जब जगदंबिका पाल बैठते हैं तो सुर्खियों में क्यों होते हैं, यह उनके समर्थक और विरोधियों में चर्चा का विषय बन जाता है।**

और भी सांसद हैं जिन्हें स्पीकर की भूमिका निभाने का मौका मिलता है लेकिन इस अस्थाई कुर्सी पर जब जगदंबिका पाल बैठते हैं तो सुर्खियों में क्यों होते हैं,यह उनके समर्थक और विरोधियों में चर्चा का विषय बन जाता है। वे जब भी स्वीकार के आसान पर होते हैं, संसद का संचालन निर्विवाद और निर्विघ्न होता है।

यानि कि इस कुर्सी पर बैठ कर भी वे अपनी खास छवि उकेरने में कामयाब होते हैं। तभी तो वरिष्ठ कांग्रेस नेता और राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह उन्हें शाबा. शी बाशी देते हुए कहते हैं कि स्पीकर आपको ही होना चाहिए। संसद सत्र के दौरान जब हो हल्ला होता है, विपक्ष आपा खो बैठता है, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की चीखते चिल्लाते भाषणों के बीच कांग्रेस सांसद मुस्कुरा रहे होते हैं तब स्पीकर की कुर्सी पर बैठे जगदंबिका पाल का कांग्रेसी सांसदों की ओर हाथ दिखा कर यह कहना कि आप अपने नेता पर हंस रहे हैं? सोचिए यह विपक्षी सांसदों पर कितना झन्नाटेदार तमाचा है। पाल के बड़ी शालीनता से इतना कहने भर से खिसियाए कांग्रेसी सांसदों का चेहरा देखने लायक होता है। दरअसल जगदंबिका पाल के राजनीतिक व्यक्तित्व को देखें तो ऐसे एक नहीं अनेकों उदाहरण मिलेंगे जो उन्हें यूपी के राजनेताओं में सबसे अलग साबित करता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### प्रवासी भारतीय जर्मनी और भारत के बीच मजबूत सेतु: राजनाथ

**बर्लिन।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जर्मनी में रहने वाले करीब तीन लाख भारतीय प्रवासियों को दोनों देशों के बीच सबसे मजबूत सेतु बताते हुए कहा है कि उन्होंने व्यापार, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और कला जैसे विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने भारतीय प्रवासियों से अपनी विरासत से जुड़े रहते हुए भारत-जर्मनी साझेदारी को और मजबूत बनाने में अपना योगदान जारी रखने का आग्रह किया। तीन दिन की यात्रा पर यहां आए सिंह ने पहले दिन भारतीय प्रवासी समुदाय के साथ संवाद किया।

### गुटेरेस ने युद्धविराम बढ़ाने का स्वागत किया

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने बुधवार को अमेरिका द्वारा युद्धविराम बढ़ाने का स्वागत किया और इसे 'अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम करने और कूटनीति तथा भरोसा बनाने की दिशा में एक जरूरी कदम' बताया। गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने यह जानकारी दी है। दुजारिक ने एक बयान में कहा कि हम सभी पक्षों को इस प्रक्रिया को बनाए रखने, ऐसे कामों से बचने का आग्रह करते हैं जो युद्धविराम को कमजोर कर सकते हैं। हम बातचीत में सुधारवादी तरीके से शामिल होने का आग्रह करते हैं।

### नेपाल: निष्पक्ष जांच के लिए गृह मंत्री सुधन गुरंग ने दिया इस्तीफा


**काठमांडू।** नेपाल के गृह मंत्री सुधन गुरंग ने बुधवार को निवेश से जुड़े विषयों को लेकर उपजे विवादों के बीच अपने पद से इस्तीफा दे दिया। यह विवाद पिछले कुछ समय से छाया हुआ था। गुरंग ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपने इस्तीफे की घोषणा करते हुए स्पष्ट किया कि वे नहीं चाहते कि पद पर बने रहने से जांच प्रक्रिया प्रभावित हो। उन्होंने अपने बयान में कहा कि मुझसे संबंधित विषयों पर निष्पक्ष जांच हो और पद पर रहते हुए 'हितों का टकराव' न दिखे, इसी उद्देश्य से मैंने आज से ही प्रभावी होने वाला अपना इस्तीफा सौंप दिया है।

### ब्रिटेन: 2008 के बाद जन्मे लोग तंबाकू नहीं खरीद पाएंगे

**लंदन।** ब्रिटेन ने धूम्रपान को रोकने के लिए सख्त कदम उठाया है। अब वहां नई पीढ़ी के लोगों के लिए सिगरेट खरीदना हमेशा के लिए बंद करने की तैयारी हो गई है। सरकार ने 'टोबैको एंड वेप्स बिल' पास कर दिया है। इसके तहत 2008 के बाद पैदा हुए लोग जिंदगी भर तंबाकू से जुड़ी चीजें नहीं खरीद पाएंगे। संसद से बिल पास हो चुका है और अब सिर्फ किंग चार्ल्स ष्प्ष् की औपचारिक मंजूरी बाकी है, जिसके बाद यह कानून बन जाएगा। यह पूरे ब्रिटेन यानी इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, वेल्स और उत्तरी आयरलैंड में लागू होगा। सरकार ने यह बिल 2024 में पेश किया था और इसे अपनी बड़ी प्राथमिकताओं में रखा था। नए नियम के अनुसार, 1 जनवरी 2027 से यह कानून लागू होगा।

# युद्धक्षेत्र में अमेरिका को चौंकाने वाली घटनाएं पैदा करेंगे: आईआरजीसी

**कहा: अपने विरोधियों की अपेक्षाओं और आकलनों से परे जाकर कार्रवाई करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं**



**तेहरान।** इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने कहा है कि वह किसी भी संभावित युद्धक्षेत्र में अमेरिका और इजरायल सहित अपने विरोधियों की 'अपेक्षाओं और आकलनों से परे' जाकर कार्रवाई करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

स्थापना दिवस के अवसर पर जारी बयान में आईआरजीसी ने अपनी विभिन्न शाखाओं और बसीज स्वयंसेवी बल के साथ मिलकर कहा कि वह उन्नत क्षमताओं और नई रणनीतिक विकल्पों के जरिए 'अप्रत्याशित घटनाक्रम' उत्पन्न करने में सक्षम है। बयान में कहा गया कि हम युद्धप्रिय और विश्वासघाती दुश्मन की समझ और गणना से कहीं आगे जाकर उपलब्धियां हासिल करने और चौंकाने वाली घटनाएं पैदा करने के लिए तैयार हैं। आईआरजीसी ने कहा कि वह उच्चतम स्तर की परिचालन तैयारियों में है और किसी भी खतरे या नए आक्रमण का तेज और निर्णायक जवाब देने के लिए तैयार है। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि सैन्य टकराव का नया दौर शुरू होता है, तो वह क्षेत्र में दुश्मन की शेष सैन्य संपत्तियों पर 'कल्पना से परे करारा प्रहार' करेगा। बयान में 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल द्वारा शुरू किए गए कथित युद्ध का उल्लेख करते हुए कहा गया कि ईरान ने 'ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 4' के तहत जवाबी कार्रवाई में सैकड़ों बैलिस्टिक और हाइपरसोनिक मिसाइलों तथा ड्रोन का इस्तेमाल किया। आईआरजीसी ने दावा किया कि हालिया घटनाक्रम विरोधी शक्तियों की सैन्य प्रतिष्ठा में गिरावट को दर्शाते हैं और पश्चिम एशिया में एक नए क्षेत्रीय संतुलन की ओर संकेत करते हैं, जो बाहरी हस्तक्षेप के बिना स्थिरता और सुरक्षा स्थापित करेगा।

### जर्मनी होर्मुज स्ट्रेट में तीन जहाज तैनात करने की बना रहा योजना

**बर्लिन।** जर्मनी होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों को सुरक्षित करने के वास्ते अंतर्राष्ट्रीय मिशन में भाग लेने के लिए तीन जहाज तैनात करने की योजना बना रहा है। 'डेर स्पीगल' मैगजीन ने जर्मन राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सदस्यों का हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। मैगजीन ने मंगलवार को अपनी रिपोर्ट में बताया कि जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज की अध्यक्षता में परिषद की बैठक हुई, जिसमें पश्चिम एशिया की स्थिति सहित कई महत्वपूर्ण राजनीतिक और आर्थिक मुद्दों पर चर्चा की गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि परिषद इस मिशन में भाग लेने के लिए दो माइनस्वीपर (बारूदी सुरंग हटाने वाले जहाज) और एक आपूर्ति जहाज तैनात करने की इजाजत दे सकती हैं। इसके अलावा, रिपोर्ट में बताया गया है कि जर्मनी ने 'एस्पाइड्स' मिशन के हिस्से के रूप में वर्तमान में जिबूती में तैनात एक छोटे टोही विमान को भी तैनात करने का प्रस्ताव दिया है।




जम्मू। पहलगाम आतंकी हमले की पहली बरसी पर प्रार्थना व श्रद्धांजलि अर्पित करती छात्राएं।

### फ्रांस इजरायल के साथ बातचीत में लेबनान की मदद करेगा: मैक्रों

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा है कि फ्रांस लेबनान को इजरायल के साथ बातचीत की तैयारियां करने में मदद करेगा। मैक्रों मंगलवार को लेबनान के प्रधानमंत्री नवाफ सलाम के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हम लेबनानी सरकार को इन वार्ताओं की तैयारी करने और पूर्ण संप्रभुता बहाल करने के लिए आवश्यक योजना बनाने में, जहां तक संभव हो सकेगा, सहायता प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि फ्रांस आने वाले दिनों में लेबनान को लगभग 10 टन सहायता सामग्री भी भेजेगा, जिससे फ्रांस की ओर से द्वारा दान की गई कुल मानवीय सहायता की मात्रा बढ़कर 70 टन हो जाएगी।

# ईरानी सेना की ताकत अब भी मजबूत

## पेंटागन रिपोर्ट में खुलासा, ट्रम्प-हेगसेथ के दावों पर उठे सवाल



**ईरान के खिलाफ ऑपरेशन के दौरान मारा गया मोसाद एजेंट मिस्ट मेम**

**वाशिंगटन/तेल अवीव।** अमेरिकी रक्षा विभाग (पेंटागन) की खुफिया शाखा की एक नई रिपोर्ट ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हलचल मचा दी है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ईरान की सैन्य क्षमता अभी भी मुख्य रूप से मजबूत बनी हुई है, जिससे अमेरिकी नेतृत्व के हालिया बयानों पर सवाल खड़े हो गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, डोनाल्ड ट्रम्प और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने पहले दावा किया था कि हालिया संघर्षों के बाद ईरान की सेना को भारी नुकसान हुआ है और उसकी ताकत काफी कमजोर हो चुकी है। लेकिन पेंटागन की खुफिया रिपोर्ट इन दावों से पूरी तरह असहमत नजर आ रही है। बीते दिनों दोनों देशों के बीच इस्लामाबाद में हुई 21 घंटे की लंबी बातचीत के बाद एक दीर्घकालिक समझौते को सुरक्षित करने का पिछला प्रयास बिना किसी सफलता के समाप्त हो गया था, जिससे तनाव और बढ़ गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान की सैन्य शक्ति अभी भी पश्चिम एशिया में एक महत्वपूर्ण और प्रभावशाली स्थिति बनाए हुए है। उसके सैन्य ढांचे को पूरी तरह कमजोर नहीं किया जा सका है। वहींइजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद के एक एजेंट को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने ईरान के खिलाफ इजरायल के हालिया अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। यह जानकारी मोसाद प्रमुख डेविड बार्निया ने मंगलवार को दी। इजरायली एजेंट की मई 2023 में इटली में एक नाव हादसे में मौत हो गई थी। यह एजेंट केवल उनके नाम के पहले हिब्रू अक्षर मेम से पहचाने जाते हैं। उनकी मौत इटली की मैगी गोर झील में नाव पलटने से हुई थी, जिसमें कुल चार लोगों की जान गई थी। उस समय इटली की मीडिया रिपोर्ट्स में उनकी पहचान 50 वर्षीय एरेज शिमोनी के रूप में की गई थी, जिसे एक उपनाम माना जाता है। उनकी असली पहचान आधिकारिक रूप से सार्वजनिक नहीं की गई, हालांकि इजरायल की आधिकारिक स्मारक वेबसाइटों पर उपलब्ध बताई जाती है। मोसाद मुख्यालय में आयोजित मेमोरियल डे समारोह में डेविड बार्निया ने कहा कि आज के दिन मैं उन शहीद मोसाद कर्मियों को याद करता हूं, जिन्होंने वर्षों तक इजरायल की सुरक्षा में योगदान दिया और देश के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन रोअरिंग लायन के दौरान मेरे विचार और मेरा हृदय मेम के व्यक्तित्व और उनके कार्यों को लेकर गर्व से भर गया था। वह इजरायल के बाहर अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए शहीद हुए। बार्निया ने आगे कहा, मेम के नेतृत्व में चलाया गया अभियान रचनात्मकता, चतुराई और अत्याधुनिक तकनीक का मिश्रण था, जिसने ईरान के खिलाफ अभियान की सफलता पर महत्वपूर्ण असर डाला। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह वही अभियान था, जिसने हालिया इजरायल-ईरान युद्ध के दौरान इजरायल की सफलता में योगदान दिया। इटली की मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जिस नाव पर हादसा हुआ, उस पर खुफिया एजेंटों की एक कार्य बैठक चल रही थी। रिपोर्ट्स में कहा गया था कि नाव पर सवार 23 लोगों में से 19 मौजूदा या पूर्व इजरायली और इतालवी खुफिया एजेंट थे। इटली की सुरक्षा सेवा ने बताया था कि हादसे में मारे गए दो अन्य लोग 62 वर्षीय एक पुरुष और 53 वर्षीय एक महिला उसके कर्मचारी थे। मेम का शव बाद में इजरायल लाया गया, जहां अश्केलोन सैन्य कब्रिस्तान में पूरे सम्मान के साथ दफनाया गया। उनके अंतिम संस्कार में मोसाद के वरिष्ठ अधिकारी, जिनमें डेविड बार्निया भी शामिल थे, मौजूद रहे।

### होर्मुज में सुरक्षित नौवहन के लिए 30 देशों के प्रतिनिधियों की बैठक

**बैठक का उद्देश्य होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने के लिए सैन्य योजनाओं को अंतिम रूप देना**

**लंदन।** ब्रिटेन और फ्रांस बुधवार को लंदन में 30 से अधिक देशों के सैन्य योजनाकारों की मेजबानी करेंगे। इस बैठक का उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए सैन्य योजनाओं को अंतिम रूप देना है। ब्रिटिश रक्षा मंत्रालय के अनुसार, नॉर्थवुड स्थित 'परमानेंट जॉइंट हेडक्वार्टर' में होने वाले इस दो दिवसीय सम्मेलन में विभिन्न देशों की सैन्य क्षमताओं, कमान संरचना और क्षेत्र में सेनाओं की तैनाती पर चर्चा की जाएगी। मंत्रालय ने कहा कि एक स्थाई युद्धविराम समझौता होने और स्थितियां अनुकूल होते ही इन सैन्य योजनाओं को आगे बढ़ाया जाएगा। यह बातचीत इस रणनीतिक समुद्री मार्ग में नौवहन की स्वतंत्रता बहाल करने के लिए लंदन और पेरिस के नेतृत्व में बनाए जा रहे एक बहुराष्ट्रीय गठबंधन की दिशा में नया कदम है। ब्रिटेन के रक्षा सचिव जॉन हीली ने कहा कि आज और कल का कार्य राजनयिक सहमति को एक संयुक्त सैन्य योजना में बदलना है ताकि होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही सुरक्षित हो सके। हीली ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, ऊर्जा सुरक्षा और वैश्विक अर्थव्यवस्था की स्थिरता नौवहन की स्वतंत्रता पर निर्भर करती है।

# थाईलैंड में भारतीय टूरिस्ट पर नस्लभेदी कमेंट

**रेस्टोरेंट स्टाफ बोली: इंडिया वेरी बैड, पुलिस बुलाने पर मैनेजर ने माफी मांगी**

**बैंकाक।** थाईलैंड के आओ नांग शहर में एक भारतीय टूरिस्ट और ट्रैवल व्लागर सूमो को नस्लभेदी कमेंट का सामना करना पड़ा। उन्होंने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें एक रेस्टोरेंट की महिला स्टाफ उनसे 'इंडिया वेरी बैड' कहते नजर आ रही है। व्लागर के मुताबिक, यह घटना तब हुई जब वह नाश्ता करने गए थे। बिल में हल्की गड़बड़ी हुई, जिसके बाद अनुवाद के लिए महिला को बुलाया गया। जैसे ही उन्होंने अपनी राष्ट्रीयता भारत बताई, माहौल बदल गया और उन पर आरोप लगाए गए कि भारतीय पैसे नहीं देना चाहते।

इसके बाद भारतीय टूरिस्ट ने पुलिस बुलाई। पुलिस के आने पर रेस्टोरेंट के मैनेजर ने माफी मांगी। ट्रैवल व्लागर सूमो ने जो वीडियो पोस्ट किया है, उसमें महिला स्टाफ उससे बदतमीजी करती नजर आ रही है। व्लागर सूमो ने बताया कि विवाद पैसे को लेकर नहीं था, क्योंकि रकम सिर्फ 120 थाई बात यानी करीब 349 रुपये थी। व्लागर ने वीडियो में कहा कि यह पहली बार था जब उन्हें थाईलैंड में ऐसे व्यवहार का सामना करना पड़ा। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद व्लागर ने संदर्भ देने के लिए एक और वीडियो जारी किया। इसमें उन्होंने कहा कि कई लोग मान लेते हैं कि ऐसी स्थिति में गलती टूरिस्ट की ही होती है, लेकिन इस बार ऐसा नहीं था। व्लागर ने बताया कि उन्हें बहस करने के बजाय टूरिस्ट पुलिस को बुलाना बेहतर लगा। पुलिस ने उनकी बात समझी और रेस्टोरेंट के मैनेजर ने उनसे माफी मांगी। इस घटना पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी समुदाय को लेकर एक जैसी सोच बनाना गलत है। भारत में भी लोगों के मन में कुछ गलत धारणाएं होती हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि ऐसी सोच सही है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद कुछ लोगों ने व्लागर का समर्थन किया। उन्होंने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। वहीं कुछ यूजर्स ने सवाल उठाए कि इसके पीछे पूरी कहानी क्या है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए व्लागर ने कहा कि उन्हें सबसे ज्यादा निराशा इस बात से हुई कि कुछ भारतीय ही कमेंट में अपने लोगों के खिलाफ बोल रहे थे। उन्होंने लोगों से अपील की कि जहां भी नस्लभेद दिखे, उसके खिलाफ आवाज उठानी चाहिए।

# ईरान को प्रतिदिन 50 करोड़ डॉलर का नुकसान: ट्रम्प

## अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा: इसलिए ईरान हॉर्मुज स्ट्रेट को बंद करना नहीं चाहता



**कुछ लोगों ने उनसे संपर्क किया था और बताया था कि ईरान हॉर्मुज को तुरंत खोलना चाहता है: ट्रम्प**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को कहा कि ईरान हॉर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करना नहीं चाहता, क्योंकि इसके बंद होने से उन्हें प्रतिदिन 50 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुकसान हो रहा है।

ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर कहा कि वे (ईरान) इसे खुला रखना चाहते हैं ताकि वे प्रतिदिन 50 करोड़ अमेरिकी डॉलर कमा सकें। ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान कह रहा है कि वे इसे बंद करना चाहते हैं, क्योंकि वे 'अपनी प्रतिष्ठा बचाना' चाहते हैं, जबकि अमेरिका ने इसकी पूरी तरह से घेराबंदी कर रखी है। उन्होंने कहा कि चार दिन पहले कुछ लोगों ने उनसे संपर्क किया था और बताया था कि ईरान इस जलडमरूमध्य को तुरंत खोलना चाहता है। ट्रम्प ने चेतावनी देते हुए कहा कि लेकिन अगर हम ऐसा करते हैं, तो ईरान के साथ कभी कोई समझौता नहीं हो सकता, जब तक कि हम उनका बाकी देश और उनके नेताओं को भी उड़ा न कर दें। डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं और अमेरिकी संचार माध्यमों, विशेष रूप से वॉल स्ट्रीट जर्नल और न्यूयॉर्क टाइम्स पर अपना हमला जारी रखते हुए ट्रम्प ने कहा कि उन्हें 'ऑपरेशन मिडनाइट हैमर' को 'नीचा दिखाने' या उसकी आलोचना करने की अनुमति कभी नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस अभियान ने परमाणु स्थलों को इस सीमा तक पूरी तरह से नष्ट कर दिया है कि 'रक्तपिपासु ईरान' उन तक पहुंचने या उन्हें खोदकर निकालने में असमर्थ रहा है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिकी अंतरिक्ष बल के पास पिछले जून में हमला किए गए तीनों स्थलों के हर इंच पर कैमरों की निगरानी है। 'ऑपरेशन मिडनाइट हैमर' 22 जून, 2025 को ईरान के महत्वपूर्ण परमाणु केंद्रों के विरुद्ध किए गए अमेरिकी सैन्य हमलों का गुप्त नाम है। इन हमलों का मुख्य केंद्र तीन प्राथमिक परमाणु बुनियादी ढांचा स्थल फोर्डो यूरेनियम संवर्धन संयंत्र, नतंज परमाणु केंद्र और इस्फहान परमाणु प्रौद्योगिकी केंद्र थे। इस अभियान में अमेरिकी वायु और नौसेना शक्ति का विशाल प्रदर्शन देखा गया, जिसमें 7 बी-2 स्पिरिट स्टील्थ बमवर्षक शामिल थे, जिन्होंने सीधे अमेरिका से 18 घंटे का मिशन संचालित किया। इसमें पहली बार युद्ध में उपयोग किए गए 30,000 पाउंड के 'बंकर बस्टर' बम, एक अमेरिकी पनडुब्बी से दागी गई 30 टॉमहॉक मिसाइलें और ईरानी हवाई सुरक्षा को ध्वस्त करने के लिए एफ-35 और एफ-22 स्टील्थ लड़ाकू विमानों सहित 125 से अधिक विमान शामिल थे।

# जर्मनी को रक्षा उत्पादन क्षेत्र में सहयोग के लिए किया आमंत्रित

**राजनाथ ने रक्षा प्रौद्योगिकी और साजो-सामान के संयुक्त विकास और निर्माण के महत्व पर बल दिया**

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत और जर्मनी के बीच रक्षा प्रौद्योगिकी और साजो-सामान के संयुक्त विकास और निर्माण के महत्व पर बल दिया है। जर्मनी की तीन दिन की यात्रा पर गए सिंह ने कहा कि उनकी सरकार का 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान सह-निर्माण, सह-विकास और सह-नवाचार का निमंत्रण है। म्यूनिख होकर बर्लिन पहुंचे रक्षा मंत्री ने मंगलवार को जर्मनी के सांसदों को संबोधित करते हुए दोनों देशों के रक्षा औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्रों के बीच सहयोग बढ़ाने की पुरजोर वकालत की। यात्रा के पहले दिन उन्होंने रक्षा एवं सुरक्षा संबंधी जर्मनी की संसद की स्थाई समिति को संबोधित करते हुए कहा कि आज दुनिया नए सुरक्षा खतरों का सामना कर रही है और तकनीकी परिवर्तन ने स्थिति को अत्यधिक जटिल बना दिया है।

### ट्रम्प ने की फांसी की सजा का सामना कर रही आठ ईरानी महिलाओं की रिहाई की अपील

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने जनवरी 2026 के विरोध प्रदर्शनों में भाग लेने के लिए ईरान में मृत्युदंड की सजा का सामना कर रही आठ महिलाओं को रिहा करने का आह्वान किया है और कहा है कि उनकी रिहाई शांति वार्ताओं की एक 'शानदार शुरुआत' होगी। ट्रम्प की यह अपील ईरान के साथ एकतरफा युद्धविराम के विस्तार की घोषणा करने से एक दिन पहले आई है।

# नेपाल में पीएम बालेन शाह के खिलाफ प्रदर्शन तेज

**टैक्स बढ़ाने और छात्र संघ पर बैन से नाराजगी, राजनीतिक दल और आम लोग सड़कों पर उतरे**

**काठमांडू।** नेपाल में नई सरकार बनने के कुछ ही हफ्तों के भीतर उसके खिलाफ विरोध तेज हो गया है। काठमांडू समेत कई शहरों में छात्र, राजनीतिक दल और आम लोग सड़कों पर उतर आए हैं।

सरकार के कुछ फैसलों और विवादों ने मिलकर इस असंतोष को बढ़ा दिया है। सबसे बड़ा मुद्दा भारत से आने वाले सामान पर कस्टम ड्यूटी का है। सरकार ने 100 रुपये से ज्यादा कीमत वाले सामान पर अनिवार्य शुल्क लगा दिया है। सीमावर्ती इलाकों के लोगों का कहना है कि इससे उनकी रोजमर्रा की जरूरतें प्रभावित होंगी, क्योंकि वे लंबे समय से सीमा पार खरीदारी पर निर्भर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि यह फैसला आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालता है। दूसरा बड़ा विवाद छात्र संगठनों को लेकर है। सरकार के सख्त रुख से छात्रों में नाराजगी बढ़ गई है। छात्र नेताओं का कहना है कि सरकार बातचीत करने के बजाय दबाव और रोक लगाने की नीति अपना रही है। देशभर में हजारों छात्र प्रदर्शन कर रहे हैं। कई जगह छात्र स्कूल यूनिफार्म में सड़कों पर उतरे, जिससे यह संकेत मिल रहा है कि आंदोलन तेजी से फैल रहा है। इसके अलावा गृह मंत्री सुदन गुरंग पर लगे आरोपों ने भी सरकार की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

### जर्मन एयरलाइन लुफ्थांसा ने 20 हजार फ्लाइट रद्द की

**म्यूनिख।** जर्मनी की एयरलाइन लुफ्थांसा ने मई से अक्टूबर तक 20 हजार शार्ट-हाल फ्लाइट्स रद्द करने का फैसला लिया है। ईरान जंग के कारण यूरोप में जेट फ्यूल की कीमतें लगभग दोगुनी हो चुकी हैं। कंपनी के मुताबिक इससे करीब 40 हजार टन जेट फ्यूल की बचत होगी। कंपनी ने सोमवार से रोजाना करीब 120 उड़ानें घटाई हैं। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद रहने से तेल सप्लाई प्रभावित हुई और यूरोप में जेट फ्यूल सप्लाई की चिंता बढ़ी है। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने चेतावनी दी है कि यूरोप के पास केवल 6 हफ्तों का जेट फ्यूल बचा है। जर्मन एयरलाइंस लुफ्थांसा ने गर्मियों के मौसम के अंत तक घाटे वाले रूट्स बंद करने का फैसला लिया है। लुफ्थांसा ने मंगलवार को कहा कि वह अपने छोटे रूट के नेटवर्क में बदलाव करके गर्मियों का फ्लाइट शेडयूल स्थिर रखेगी। कंपनी अप्रैल के आखिर या मई की शुरुआत में पूरी योजना जारी करेगी। कंपनी ने अपने नेटवर्क में बड़े बदलाव किए हैं। फ्रैंकफर्ट और म्यूनिख से घाटे वाले रूट बंद किए जा रहे हैं, जबकि ज्यूरिख, ब्रसेल्स और वियना से उड़ानें बढ़ाई जाएंगी।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से
M.B.B.S. ABROAD
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.

अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)